श्रीवीतरागाय नमः

नरक और स्वर्ग

लेखक :
श्रीभागचन्द जी महाराज

प्रकाशक
तपोनिधि श्रीफकीर चन्द जैन
स्मारक-समिति
टोहाना शहर (हिसार)

प्रकाशक :
तपोनिधि श्रीफकीर चन्द्र जैन

स्मारक समिति
टोहाना शहर (हिसार) हरयाणा

प्रवेश .
प्रथमावृत्ति, प्रति एक हजार

स० १९७० मूल्य दो रुपया

मुद्रक :
देवदत्त शास्त्री विद्याभास्कर
विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध सस्थान
साधु आश्रम होशियारपुर ।

समर्पण

किसको ?

पूज्य गुरुदेव कोमल स्वभाव, मातृ-हृदय मनोहर वक्ता

श्रीटेकचन्द् जी महाराज

के

कर कमलों

मे

सादर समर्पित

नरक और स्वर्ग

पुस्तक

—मुनि भागचन्द

को मिठाई, दूध तो क्या खट्टी लस्सी, (छाछ) रोटी भी नसीब न हो। पढाई के लिए पुस्तक भी न मिले। साम्यवाद का फारमूला बहुत अच्छा है कि बाट कर खाओ। फालतू जमा मत करो। लेकिन आज के साम्यवाद मे दो बुराईया आ गई हैं। हिंसा मे विश्वास और पुण्य-पाप, नर्क-स्वर्ग से इन्कार।

खैर कम्युनिस्ट तो नास्तिक है ही किन्तु आश्चर्य तो उन लोगो पर है जो दम तो भरते हैं आस्तिकता का किन्तु स्वर्ग नरक को मानते नही। जो पक्के आस्तिक हैं वह स्वर्ग नरक को अच्छी तरह मानते है उनको नास्तिक कह देते हैं। स्वर्ग नरक को न मानते हुए भी अपने आप को आस्तिक होने का दावा करते हैं। वही बात हुई —'है तो काली कुदर्शनी दावा करे अप्सरा या जयपुर की महारानी गायत्रीदेवी होने का आर्य समाजी स्वर्ग नरक के स्थान विशेष को नहा मानते यानि परलोक मे विश्वास नही करते फिर भी आस्तिक होने का ठेका लिये हुये हैं। जैनियों को नास्तिक कहते सकोच नही करते जो पुण्य-पाप लोक-परलोक मे अटूट विश्वास रखते हैं।

जैन तो परलोक को मानते ही हैं पाणिनीय ऋषि भी परलोक मे विश्वास रखते थे जिसने आस्तिक नास्तिक का फेसला करते हुए अपने अष्टाध्यायी पाणनीय व्याकरण में आस्तिक नास्तिक का स्वरूप इस प्रकार किया है।

"आस्ति नास्ति दिष्ट मति" ४।४।६० सिद्धान्त कोमुदी तद्धित ठगा धिकार। तदस्त्यस्येत्मेव आस्ति परलोक इत्मेवे मतिर्यस्य स आस्तिक। नास्तीति मतिर्यस्य सह नास्तिक अर्थात जिसका परलोक मे विश्वास है वह आस्तिक है। और परलोक मे जिसका विश्वास नही है वह नास्तिक है।

आस्तिक नास्तिक शब्द का अर्थ श्री हेमचन्द्र आचार्य ने इस प्रकार किया है।

"नास्ति पुण्यं पापमिति मति रस्य नास्तिक" पुण्य पाप नही है ऐसा जिसका विश्वास है वह नास्तिक है। सूत्र कृताग मे बतलाया गया है "नत्थि पुण्णे व पावे वा नत्थि लोऐ इतो वरे सरीरस्स विणासेण विणासो होई देहिणो',

पुण्य और पाप नही है इस लोक से दूसरा लोक नही है शरीर के नाश से आत्मा का नाश भी होता है ऐसा नास्तिक मानते हैं। वाम मार्गाय तो घोर नास्तिक हैं। वह तो धर्म पुण्य कुछ नही मानते उनका तो यही नारा है की यह लोक मीठा परलोक किसने दीठा (देखा) इसलिये खाओ पीओ मोज उडाओ। नरक स्वर्ग यह सब भ्रम है। यही सब कुछ है। आगे कुछ नही आने जाने वाला। यह लोग प्रत्यक्षवादी हैं परोक्ष को नही मानते। यह उनकी भ्रान्ति मात्र है प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनो मानने पडते है। क्या समुन्द्र के दोनों किनारो को कौन नही मानता चाहे आस्तिक हो चाहे नास्तिक हो सभी मानते हैं। जो एक किनारे को तो माने दूसरे किनारे (साहिल) को न माने तो उसे समझदार नही कह सकते पागल ही कहेंगे जो दोनों किनारो को ही न माने वह तो पागलों का सरदार ही कहा जा सकता है। जो यह माने कि यह लोक परलोक सब मिथ्या है स्वप्न है वेदान्त का यह नारा हैं। जो ऐसा समझ लेते हैं कि स्वर्ग नरक या पुण्य पाप का फल नही है वह उस भोले कबूतर की तरह हैं जो कि बिल्ली के आने पर आख बन्द कर लेता है।

धार्मिक कहलाने वाली तीन समाजें ऐसी है जो कि नास्तिकता का चोला पहने हुए हैं तीनो ही समाज नरक स्वर्ग को नही मानती वे हैं ब्रह्म समाज, देव समाज और आर्य

को मिठाई, दूध तो क्या खट्टी लस्सी, (छाछ) रोटी भी नसीब न हो। पढाई के लिए पुस्तक भी न मिले। साम्यवाद का फारमूला बहुत अच्छा है कि बाट कर खाओ। फालतू जमा मत करो। लेकिन आज के साम्यवाद मे दो बुराईया आ गई है। हिंसा मे विश्वास और पुण्य-पाप, नर्क-स्वर्ग से इन्कार।

खैर कम्युनिस्ट तो नास्तिक है ही किन्तु आश्चर्य तो उन लोगो पर है जो दम तो भरते हैं आस्तिकता का किन्तु स्वर्ग नरक को मानते नही। जो पक्के आस्तिक हैं वह स्वर्ग नरक को अच्छी तरह मानते है उनको नास्तिक कह देते हैं। स्वर्ग नरक को न मानते हुए भी अपने आप को आस्तिक होने का दावा करते हैं। वही बात हुई —'है तो काली कुदर्शनी दावा करे अप्सरा या जयपुर की महाराणी गायत्रीदेवी होने का आर्य समाजी स्वर्ग नरक के स्थान विशेष को नहा मानते यानि परलोक मे विश्वास नही करते फिर भी आस्तिक होने का ठेका लिये हुये हैं। जैनियो को नास्तिक कहते सकोच नही करते जो पुण्य-पाप लोक-परलोक मे अटूट विश्वास रखते हैं।

जैन तो परलोक को मानते ही हैं पाणिनीय ऋषि भी परलोक मे विश्वास रखते थे जिसने आस्तिक नास्तिक का फेंसला करते हुए अपने अष्टाध्यायी पाणनीय व्याकरण में आस्तिक नास्तिक का स्वरूप इस प्रकार किया है।

"आस्ति नास्ति दिष्ट मति" ४।४।६० सिद्धान्त कोमुदी तद्धित ढगा धिकार। तदस्त्यरयेत्मेव आस्ति परलोक इत्मेवे मतिर्यस्य स आस्तिक। नास्तीति मतिर्यस्य सह नास्तिक अर्थात जिसका परलोक मे विश्वास है वह आस्तिक है। और परलोक मे जिसका विश्वास नही है वह नास्तिक है।

आस्तिक नास्तिक शब्द का अर्थ श्री हेमचन्द्र आचार्य ने इस प्रकार किया है।

"नास्ति पुण्यं पापमिति मति रस्य नास्तिक" पुण्य पाप नही है ऐसा जिसका विश्वास है वह नास्तिक है । सूत्र कृतांग मे बतलाया गया है "नत्थि पुण्णे व पावे वा नत्थि लोऐ इतो वरे सरीरस्स विणासेण विणासो होई देहिणो',

पुण्य और पाप नही है इस लोक से दूसरा लोक नही है शरीर के नाश से आत्मा का नाश भी होता है ऐसा नास्तिक मानते हैं । वाम मार्गीय तो घोर नास्तिक हैं। वह तो धर्म पुण्य कुछ नही मानते उनका तो यही नारा है की यह लोक मीठा परलोक किसने दीठा (देखा) इसलिये खाओ पीओ मौज उडाओ । नरक स्वर्ग यह सब भ्रम है । यही सब कुछ है । आगे कुछ नही आने जाने वाला । यह लोग प्रत्यक्षवादी हैं परोक्ष को नही मानते । यह उनकी भ्रान्ति मात्र हैं प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनो मानने पडते है । क्या समुन्द्र के दोनों किनारो को कौन नही मानता चाहे आस्तिक हो चाहे नास्तिक हो सभी मानते हैं । जो एक किनारे को तो माने दूसरे किनारे (साहिल) को न माने तो उसे समझदार नही कह सकते पागल ही कहेगे जो दोनों किनारो को ही न माने वह तो पागलों का सरदार ही कहा जा सकता है । जो यह माने कि यह लोक परलोक सब मिथ्या है स्वप्न है वेदान्त का यह नारा हैं। जो ऐसा समझ लेते हैं कि स्वर्ग नरक या पुण्य पाप का फल नही है वह उस भोले कबूतर की तरह हैं जो कि बिल्ली के आने पर आख बन्द कर लेता है ।

धार्मिक कहलाने वाली तीन समाजें ऐसी है जो कि नास्तिकता का चोला पहने हुए हैं तीनों ही समाज नरक स्वर्ग को नही मानती वे हैं ब्रह्म समाज, देव समाज और आर्य

समाज । ब्रह्म समाज देव समाज, तो ईश्वर को भी नही मानती नरक स्वर्ग तो क्या मानना था । हा आर्य समाज नरक स्वर्ग तो नही मानते ।किन्तु ईश्वर के पीछे जरूर पडे हुए है इसके दिवाने है । पता नही ईश्वर उनका क्या हल चलाता है या चूल्हा चौका करता है देखा नही कुछ करते । ईश्वर की दुहाई तो बहुत देते है ईश्वर बहुत कुछ करता है मगर करता कराता कुछ नही । नरक का अर्थ दु ख विशेप और स्वर्ग का अर्थ सुख विशेप जैन दर्शन और आर्यसमाज दोनो यही मानते है. । जहा दु ख अधिक है वहा नरक है, जहा सुख ज्यादा है वहा स्वर्ग है । यहा तक तो आर्य समाज जैन समाज मे कोई मत भेद नहीं । मत भेद है तो सुख दु ख भोगने के स्थान का है । स्थान विशेष को मानने न मानने का है । आर्य समाज तो क्या और भी बहुत से लोग नही मानते वैसे ईसाई मुसलमान भी स्वर्ग नरक को मानते हैं । मुसलमानो मे नरक के नाम आते हैं । दोजख और जन्नहुम और स्वर्ग के नाम भी आते है जन्नत भीश्त फरदोस खुलद और (वाईबल) मे (Hell) और स्वर्ग के भी दो नाम आते हैं (Heaven and paradies) यह वात दूसरा है कि उनको नरक स्वर्ग का विशेष ज्ञान नही लेकिन मानते जरूर हैं । बहुत से यह मानते हैं कि हमारी यही के जीवन की पारिवारिक समस्याएँ आर्थिक समस्याए, नही सुलझ पाती । हम स्वर्ग नरक के सशय मे क्यो उलझें । नरक स्वर्ग होगा हमने क्या लेना । किन्तु जब तक जीवन है समस्याएँ तो रहेगी । जिन्होंने यहा अपना जीवन स्वर्ग जैसा बना लिया उनको आगे भी स्वर्ग मिलेगा । जिन्होंने अपना जावन द्वेष की अग्नि मे, हिंसा की अग्नि मे जला रखा है । उनको नरक ही मिलना है और क्या मिलेगा । वैसे यहा नरक स्वर्ग तो

नही। नरक स्वर्ग का नमूना यहा जरूर है। नरक की निशानी यह है कि —

"घी पुराना धान नया घर कलिहारी नार।
चौथे मैले कपडे नरक निशानी चार।।"

स्वर्ग की निशानी यह है —

घी नया धान पुराना घर कुलवन्ती नार।
चौथे पुत्र खेले आगन मे स्वर्ग निशानी चार॥

यानि जिसके घर मे पता ही नही कितने महीने सालो का बदबूदार घी है। अनाज उसी वक्त डिपू मे से लाना उसी वक्त खाना। वो भी कभी मिले कभी नही मिले। घर मे औरत ऐसी लडाकी, कर्कश कठोर स्वभाव की, रोटी सुख से नही खाने देती और कपडे ऐसे मैले कुचैले बदबू वाले है कि पास मे बैठा न जाए। या दूसरे घर मे पाच सात लडकिया। सिर पर कर्जा है आमदनी ५ की खर्च १० का है। और जीवन को बीमारीयो ने घेर रखा है जैसे शुगर, बवासीर, दमा, खासी और कैन्सर आदि नरक तो नही नरक जैसा मानसिक शारीरिक दुख भोग रहे हैं। और भी कहावत है —

जिसने नही देखे यम, वह देखे सिपाही और नहग।

स्वर्ग का नमूना यह है कि जिसके घर मे ताजा घी, मक्खन, दूध, मलाई, अनाज के कोठे भरे हैं और पढी लिखी आज्ञाकारी स्नेहमयी सुन्दर स्त्री हैं। और आगन मे सुन्दर लडके लडकियां खेलते हैं। यह स्वर्ग की चार निशानी हैं और भी एअर कडीशन के शानदार बगले हैं कारे है बहारे है दलकश नजारे हैं दूध देने वाली भैंसे हैं बैंक बैलस हैं, शरीर स्वस्थ और सुन्दर है। समाज में मान प्रतिष्ठा है। असली स्वर्ग तो नही लेकिन स्वर्ग जैसा

नजारा है ऐसे दु ख के स्थान नरक और सुख विशेप के स्थान स्वग मे कौन-कौन से कम करके जाते है जीव।

नरक के चार कारण है। महा आरम्भ, महा परिग्रह पञ्चेन्द्रिय जीव का वध और मासाहार। स्वर्ग मे जाने के चार कारण हैं।

साधु और श्रावक धर्मो का पालन करने से अज्ञान पूर्वक तप करने से, अज्ञान कष्ट से, अनिच्छा से शील पालने से।

नरक और स्वग मे जाना दो ही शब्दो मे भगवान कहते है।

पाप करने से नरक और धर्म का पालन करने से स्वर्ग। जैसे वेद व्यास जी ने अठारह पुरानो का सार दो ही शब्दो को कह डाला है।

दूसरो पे उपकार करना पुण्य और दूसरो को दु ख पीडा देना पाप-पाप का फल कडवा है पुण्य का फल मधुर है। इस पुस्तक के लिखने का क्या प्रयोजन था। आज के इन्सान स्वर्ग नरक की बात पर कम विश्वास रखते है। नरक स्वर्ग का विश्वास दिलाने के लिए यह पुस्तक लिखी गई है। जो लोग पशु हत्या करने और मास खाने मे लगे हुए है। उनको कुछ प्रकाश मिल सके। पशु हत्या करना मास खाना छोड दें। मेरा तो यह विश्वास है कि नास्तिक से नास्तिक करूतम से क्रूर व्यक्ति भी एक बार पुस्तक पढ जाएगा। उसके सामने नरक का रोमाचकारी चित्र जरूर घूम जायेगा। वह जरूर सोचने पर मजबूर होगा कि हिंसा करने और मास खाने से इतना भयकर फल होता है हो सकता है कि मोटी क्रूर हिंसा करनी छोड दे। सूक्ष्म हिंसा तो छूट नही सकती इस जीवन में किसी से भी। क्योंकि जब तक तीनो योगो का स्पन्दन

व्यापार चलता है । हिंसा का तार जुडा ही रहेगा । क्रिया का प्रवाह जारी रहेगा । तेहरवे गुणस्थान तक भले ही वो क्रिया पुण्य रूप सुख रूप क्यो न हो। हिंसा का तार टूटेगा चौहदवें गुण स्थान मे पहुच कर। वहा पर पूर्ण अहिंसा का रूप सामने आता है । इस जीवन मे मोटी हिंसा छूट जाए। यही बहुत कुछ हैं इस पुस्तक का यही उद्देश्य है लिखने का ।

प्रस्तुत पुस्तक मे पहले नरक के नाम स्थान फिर नरक के दुखो का सजीव चित्र खेंचा गया है। जो पढने से पता चलेगा यह पहला डारक पहलू है पुस्तक का इस के बाद फिर स्वर्ग के नाम विमान स्वर्गो के सुखो का उजला पहलू दृष्टिगत होगा पढने वालो को हो सकता है । पढने वालो के मन के सागर मे विचार तिरगें उठने लगेंगी कि हम भी ऐसे अनुपम सुख के स्थान स्वर्ग मे जाने के काम करे । जिसे स्वर्ग के सुख प्राप्त हो सकें। इस पुस्तक मे पाप की आलोचना न करने और करने का कटूक और मधुर फल दिखाया गया है। पहले भवन पति वाण व्यन्तरो के स्थानों और सुखो का हाल लिखा है। आगे ज्योतिषियो का सुखोप भोग के सुख का दृष्टान्त देकर बताया गया है फिर छबीस देवलोको का मनोरम अनुपम सुखो का कथन किया गया है इस प्रकार नरक और स्वर्ग की पुस्तक लिखी गई है। शास्त्रो से सग्रह करके पहले पाठ और अर्थ दोनो लिखे गये हैं बाद मे केवल भावार्थ ही लिखा गया है। पुस्तक अधिक बडी न हो जाये बडे बडे ग्रन्थों को पढने का समय कहा है आज के व्यस्त व्यक्तियो के पास पहले घर मे एक कमाता था सारा कटुम्ब खाता था। अब सारा परिवार कमाता है तब भी पूरा नही पडता है। इसके दो कारण हैं, एक फजूल खर्ची और दूसरे महगाई। ज्योतिषियो के राजा चन्द्रमा के बारे मे

नरक और स्वर्ग

नाम

की पुस्तक के छपाने मे द्रव्य दाताओ का
सूची इस प्रकार है।

२१) दिलबागराय जैन हासी वाले ।
३१) बखशीराम भगवानदास जालधर वाले ।
३४) डा० पवनकुमार जैन धुरीभशोड वाले।
१००) कलावती जैन धर्मपत्नी बाबू सोहनलाल जैन लुधियाना वाले।
१००) चौ० दलीपचद जैन बजाज खरेन्टी वाले चडीगढ़।
१००) ला० मुनशीराम दिवानचद जैन लुधियाना वाले।
१००) ला० वेदप्रकाश जैन नोहरयाबाग लुधियाना।
१००) विद्यादेवी जैन धर्मपत्नी ला० प्यारेलाल नेताराम गुलाब भ्राड लुधियाना।
१००) दानवीर ला० कोटुमल राजकुमार जैन लुधियाना।
१००) सेठ अछरुमल प्रकाशचन्द जैन पटियाला।
१००) ला० ज्ञानचन्द चमनलाल जैन सच्ची दुकान मालेर-कोटला लन्दन से सुरीन्द्रा कुमारी की शादी की खुशी मे।
१००) मदनलाल ईशवरदास जैन मालेरकोटला।

२१) ड्राइंग मास्टर हेमराजजी जैन मालेरकोटला।

२१) ला० वचनामल जैन ओसवाल मालेरकोटला।

५१) चौ० श्रीराम सराफ मालेरकोटला।

१०१) गुण माला जैन धर्मपत्नी बाबु राममूर्ति लोहेवाले मालेरकोटला।

१००) ला० रामधारी जैन लोहे वाले मालेर कोटला।

१००) सीतादेवी जैन धर्म पत्नी बाबू हकूमतराय जैन बैंक मनेजर सुनाम वाले।

१०१) संतोषकुमारी जैन सुपुत्री बाबू निरंजनदास जैन मूनक वाले।

१०५) भक्त वेदप्रकाश जैन सुपत्र देवकीदेवी जैन मालेरकोटला।

जिन सज्जनों ने इस पुस्तक के लिए
दान दिया है मैं उनका
हार्दिक धन्यवाद
करता हूँ।

सेक्रेटरी एस एस जैन-सभा
मालेरकोटला

प्रेरणा दायक

श्री सन्त सेवक
श्री मेहरचन्द जैन
होशियारपुर

नरक और स्वर्ग

(उत्तराध्ययन सूत्र, अ० ३६)

नेरइया सत्तविहा, पुढवीसु सत्तेसु भवे।
रयणाभसक्कराभा, वालुयाभा य आहिया ॥१५६॥

पकाभा धूमाभा, तमा तमतमा तहा ।
इइ नेरइया एए, सत्तहा परिकित्तिया ॥१५७॥

अर्थ—रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, बालुप्रभा, पकप्रभा, धूमप्रभा, तमप्रभा और तमतमाप्रभा इन सात पृथ्वियो मे रहने वाले नैरयिक जीव सात प्रकार के हैं।

लोगस्स एगदेसम्मि, ते सव्वे उ वियाहिया।
इतो कालविभाग तु, तेसिं वुच्छ चउव्विह ॥१५८॥

अर्थ—ये सभी नारक जीव, लोक के एक विभाग मे रहते है, अब काल की अपेक्षा इनके चार भेद कहता हूँ।

संतइ पप्पऽणाईया, अपज्जवसिया वि य।
ठिइं पडुच्च साईया, सपज्जवसिया वि य ॥१५९॥

अर्थ—काल प्रवाह की अपेक्षा नारक आदि-अन्तरहित है और स्थिति की अपेक्षा आदि-अन्त सहित हैं।

सागरोवममेग तु, उक्कोसेण वियाहिया ।
पढमाइ जहन्नेण, दसवाससहस्सिया ॥१६०॥

अर्थ—पहली नारकी मे स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट एक सागरोपम की है ।

तिण्णेव सागरा ऊ, उक्कोसेण वियाहिया ।
दुच्चाए जहन्नेणं, एग तु सागरोवम ॥१६१॥

अर्थ—दूसरी नरक मे स्थिति जघन्य एक सागरोपम और उत्कृष्ट तीन सागरोपम की है ।

सत्तेव सागराऊ उक्कोसेण वियाहिया ।
तइयाए जहन्नेण, तिण्णेव सागरोवमा ॥१६२॥

अर्थ—तीसरी नरक मे आयु-स्थिति जघन्य ३ सागर की और उत्कृष्ट सात सागर की ।

दस सागरोवमा ऊ, उक्कोसेण वियाहिया ।
चउत्थीए जहन्नेण, सत्तेव सागरोवमा ॥१३३॥

अर्थ—चौथी नरक मे स्थिति जघन्य सात सागर, उत्कृष्ट १० सागर की ।

सत्तरससागरा, ऊ उक्कोसेण वियाहिया ।
पचमाए जहन्नेण, दस चेव सागरोवमा ॥१६४॥

अर्थ—पाचवी नरक मे जघन्य १० सागर, उत्कृष्ट १७ सागर, की है ।

बावीससागरा ऊ उक्कोसेण वियाहिया ।
छट्ठीए जहन्नेण, सत्तरस सागरोवमा ॥१६५॥

अर्थ—छठी नरक मे जघन्य १७ सागर, उत्कृष्ट २२ सागर की ।

तेतीससागरा ऊ, उक्कोसेण वियाहिया ।
सत्तमाए जहन्नेण, बावीस सागरोवमा ॥१६८॥

अर्थ—सातवी नरक मे जघन्य २२ सागर, उत्कृष्ट ३३ सागरोपम की ।

जा चेव आउठिई, नेरइयाणं वियाहिया ।
सा तेसिं कायठिई, जहन्नुक्कोसया भवे ॥१६९॥

अर्थ—नारक जीवो की जितनी आयु, स्थिति है, उतनी ही जघन्य या उत्कृष्ट काय-स्थिति है ।

अणंतकालमुक्कोसं, अंतोमुहुत्तं जहन्नयं ।
विजढम्मि सए काए, नेरइयाणं तु अन्तरं ॥१७०॥

अर्थ—नारक जीव, स्वकाय छोड कर पुन नारक हो तो इसका अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल का है।

एएसिं वण्णओ चेव, गंधओ रसफासओ ।
संठाणदेसओ वा वि, विहाणाइं सहस्ससो ॥१७१॥

अर्थ—इनके वर्ण, गंध, रस, स्पर्श और संस्थान की अपेक्षा हजारो भेद होते है ।

अब पढिये महावैरागी मृगापुत्र की अपनी आपबीती नरको की दुःख भरी कहानी अपने परम पूज्य माता पिता के आगे कही उसकी अपनी जबानी ।

(उत्तराध्ययनसूत्र, अध्ययन १९)

जहा इहं अगणी उण्हो, इत्तो अणंतगुणो तहिं ।
नरएसु वेयणा उण्हा, अस्साया वेइया मए ॥४८॥

तेत्तीससागरा ऊ, उक्कोसेण वियाहिया ।
सत्तमाए जहन्नेण, बावीसं सागरोवमा ॥१६८॥

अर्थ—सातवी नरक मे जघन्य २२ सागर, उत्कृष्ट ३३ सागरोपम की।

जा चेव आउठिई, नेरइयाण वियाहिया ।
सा तेसिं कायठिई, जहन्नुक्कोसया भवे ॥१६९॥

अर्थ—नारक जीवो की जितनी आयु, स्थिति है, उतनी ही जघन्य या उत्कृष्ट काय-स्थिति है।

अणतकालमुक्कोस, अन्तोमुहुत्तं जहन्नय ।
विजढम्मि सए काए, नेरइयाण तु अन्तर ॥१७०॥

अर्थ—नारक जीव, स्वकाय छोड कर पुन नारक हो तो इसका अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल का है।

एएसिं वण्णओ चेव, गधओ रसफासओ ।
सठाणदेसओ वा वि, विहाणाइ सहस्ससो ॥१७१॥

अर्थ—इनके वर्ण, गध, रस, स्पर्श और सस्थान की अपेक्षाह जारो भेद होते है।

अब पढिये महावैरागी मृगापुत्र की अपनी आपबीती नरको की दु ख भरी कहानी अपने परम पूज्य माता पिता के आगे कहीउ सकी अपनी जवानी।

(उत्तराध्ययनसूत्र, अध्ययन १९)

जहा इह अगणी उण्हो, इत्तो अणतगुणो तहिं ।
नरएसु वेयणा उण्हा, अस्साया वेइया मए ॥४८॥

अर्थ—यहा अग्नि मे जितनी उष्णता है, उससे अनन्त गुणी उष्णता नरको मे है। मैंने उस कष्टदायक वेदना को सहन किया है।

जहा इह इम सीय, इत्तोअणतगुणो, तहि।
नरएसु वेयणा सीया, अस्साया वेइया मए॥४६॥

अर्थ—यहा जैसा शीत है, उससे अनन्त गुणा शीत नरको मे है। उस असाता वेदना को मैंने सहन किया है।

कन्दन्तो कदुकुभोसु, उड्ढपाओ अहोसिरो।
हुयासणे जलन्तम्मि, पक्कपुव्वो अणतसो॥५०॥

अर्थ—मुझे आक्रन्द करते हुए को कुन्दु कुम्भियो मे ऊँचे पैर और नीचे सिर करके पहले अनन्त बार पकाया गया।

महादवग्गिसकासे, मरुम्मि वइरवालुए।
कलववालुयाए य, दड्ढपुव्वो अणतसो।५१॥

अर्थ—महादावाग्नि के समान तथा मरु देश की बालुका के समान वज्र बालुका मे और कदम्ब नदी की बालुका मे मुझे अनन्त बार जलाया गया॥

रसतो कदुकुभीसु, उड्ढ बद्धोअबधवो।
करवत्तकरकयाईहिं, छिन्नपुव्वो अणन्तसो॥५२॥

अर्थ—स्वजनो से रहित आक्रन्द करते हुए मुझे, कुन्दुकुम्भी मे ऊँचा बाधकर, करवत और क्रकचो से पूर्वभवो मे अनन्त बार छेदन भेदन किया॥

अइतिक्खकटगाइण्णे तुगे सिंबलिपायवे।
खेवियं पासबद्धेणं, कड्ढोकड्ढाहिं दुक्कर॥५३॥

अर्थ—अत्यन्त तीखे काटो वाले ऊँचे शाल्मली वृक्ष पर मुझे बन्धन से बाध दिया और काटो पर इधर उधर खीचा। इस प्रकार मैंने कष्टो को सहन किया।

महाजतेषु उच्छू वा, आरसतो सुभेरव
पीडिओ मि सकम्मेहिं, पावकम्मो अणतसो ॥५४॥

अर्थ—अपने अशुभ कर्मो के कारण मुझे पापकर्मों की अत्यन्त रौद्रता से महायन्त्रो मे डालकर इक्षु (गन्ना) की तरह पेरा गया।

कूवतो कोलसुणएहि, सामेहिं सबलेहि य ।
पाडिओ फालिओ छिन्नो, विप्फुरतो अणेगसो ॥५५॥

अर्थ—आक्रन्द करते हुए और इधर उधर भागते हुए मुझे कुत्तो और सूअरो रूपी श्याम और शबल परमाधामियो से नीचे गिराया और फाडा तथा छेदा।

असीहिं अयसिवण्णेहिं, भल्लीहिं पट्टिसेहि य ।
छिन्नो भिन्नो विभिन्नो य, उववण्णो पावकम्मुणा ॥५६॥

अर्थ—मैं पाप कर्मो से नरक मे उत्पन्न हुआ और अलसी के वर्ण जैसी तलवारो, भालो और पट्टीश शस्त्रो से छेदन भेदन किया और टुकडे टुकडे किया गया।

अवसो लोहरहे जुत्तो, जलते समिलाजुए ।
चोइओ तत्त जुत्तेहिं, रोज्मो वा जह पाडिओ ॥५७॥

अर्थ—मुझ परवश पडे हुए को जलते हुए समिला युक्त लोहे के रथ मे जोता, फिर चाबुक और जोतो से मारकर हाँका तथा रोज की तरह भूमि पर गिराया।

हुयासणे जलतम्मि, चियासु महिसो विव ।
दड्ढो पक्को य अवसो, पावकम्मेहिं पाविओ ॥५८॥

अर्थ—पाप कर्म से परवश बने हुए मुझ पापी को अग्नि से जलती हुई चिताओ मे, भैसे की तरह जलाया और पकाया गया ।

बला सडासतुडेहिं, लोहतुडेहिं पक्खिहिं ।
विलुत्तो विलवतोहं, ढकगिद्धेहिं अणतसो ॥५९॥

अर्थ—मुझ रोते हुए को बल पूर्वक सडासी जैसे और लोहे के समान कठोर मुह वाले ढक और गिद्ध पक्षियो द्वारा अनन्त बार छिन्न भिन्न किया गया ।

तण्हाकिलतो धावतो, पत्तो वेयरणि नई ।
जल पाहिं त्तिचिंततो, खुरधाराहिं विवाइओ ॥६०॥

अर्थ—मे प्यास से अत्यन्त पीडित होकर जल पीने की इच्छा से दौडता हुआ वैतरनी नदी पर पहुचा । वहाँ उस्तरे की धारा के समान नदी की धारा से मेरा विनाश हुआ ।

उण्हाभितत्तो सपत्तो, असिपत्त महावण ।
असिपत्तेहिं पडते हिं, छिन्नपुव्वो अणेगसो ॥६१॥

अर्थ—मैं गर्मी से घबराया हुआ असिपत्र महावन मे गया किन्तु तलवार के समान पत्तो के गिरने से अनेक वार छिन्न-भिन्न हुआ ।

मुग्गरेहिं मुसुढीहिं सूलेहिं मूसले हि य ।
गयास भग्गगत्तेहिं, पत्त दुक्ख अणतसो ॥६२॥

अर्थ—मुद्गरो, मुसढियो, त्रिशूलो, मूसलो और गदा से मेरे गात्रो का भेदन किया । मैंने ऐसा दु ख अनन्त बार पाया ।

खुरेहिं तिक्खधाराहिं, छुरियाहिं कप्पणीहि य ।
कप्पिओ फालिओ छिन्नो, उक्कित्तो य अणेगसो ॥६३॥

अर्थ—मैं अनेक बार कतरणियो से कतरा गया । छुरियो से चीरा गया और मेरी चमडी उतार दी गई ।

पासेहिं कूडजालेहिं, मिओ वा अवसो अहं ।
वाहियो बद्ध रुद्धो य, बहुसो चेव विवाइओ ॥६४॥

अर्थ—मृग की तरह परवश पडा हुआ मैं धोखे से पाशो और कूट जालो मे बाँधा गया, रोका गया और मारा गया ।

गलेहिं मगरजालेहिं, मच्छो वा अवसो अहं ।
उल्लिओ फालिओ गहिओ, मारिओ य अणतसो ॥६५॥

अर्थ—मैं परवश होकर वडिश यन्त्र से और मगर जाल से मच्छी की तरह खींचा गया, फाडा, पकडा और मारा गया ।

विदसएहिं जालेहिं, लिप्पाहिं सउणो विव ।
गहिओ लग्गो य बद्धो य, मारिओ य अणतसो ॥६६॥

अर्थ—बाज पक्षियो से, जालो से और लेपो से, पक्षी की तरह मैं अनन्त बार पकडा गया, चिपटाया गया, बाधा गया और मारा गया ।

कुहाडफरसुमाईहिं, वड्ढईहिं दुमो विव ।
कुट्टिओ फालिओ छिन्नो, तच्छिओ य अणतसो ॥६७॥

अर्थ—मैं सुथार रूपी देवो से कुल्हाडे, फरसे आदि से वृक्ष की तरह अनन्त बार फाडा गया, छीला गया और टुकडे-टुकडे कर दिया गया ।

चवेडमुट्ठिमाईहिं, कुमारेहिं अयं विव ।
ताडिओ भिन्नो कुट्टिओ, चुण्णिओ य अणतसो ॥६८॥

अर्थ—जिस प्रकार लोहार लोहे को कूटते हैं। उसी प्रकार मैं ना थप्पड़ मुट्ठी आदि से अनन्त बार पीटा गया कूटा गया, भेदा गया और चूर्ण के समान पीस डाला गया।

तत्ताइ तवलोहाइ, तउयाइ सीसगाणि य।
पाइओ कलकलंताइं, आरसंतो सुभेरव॥६९॥

अर्थ—बहुत जोर से अरडाट करते हुए मुझे कलकल शब्द करता हुआ तप्त ताम्बा, लोहा, रांगा, और शीशा पिलाया गया।

तुहं पियाइ मंसाइ, खंडाइ सोल्लगाणि य।
खाविओ मि समंसाइ, अग्गिवण्णाइ अणेगसो॥७०॥

अर्थ—"तुझे मांस प्रिय था"-ऐसा कहकर मेरे शरीर का मांस काटकर, उसे भूनकर, अग्नि के समान करके मुझे अनेक बार खिलाया।

तुहं पिया सुरा सीहा, मेरओ य महूणि य।
पाइओ मि जलंतीओ, वसाओ रुहिराणि य॥७१॥

अर्थ—तुझे ताड वृक्ष से, गुड से और महुए आदि से बनी हुई मदिरा प्रिय थी"-यों कहकर मुझे जलती हुई चर्बी और रुधिर पिलाया गया।

निच्चं भीएण तत्थेण दुहिएण वहिएण य।
परमा दुहसंबद्धा, वेयणा मए॥७२॥

अर्थ—मैंने सदा भयभीत उद्विग्न, दुःखित और व्यथित बने हुए अत्यन्त दुःखपूर्ण वेदना सहन की।

तिव्वचंडप्पगाढाओ, घोराओ, अइदुस्सहा।
महाब्भयाओ भीमाओ, नरएसु वेदिता मए॥७३॥

अर्थ—मैंने नरको मे प्रचण्ड तीव्र, गाढ, घोर, भीम, अत्यन्त दुस्सह और भयवाली वेदना सहन की है ।

जारिसा मानुसे लोए, ताया दीसति वेयणा ।
इत्तो अणंतगुणिया, नरएसु दुक्खवेयणा ॥७४॥

हे माता, हे पिता ! मनुष्य लोक मे जैसी वेदना दिखाई देती है उससे अनन्त गुणी दु ख रूप वेदना नरको मे है ।

—:o:—

पाँचवां अध्ययन

सुया मे नरए ठाणा, असीलाण च जा गई, ।
बालाण कूरकम्माण, पगाढ़ा जत्थ वेयणा ॥

अर्थ—हे जम्बू ! मैंने नरक स्थानो के विषय मे सुना है और दु शीलो की गति भी सुनी है । नरक मे क्रूरकर्मी अज्ञानियो को तीव्र वेदना होती है ।

तत्थोववाइय ठाण, जहा मेयमणुस्सुय,
आहाकम्मेहिं गच्छतो, सो पच्छा परितप्पई ।

अर्थ—मैंने सुना है कि अपने अशुभ कर्मों के अनुसार नरक के दु खमय स्थान मे जाता हुआ जीव बाद मे पश्चात्ताप करता है ॥

अब नरक की रोमाचकारी महावेदना की भयकर लम्बी कहानी पढिये भगवान् महावीर की वाणी ।

मूल—पुच्छिस्सऽहं केवीलय मेहसिं,
कहं भितावाणरगा पुरत्था

हिंसा और मिथ्या भाषण आदि कर्म करते हैं वे ऐसे प्राणी तीव्र पाप के उदय मे वर्तमान होकर अत्यन्त भयानक एव जहाँ अपने नेत्र से अपना शरीर भी नही देखा जा सकता है तथा अवधि ज्ञान के द्वारा भी दिन मे उल्लूक पक्षी की तरह जहा थोडा-थोडा देखा जाता है। ऐसे भयकर अधकार युक्त नरक मे गिरते है इस विषय मे आगम का कहना भी यह है (किण्हलेसेण भते) अर्थात हे भदन्त कृष्णलेश्यावाला नारकीय जीव कृष्णलेश्या वाले नारकि जीव को अवधिज्ञान के द्वारा चारो तरफ देखता हुआ कितने क्षेत्र तक देखता है। (उ) हे गौतम। बहुत क्षेत्रतक नही जानता तथा बहुत क्षेत्र तक नही देखता। किन्तु थोडे ही क्षेत्र तक जानता है तथा थोडे ही क्षेत्र तक देखता है इत्यादि। तथा वह नरक तीव्र अर्थात् दु सह यानी खैर के अगार की महाराशि से भी अनन्त गुण अधिक ताप से युक्त है। ऐसे बहुत वेदना वाले नरको मे विषय सुख का त्याग न करने वाले गुरु कर्मी जीव पडते हैं। और वे वहा नाना प्रकार की वेदनाओ को प्राप्त करते है। कहा है कि—अच्छाड्डिय विसय सुही। अर्थात् जो आदमी विपय सुख को नही छोडता वह जिसमे आग की जलती हुई शिखा समूह विद्यमान है और जो ससार सागर का प्रधान दु ख का स्थान है। ऐसे नरक मे गिरता है। जिस नरक मे नारकीय जीवो की छाती को परम धार्मिक इस प्रकार पैर से कुचलते हैं कि वे मुख से रुधिर का गण्डूष फैंकते है तथा आरा के द्वारा चीर कर उनके शरीर दो भागो में विभक्त कर दिये जाते है जिस नारक मे भेदन किए हुए प्राणियो के कोलाहल से सब दिशायें परिपूर्ण हो जाती हैं तथा जलते हुए नारकीय जीवो की खोपडी और हड्डिया शब्द करती हुई उछलती हैं। जहा पीडा के कारण नारकीय जीव अत्यन्त चिल्लाते हुए शब्द करते हैं। तथा कडाहो मे भूनकर उनके पाप कर्म का फल दिया जाता हैं। एव शूल से वेधकर उनका शरीर ऊपर उठाया जाता है। जहा भयकर शब्द होता है। भयकर अधकार एव उत्कट दुर्गन्ध जहा विद्यमान है तथा नारकीय जीवो के बाधने का घर और जहा असह्य कष्ट दिया जाता

है। तथा कटे हुए हाथ पैर से मिला हुआ रक्त और चर्वी का दुर्गम प्रवाह है। जहा निर्दयता के साथ नारकीय जीवो का सिर काटकर सिर अलग और धड अलग फेंक दिया जाता है। तथा जलती हुई सडासी के साथ नारकीय जीवो की जीभ उखाड ली जाती है। जहा तीक्ष्ण नोक कांटेदार वृक्षो मे नारकीय जीवो का शरीर रगड कर जजर कर दिया जाता है। इस प्रकार जहा निमेषभर भी प्राणियो को सुख प्राप्त नही होता किन्तु लगातार दु ख होता रहता है। ऐसे भयकर नरको मे नाना प्रकार के प्राणियो का वध करने वाले मिथ्यावादी एव पाप राशि को उत्पन्न करने वाले जीव जाते है

तिव्व तसे पाणिणो थावरे य, जे हिंसती आयसुहपडुच्चा।
जे लूसय होइ अदत्तहारी, ण सिक्खती सेयवियस्सकिंचि॥

जो जीव महामोहनीय कर्म के उदय मे वर्तमान होकर अपने सुख के लिए अतिनिर्दयता के साथ रौद्रपरिणाम से हिंसा मे प्रवृत्त है तथा द्वीन्द्रिय आदि त्रस प्राणी और पृथ्वीकाय आदि स्थावर प्राणियो का हनन करता है। तथा जो नाना प्रकार के पापो से प्राणियो का उपमर्दन उपमर्द करता है एव अदत्ता हारी अर्थात् विना दिये दूसरे का द्रव्य हरण करता है एव अपने कल्याण के लिए सेवन करने योग्य तथा सज्जनो से सेवनीय सयम का थोडा भी सेवन नही करता है। आशय यह है कि पाप के उदय होने से जो काकमास आदि से भी विरत नही होता है।

पागब्भि पाणे बहुण तिवाति, अतिव्वतेघातमुवेति बाले
णिहो णिस गच्छति अतकाले, अहोसिर कट्टु उवेइ दुग्ग॥५॥

टीकार्थ—ढिठाई को प्राग्लभ्य कहते हैं जो पुरुष ढीठ है उसे प्रागल्भी कहते है। बहुत प्राणियो को अत्यन्त घात करने का जिसका स्वभाव है उसे अतिपाती कहते है। आशय यह है कि जो पुरुष प्राणियो के प्राण का नाश करता हुआ भी ढिठाई के कारण कहता है कि वेद मे विधान की

हुई हिंसा हिंसा नही है तथा राजाओ का यह कर्म है कि वे शिकार द्वारा अपना चित्त विनोद करते है अथवा मांस खाने, मद्य पीने आ मैथुन करने मे दोष नही है। क्योकि ये जीवो के स्वभाव सिद्ध है। परन्तु इनसे निवत होने का महान फल है इत्यादि तथा जो क्रूर और कृष्ण सप के समान स्वभाव से ही प्राणियो का घात करता है तथा जो कभी शान्त नही होता है अथवा जो पशुओ का वध और मत्स्य का वध करके अपनी जीविका करता है तथा जिसका मदा वध करने का परिणाम बना रहता है और जो कभी भी शान्त नही होता वह जीव, जिसमे अपने किये हुए कर्म का फल भोगने के लिए प्राणियो का घात स्थान यानी नरक मे जाता है । वह कौन है ? वह अज्ञानी है, वह राग और द्वेष के उदय मे वर्तमान ह वह मरण काल मे नीचे अन्धकार मे जाता है वह अपने किये पाप के कारण नीचे सिर करके भयकर यातना स्थान को प्राप्त होता है। वह नीचे सिर करके नरक मे पडता है।

हण छिदह भिदह्ण दहेति, सद्दे सुणित्ता परहम्मियाण,
ते नारगाओ भयभिन्नसन्ना, कखति कन्नामदिस वयामो।

अब नरक मे रहने वाले प्राणी जो दुख अनुभव करते है उसे दिखाने के लिए शास्त्र कार कहते हैं तिर्यंच और मनुष्य भव छोडकर नरक मे उत्पन्न प्राणी अन्तर मुहुत तक अडा से निकले हुए रोम और पक्ष रहित पक्षो की तरह शरीर उत्पन्न करते हैं। पीछे प्राय प्रयाप्ति भाव को प्राप्त करके वे अतिभयानक परमाधार्मिको का शब्द सुनते हैं जैसे कि इसे मुद्गर आदि से मारो इसे तलवार से छेदन करें इसे शूल आदि के द्वारा वेध करो इस मुर्मुर आदि के द्वारा जलाओ। इस प्रकार कानो को दुख देने वाले अति भयानक शब्दो को सुनकर वे नारकि भय से चचलनेत्र तथा नष्ट चित्तवृति होकर यह चाहते हैं कि हम किस दिशा को चले जाएँ अर्थात् कहा जाने से हम इस महाघोर दारुण दुख से रक्षा पा सकेंगे।

इगालरासिं जलेय सजोति, ततोवम भूमिमणुक्कमता।
ते डज्झमाणा कलुणं थणति, अरहस्सरा तत्थचिरट्टितीया।

अर्थ—जैसे जलती हुई खैर के अगारो की राशि होती है इस अगार राशि के तुल्य नरक की पृथ्वी पर तपते हुए और उसमे जलते हुए नारकि जीव करुण रोदन करते हैं। नरक मे बादर अग्नि नही होती है इस लिए शास्त्रकार ने नरक को बादर अग्नि के सदृश्य कहा है यह उपमा भी दिग्दर्शन मात्र समझना चाहिए क्योंकि नरक के ताप की उपमा यहा कि इस अग्नि मे नही दी जा सकती महान नगर के दाह से भी अधिक ताप से जलते हुए वे नारकि जीव, महाशब्द करते हैं। वे नरक मे बहुत काल तक निवास करते हैं, वे उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम काल तक तथा जघन्य दस हजार वर्ष तक नरक मे निवास करते है।

मूल— जई ते सुया वेयरणी भिदुग्गा,
णिसियो जहाखुर इव तिक्खसोया।
तरति ते वेयरणी भिदुग्गा,
उसुचोइया सत्तिसु हम्ममाणा ॥

टीकार्थ—श्री सुधर्मा स्वामी जम्बू स्वामी से कहते हैं कि भगवान ने जिसका कथन किया है उस वैतरनी नामक नदी को शायद तुमने सुना होगा। उस वैतरनी नदी मे खारा गर्म और रक्त के समान जल बहता रहता है। जैसे तेज उस्तरे की धारा बडी तेज होती है उसी तरह उसकी तेज धारा होती है। उस धारा के लगने से नारकीय जीवो के अग कट जाते हैं। इस कारण वह नदी बडी दुर्गम है। उसमे बहते हुए प्राणियो को वह बहुत दुःख उत्पन्न करती है। तप्त अगार के समान अति ऊष्ण नरक भूमि को छोडकर अति तृप्त और प्यासे हुए नारकी जीव अपने ताप को मिटाने के लिए तथा जल मे स्नान करने की इच्छा से अति दुर्गम उस वैतरणी नदी मे कूद कर तैरते हैं वे नारकि कैसे हैं माणो बाणो से प्रेरित किये हुए हैं अथवा भाला से खोदकर चलाये गये हैं अत वे ऐसी थकर वैतरणी नदी मे तैरते हैं।

कीलेहि विज्झति असाहुकम्मा,
नाव उविंते सइविप्पहुणा ।
अन्ने तु सूलाहि तिसूलियाहिं, ।
दीहाहि विध्धूण अहेकरति ।

टीकाथ—वैतरणी नदी के अत्यन्त खारा गर्म तथा दुर्गन्ध जल से अति तप्त वे विचारे नारकि जीव उस नदी मे काटेदार नाव पर जब आने लगते हैं तब उस नाव पर पहले से चढे हुए परमाधार्मिक उन नारकी जीवो के गले मे कीलें चुभोते हैं वे नारकीय जीव कल कल शब्द के साथ वहता हुआ वैतरणी के जल से सज्ञाहीन होकर भी कठभेद पाकर अत्यन्त स्मृति रहित हो जाते हैं। उन्हे अपने कर्तव्य का विवेक सर्वथा नही रहता है। तथा दूसरे नरक पाल नारकि जीवो से क्रीडा करते हुए उन नष्ट सज्ञा वाले विचारे नारकि जीवो को दीर्घशूल और त्रिशूल के द्वारा वेधकर नीचे पृथ्वी पर पटक देते है।

केसिं च वंधित्तु गले सिलाओ,
उदगसि वोलति महालयसि ।
कलवुयावालुय मुम्मुरे य,
लोलति, पच्चति अ तथ्थ अन्ने।

टीकार्थ—परमाधार्मिक, किन्ही नारकि जीवो के गले मे वडी वडी शिलाये वाधकर अगाध जल मे डुबाते हैं पश्चात् फिर उन्हे वहा खीच-कर वैतरणी नदी के कलम्बु का फूल के समान अत्ति तप्त लाल बालुका तथा मुर्मुरग्नि मे इधर उधर इस प्रकार फिराते है जैसे 'चनो' को बालु मे डालकर इधर उधर फेरते हैं। तथा दूसरे परमाधार्मिक, अपने कर्म रूपी जाल मे फसे हुए उन नारकि जीवो को शूल में वेधकर पकाये जाते हूए मास की तरह पकाते हैं।

आसूरिय नाम महाभितावं, अधतम दुप्पतर महत
उड्ढं अहेअ तिरिय दिसासु, समाहिओ जत्थऽगणीझियाइ।

टीकार्थ—जिसमे सूर्य नही रहता ऐसा कुम्भिका के समान आकार वाला बहुत अन्धकार से युक्त एक असूर्यनामक नरक है। अथवा सभी नरको को असूर्य कहते हैं। ऐसे महान् ताप से युक्त तथा अति अन्धकार से परिपूर्ण, दुःख से पार करने योग्य विशाल नरक मे महान् पाप के उदय होने से पापी प्राणी जाते है। उस नरक मे ऊपर-नीचे तथा तिरछे सभी दिशाओ मे रखी हुई आग जलती रहती है। ऐसा पाठ भी है 'समूसिओ' अर्थात् जिस नरक मे बहुत ऊपर तक उठी हुई आग जलती रहती है। ऐसे नरक मे बिचारे पापी प्राणी जाते हैं।

मूलम्—जसो गुहाए जलणेऽति उट्टे,
अविजाणओ डज्झइ लुत्तपण्णो।
सया कलुणं पुण घम्मठाणं।
गाढोवणीयं अतिदुक्खधम्मं।

टीकार्थ—जिस नरक मे गया हुआ प्राणी, गुहा अर्थात् ऊट के समान आकार वाली नरक भूमि मे प्रविष्ट होकर आग मे जलता हुआ वेदना से पीडित होकर अपने पापो को नही जानता है तथा अवधि के विवेक से रहित होकर अत्यन्त जलता रहता है। वह नरक सब काल मे करुणाप्राय है। अथवा वह समस्त गर्मी का स्थान है। वह नरक पाप कर्म करने वाले प्राणियों को प्राप्त होता है। ऐसे स्थान मे पापी जीव जाते हैं। फिर भी उसी स्थान की विशेषता बतलाते है। उस नरक का स्वभाव अत्यन्त दुःख देने का है। आशय यह है कि नेत्र का निमेषमात्र काल तक भी वहा दुःख से विश्राम नही मिलता है जैसा कि कहा है—'अच्छि' इत्यादि। अर्थात् नेत्र का पलक मारने के काल मात्र भी नारकी जीवो को सुख नही होता है। किन्तु निरन्तर नरक मे पकते हुए उनको कष्ट ही भोगना पडता है।

मूलम्—चत्तारि अगणीओ समारभित्ता,
जहिं कूरकम्मा अभितविंतिबालं।

ते तत्थ चिट्ठंतऽभितप्पमाणा,
मच्छा व जीवतु वजोति पत्ता ॥

टीकार्थ—जिस नरक स्थान मे क्रूर कर्म करने वाले नरकपाल चार दिशाओ मे चार अग्निओं को जलाकर पूर्व जन्म मे पाप किये हुए अज्ञानी नारकी जीव को भट्ठी की तरह अत्यन्त ताप देते हुए पकाते हैं। इस प्रकार पीडा पाते हुए वे नारकी जीव अपने कर्म की पाश मे बन्धे हुए होने के कारण महादु खद उसी नरक मे चिरकान तक निवास करते हैं इस विपय मे दृष्टान्त देते हैं:— जैसे जीती हुई मछली अग्नि के निकट प्राप्त होकर परवश होने के कारण अन्यत्र नही जा सकती तथा उसी जगह स्थिर रहती है, उसी तरह नारकी जीव भी वही स्थित रहते हैं मछली ताप को नही सह सकती है। इसलिए आग मे उसे महादु ख होता है। इसीलिए यहा मच्छली का दृष्टा त दिया गया है।

मूलम्—संतच्छणं नाम महाहितावं,
ते नारया जत्थ असाहुकम्मा।
हत्थेहि पायेहि य वधिऊण,
फलगं व तच्छंति कुहाडहत्था ॥

टीकार्थ—जो एक भाव से प्राणियो को काटता है उसे सतक्षण कहते हैं। नाम शब्द सम्भावना अर्थ मे आया है। यह तो सतक्षण नरक है। वह सब प्राणियो को महान् दु ख उत्पन्न करता है। यह सम्भव है। यदि ऐसा है तो क्या ? उत्तर देते हुए शास्त्रकार कहते हैं कि नरक मे क्रूर कर्म वाले, दया रहित तथा हाथ मे कुठार लिए हुए नरक पाल अपने घर से आकर रक्षक रहित उन नारकी जीवो के हाथ पैर बाध कर काठ के समान कुठार के द्वारा छेदन करते हैं।

मूलम्—रुहिरे पुणो वच्चसमुस्सिअगे,
भिन्नुत्तमगे परिवत्तयता।

पयंति ण णेरइए फुरते,
सजीवमच्छे व अयोकवल्ले ॥

टीकार्थ—वे परमधार्मिक उन जीवो को उनका रक्त गर्म कढाह मे डाल कर पकाते हैं। उन नारकी जीवो की अतडी अथवा अगतल से सूजे हुए हैं, तथा उनका सिर चूर-चूर कर दिया गया है। वे किस तरह पकाते हैं सो कहते हैं जो नारकी उत्तान पडे हैं उनको अवाड्मुख और जो अवाड्मुख हैं उनको उत्तान करते हुए पकाते है। ण' शब्द वाक्यालकार मे आया है। इस प्रकार पकाये जाते हुए नारकी जीव विकल होकर इधर-उधर अपने शरीर को फेंकते रहते हैं और नरकपाल जीती हुई मछली की तरह उन्हे लोहे की कढाही मे ही पकाते हैं।

मूलम्—नो चेव ते तत्थ मसीभवंति,
णभिज्जवी तिव्वभिवेयणाय।
तमाणुभाग अणुवेदयंता,
दुक्खति दुक्खी इह दुक्कडेणं।

टीकार्थ—वे नारकी जीव पूर्वोक्त रूप से बहुत बार पकाये जाते हुए भी उस नरक मे जलकर भस्म नही हो जाते तो वे जैसी तीव्र वेदना को अनुभव करते हैं उसकी उपमा आग मे डाली हुई मछली आदि की वेदना से भी नही दी जा सकती। अत वे वर्णन करने के अयोग्य अनुपम वेदना को अनुभव करते है। अथवा तीव्र वेदना होने पर भी अपने किये हुए कर्मों का फलभोग शेष रहने के कारण वे नारकी जीव मरते नही हैं तथा बहुत काल तक पूर्व वर्णन के अनुसार शीतव, उष्ण जनित पीडा को अनुभव करते हुए तथा परमाधार्मिको के द्वारा उत्पन्न किये हुए दहन छेदन-भेदन, तक्षण, त्रिशूल पर चढना, कुम्भी मे पकाना और शाल्मली वृक्ष पर चढाना आदि एव परस्पर एक दूसरे

के द्वारा उत्पन्न किये हुए अपने कर्मों के फल स्वरूप दु खो को भोगते हुए वे वही रहते हैं। नरक मे रहने वाले जीव अपने किये हुए हिंसा आदि अठारह स्थान रूप पापो के कारण निरन्तर उत्पन्न दु ख से दु खी होते रहते हैं। उन्हे नेत्र के पलक गिराने मात्र काल तक भी दु ख से मुक्ति नही मिलती।

तहिं च ते लोलण सपगाढे,
गाढ सुतत्त अगणि वयति।
न तत्थ साय लहती भिदुग्गे,
अरहियाभितावा तहवी तविंति॥

टीकार्थ—नरक महान् पीडा का स्थान है उसकी विशेषता बताते हुए शास्त्रकार कहते हैं कि नरक नारकी जीवो के हलचल से भरा हुआ होता है, जिसमे अत्यन्त शीत से पीडित नारकी जीव अपनी शीत दूर करने के लिए अति प्रदीप्त अग्नि के पास जाते है वह नरक की अग्नि बडी दाहक होती है। उसमे वे वेचारे जलने लगते है। अत वहा उनको थोडा भी सुख नही मलता। उस अग्नि मे वे निरन्तर जलते रहते हैं। इसलिए यद्यपि उन्हे महान् ताप होता है तथापि नरकपाल उन पर गरम तेल छिडक कर और ज्यादा जलाते हैं।

से सुच्चई नगरवहे व सद्दे,
दुहोवणीयाणि पयाणि तत्थ।
उदिण्णकम्माण उदिण्णकम्मा,
पुणो पुणो ते सरह दुहेंति॥

टीकार्थ—'से' शब्द अथ शब्द के अर्थ मे आया है इसके पश्चात् भयकर परमाधार्मिको के द्वारा पीडित किये जाते हुए उन नारकी जीवों

का हाहाकार से भरा हुआ भयानक रोदन शब्द नगर के वध के समान सुनाई पडता है। तथा उस नरक मे दुख के साथ उच्चारण किये हुए करुणाप्रधान पद सुनाई पडते हैं। जैसे कि हे माता, हे तात। मैं अनाथ हू। मै तुम्हारी शरणागत हू, तू मेरा रक्षा करो इत्यादि पदो का शब्द उस नरक मे सुनाई पडता है जिसका कटु फल देने वाला कर्म उदय को प्राप्त है ऐसे नारकीय जीवो को मिथ्यात्वहास्य और रति आदि के उदय मे वर्तमान नरकपाल बारबार उत्साह के साथ नाना प्रकार के उपायो से अत्यन्त असह्य दुख देते है।

पाणेहिणं पाव विओजयंति,
त मे पवक्खामि जहातहेणं।
दडेहिं तत्था सरयंति बाला,
सव्वेहिंदडेहिं पुराकएहिं ॥

टीकार्थ—'णं' शब्द वाक्यलकार मे आया है। पाप करने वाले नर पाल नारकि जीवो के अगो को काटकर जुदा-जुदा कर देते हैं। वे ऐसा क्यो करते हैं ? सो इसका कारण सत्य-सत्य बताता हू, विवेक रहित नरकपाल नारकी जीवो को नाना प्रकार का दड कर उनके कर्मों को स्मरण कराते हैं। जैसे कि तुम, बडे हर्ष के साथ प्राणियो का मास काट-काट कर खाता था तथा उनका रस पीता था एव मद्यपान तथा पर स्त्रीसेवन करता था. अब उन्ही कर्मों का फल दुख भोगता हुआ तू क्यो इस प्रकार चिल्ला रहा है ? इस प्रकार नरकपाल नारकी जीवो के द्वारा पूर्व जन्म मे किये हुए दूसरे प्रणियो के सभी वध्दो को स्मरण कर ते हुए उनके समान ही दुख देकर उन्हें पीडा देते हैं।

ते हम्ममाणा णरगे पडति,
पुन्ने दुरुवस्स महाभितावे।
ते तत्थ चिट्ठ दुरुवभक्खी
तुट्टति कम्मोवगया किमीहिं ॥

टीकार्थ—वे बेचारे नारकी जीव, नरकपालो के द्वारा मारे जाते हुए दूसरे अत्यन्त घोर नरक मे जाते हैं। वह नरक कैसा है ? वह विष्ठा, रक्त, मास आदि अपवित्र पदार्थों से भरा है तथा अत्यन्त सताप युक्त है। ऐसे नरक में अपने कर्म पाश मे बधे हुए नारकी जीव अशुचि आदि पदार्थों का भक्षण करते हुए चिरकाल तक निवास करते हैं। तथा वे नरकपाल के द्वारा उत्पन्न किये हुए कीडो के द्वारा और आपस मे एक दूसरे के द्वारा प्रेरित कीडो के द्वारा अपने कर्म के वशीभूत होकर काटे जाते हैं। इस विषय मे आगम कहता है कि 'छट्ठी' इत्यादि अर्थात् नारकी जीव छठी और सातवी नरक भूमि मे अत्यन्त बडे रक्त का कुन्थु रूप बना कर परस्पर एक दूसरे के शरीर को हनन करते हैं।

सया कसिरण पुरण घम्मठाण,
गाठोवणीय अति दुक्खधम्म ।
अंदूसु पक्खिप्प विहत्तु देहं,
वेहेण सीस सेऽभितावयति ॥

टीकार्थ—नारकी जीवो के रहने का स्थान सदा उष्णप्रधान होता है। वहा प्रलय काल की अग्नि से भी ज्यादा वायु आदि गर्म होते हैं। वह नरक का स्थान निधत्त और निकाचित्त अवस्था वाले कर्मों के द्वारा नारक जीवो को प्राप्त हुआ है। फिर भी नरक की विशेषता बतलाते हैं। वे नरक स्थान अत्यन्त दु ख यानी असातावेदनीय स्वभाव वाला है। ऐसे नरक स्थान मे स्थित प्राणियो की देह को तोड-मरोड कर बेडी डाल कर उसके सिर मे छिद्र कर नरकपाल पीडा देते हैं तथा उस जीव के अगो को फैला कर उनमे इस प्रकार कील ठोकते हैं, जैसे चमडे को फैलाकर उसमे कील ठोकते है।

छिंदंति बालस्स खुरेण नक्क,
उटठेवि छिंदंति दुवेविकण्णे ।

जिब्भं विणिक्कस्स विहत्थिमित्त,
तिक्खाहि सूलाहि अभितावयंति ॥

टीकार्थ—वे परमाधार्मिक, पूर्व जन्म के पापो को स्मरण कराकर प्राय सदा वेदना से युक्त निर्विवेकी नारकी जीव की नासिका को उस्तरे से काट लेता है । तथा उनके ओठ और दोनो कान काट लेते हैं तथा मद्य मास और रस के लम्पट और मिथ्या भाषण करने वाले जीव की जिह्वा को एक बीत्ता बाहर निकाल कर उसे तीक्ष्ण शूल के द्वारा वेध करते हुए पीड़ा देते हैं ।

ते तिप्पमाणा तलसंपुडंव,
राइंदियं तत्थथणंति बाला ।
गलंति ते सोणिअपूयमंस,
पज्जोइया खारपइद्धियंगा ॥

टीकार्थ—जिनके नाक, ओठ जिह्वा काट लिये गये हैं ऐसे वे नारकी जीव, रक्त का स्राव करते हुए जिस स्थान मे रात, दिन व्यतीत करते हैं । वहा वे अज्ञानी पवन प्रेरित सूखे ताल-पत्र के समान सदा जोर से रोते रहते हैं । तथा वे आग मे जलाये और अगो मे खार लगाये हुए रात दिन अपने अङ्गो से रक्त पीब और मांस का स्राव करते रहते हैं ।

जइ ते सुता लोहितपूअपाई,
बालागणी तेअगुणा परेणं ।
कुंभी महंताहियपोरसीया ।
समूसिता लोहियपूयपुण्णा ॥

टीकार्थ—फिर सुधर्मा स्वामी जम्बूस्वामी से भगवान् का वचन कहते हैं—रक्त और पीब इन दोनों को पकाना जिसका स्वभाव है ऐसी कुम्भी नामक नारकभूमि कदाचित् तुमने सुनी होगी । उसी कुम्भी

की विशेपता बताते हुए कहते हैं—नवीन अग्नि का जो तेज अर्थात ताप है वही उस कुम्भी का गुण है अर्थात् वह कुम्भी अत्यन्त ताप को धारण करती है । फिर भी उसी कुम्भी का विशेषण बतलाते हैं—वह कुम्भी बहुत बडी है । वह पुरुप के प्रमाण से भी अधिक प्रमाणवाली है । वह ऊँट के समान आकारवाली ऊची है । वह रक्त और पाब से भरी हुई है । ऐसी वह कुम्भी चारो तरफ आग से जलती हुई है और देखने मे बडी घृणा स्पद है ।

पक्खिप्प तासु पययति वाले,
अट्टस्सरे ते कलुणं रसते ।
तण्हाइया ते तउतबतत्त,
पज्जिज्जमाणाऽट्टतरं रसति ॥

टीकार्थ—नवीन अग्नि के तेज के समान जलती हुई तथा रक्त, पीब और शरीर के अवयव तथा अशुचि पदार्थों से भरी हुई दुर्गन्ध उस कुम्भी मे रक्षकरहित तथा आर्तनादपूर्वक करुण रोदन करते हुए अज्ञानी नारकी जीवो को डाल कर नरक-पाल पकाते हैं । वे नारकी जीव उस प्रकार पीडित किये जाते हुए बुरी तरह रोते हैं । वे प्यास से पीडित होकर जब पानी मागते हैं तब नरकपाल यह स्मरण कराते हुए कि "तुमको मद्य बहुत प्रिय था" तपाया हुआ सीसा और ताबा पिलाते है उन्हे पीते हुए वे बहुत जोर से आर्तनाद करते है ।

अप्पेण अप्पं इह वंचइत्ता,
भवाहमे पुव्वसते सहस्से ।
चिट्ठति तत्था बहुकूरकम्मा,
जहा कड कम्म तहा सि भारे ॥

टीकार्थ—अब शास्त्रकार इस उद्देशक के अर्थ को समाप्त करते हुए कहते हैं—इस मनुष्य भव मे मे जो जीव दूसरे को वञ्चन करने मे

प्रवृत्त रहता है वह वस्तुत अपनी आत्मा को ही वंचित करता है वह दूसरे प्राणी का घात रूप अल्प सुख के लोभ से अपनी आत्मा को वचित करके बहुत भव करता हुआ सैकडो और हजारो वार मछली पकडने वाले मल्लाह आदि तथा मृगवध करने वाले व्याध आदि अधम जाति मे जन्म लेता है। उन जन्मों मे वह विषयलम्पट तथा पुण्य से विमुख होकर महाघोर और अतिदारुण नरक स्थान को प्राप्त करता है। नरक मे रहने वाले क्रूरकर्मी जीव परस्पर एक दूसरे को दु ख उत्पन्न करते हुए चिरकाल तक निवास करते हैं। इसका कारणव ताते हुए शास्त्रकार कहते हैं जिस जीव ने पूर्व जन्म मे जैसे अध्यवसाय से नीच और उससे भी नीच कर्म किये हैं, उसी प्रकार की वेदना उस जीव को प्राप्त होती है। वह वेदना अपने आप भी होती है तथा दूसरे के द्वारा भी होती है और दोनो से भी होती है। जो पूर्व जन्म मे मासाहारी थे, उनको उनका ही मास आग मे पका कर खिलाया जाता है, तथा जो पूर्व जन्म मे मास का रस पीते थे उनको उनका ही पीब और रक्त पिलाया जाता है अथवा उन्हे गलाया हुआ सीसा पिलाया जाता है। जो पूर्व जन्म के मत्स्यघाती और लुब्धक आदि जैसे वे मछली और मृग आदि का घात करते थे उसी तरह काटे जाते हैं और मारे जाते हैं। तथा जो मिथ्याभाषण करते थे, उन्हे मिथ्याभाषण का स्मरण कराकर उनकी जिव्हा काट ली जाती है। जो पूर्व जन्म में दूसरे का द्रव्य हरण करते थे उनके अग और उपाग काट लिए जाते हैं। जो परस्त्री का सेवन करते थे उनका अण्डकोष काट लिया जाता है तथा उन्हे शाल्मलि वृक्ष का आलिगन कराया जाता है। इसी तरह जो महारम्भी और महापरिग्रही एव क्रोध मान माया से युक्त थे उनको उनके जन्मान्तर के क्रोध आदि को स्मरण कराकर उसी तरह का दु ख दिया जाता है। अत शास्त्रकार ने यह ठीक ही कहा है कि जिस ने जैसा कर्म किया है उसके अनुसार ही उसे दु ख का प्राप्वि होती है। 26।

की विशेपता बताते हुए कहते हैं—नवीन अग्नि का जो तेज अर्थात् ताप है वही उस कुम्भी का गुण है अर्थात् वह कुम्भी अत्यन्त ताप को धारण करती है । फिर भी उसी कुम्भी का विशेषण बतलाते है—वह कुम्भी बहुत बडी है। वह पुरुष के प्रमाण से भी अधिक प्रमाणवाली है। वह ऊँट के समान आकारवाली ऊची है। वह रक्त और पाव से भरी हुई है। ऐसी वह कुम्भी चारो तरफ आग से जलती हुई है और देखने मे बडी घृणा स्पद है।

पक्खिप्प तासु पययति बाले,
अट्टस्सरे ते कलुरण रसते ।
तण्हाइया ते तउतबतत्त,
पज्जिज्जमाणाऽट्टतर रसति ।।

टीकार्थ—नवीन अग्नि के तेज के समान जलती हुई तथा रक्त, पीब और शरीर के अवयव तथा अशुचि पदार्थो से भरी हुई दुर्गन्ध उस कुम्भी मे रक्षकरहित तथा आर्तनादपूर्वक करुण रोदन करते हुए अज्ञानी नारकी जीवो को डाल कर नरक-पाल पकाते हैं। वे नारकी जीव उस प्रकार पीडित किये जाते हुए बुरी तरह रोते हैं। वे प्यास से पीडित होकर जब पानी मागते है तब नरकपाल यह स्मरण कराते हुए कि "तुमको मद्य बहुत प्रिय था" तपाया हुआ सीसा और ताबा पिलाते हैं उन्हे पीते हुए वे बहुत जोर से आर्तनाद करते है।

अप्पेण अप्पं इह वंचइत्ता,
भवाहमे पुव्वसते सहस्से ।
चिट्ठति तत्था बहुकूरकम्मा,
जहा कड कम्म तहा सि भारे ।।

टीकार्थ—अब शास्त्रकार इस उद्देशक के अर्थ को समाप्त करते हुए कहते हैं—इस मनुष्य भव मे मे जो जीव दूसरे को बञ्चन करने मे

प्रवृत्त रहता है वह वस्तुत अपनी आत्मा को ही वंचित करता है वह दूसरे प्राणी का घात रूप अल्प सुख के लोभ से अपनी आत्मा को वंचित करके बहुत भव करता हुआ सैकडो और हजारो बार मछली पकडने वाले मल्लाह आदि तथा मृगवध करने वाले व्याध आदि अधम जाति मे जन्म लेता है। उन जन्मों मे वह विषयलम्पट तथा पुण्य से विमुख होकर महाघोर और अतिदारुण नरक स्थान को प्राप्त करता है। नरक मे रहने वाले क्रूरकर्मी जीव परस्पर एक दूसरे को दुख उत्पन्न करते हुए चिरकाल तक निवास करते हैं। इसका कारणब ताते हुए शास्त्रकार कहते हैं जिस जीव ने पूर्व जन्म मे जैसे अध्यवसाय से नीच और उससे भी नीच कर्म किये हैं, उसी प्रकार की वेदना उस जीव को प्राप्त होती है। वह वेदना अपने आप भी होती है तथा दूसरे के द्वारा भी होती है और दोनो से भी होती है। जा पूर्व जन्म में मासाहारी थे, उनको उनका ही मास आग मे पका कर खिलाया जाता है, तथा जो पूर्व जन्म मे मास का रस पीते थे उनको उनका ही पीब और रक्त पिलाया जाता है अथवा उन्हे गलाया हुआ सीसा पिलाया जाता है। जो पूर्व जन्म के मत्स्यघाती और लुब्धक आदि जैसे वे मछली और मृग आदि का घात करते थे उसी तरह काटे जाते हैं और मारे जाते हैं। तथा जो मिथ्याभाषण करते थे, उन्हे मिथ्याभाषण का स्मरण कराकर उनकी जिव्हा काट ली जाती है। जो पूर्व जन्म में दूसरे का द्रव्य हरण करते थे उनके अग और उपाग काट लिए जाते हैं। जो परस्त्री का सेवन करते थे उनका अण्डकोष काट लिया जाता है तथा उन्हे शाल्मलि वृक्ष का आलिंगन कराया जाता है। इसी तरह जो महारम्भी और महापरिग्रही एव क्रोध मान माया से युक्त थे उनको उनके जन्मान्तर के क्रोध आदि को स्मरण कराकर उसी तरह का दुख दिया जाता है। अत शास्त्रकार ने यह ठीक ही कहा है कि जिस ने जैसा कर्म किया है उसके अनुसार ही उसे दुख का प्राप्ति होती है। 26।

समज्जिणिता कलुस अणज्जा,
इठठेहि कतेहि य विप्पहूणा।
ते दुब्भिगन्धे कसिणे य फासे,
कम्मोवगा कुणिमे आवसति॥

टीकार्थ—अनार्य पुरुप अनार्य कर्म का सेवन करने वाले हैं, इस लिए वे हिंसा, झठ और चोरी आदि आस्रवो का सेवन करके खूब अशुभ कर्म की वृद्धि करते हैं, ऐसा करके वे क्रूरकर्मी जीव दुर्गन्ध युक्त नरक मे निवास करते हैं की वे नारकीय जीव कैसे है ? सो बताते हैं। वे इष्ट शब्दादि विषय तथा प्रिय पदार्थों से हीन होकर नरक मे निवास करते हैं अथवा वे जीव, जिन माता, पिता, पुत्र और स्त्री के लिए पाप का उपार्जन करते है, उनसे रहित होकर अकेले सडे हुए मुर्दे से भी ज्यादा बदबूदार तथा जिसका स्पश अत्यन्त उद्वेग जनक है तथा जो मास, चर्बी, रक्त, पीव, फिष्फिश आमि अशुचि पदार्थों से भरा हुआ अत्यन्त घृणास्पद हैं एव हाहाकार के शब्द से जो दिशाओ को वहरा बनाने वाला है ऐसे अति नीच कर्म मे उत्कृष्ट तैतीस सागरोपम काल की आयु से निवास करते हैं।

(उद्देशक २)

अहावर सासयदुक्खधम्म,
त भे पवक्खाभि जहातहेण।
बाला जहा दुक्कडकम्माकारी,
वेदति कम्माइ पुरेकडाइं॥

टीकार्थ—जो बाते पहले बताई जा चुकी हैं उनसे दूसरी बातें अब मैं बताऊंगा। यह आगे से सम्बन्ध मिला लेना चाहिए। जो शाश्वत अर्थात् आयु रहने तक होता है, उसे शाश्वत कहते हैं जो आयु भर दु ख देता है ऐसा जिसका स्वभाव है ऐसे नरक को शाश्वत दु ख धर्म कहते हैं। वह नरक सदा प्राणियो को दु ख देता रहता है। उसमे एक पल भर का भी सुख का लेश भी नही मिलता। ऐसे

नरक को जैसे वह है वैसा ही कहूगा। किसी प्रकार का आरोप अथवा घटा-बढा कर नही। जो पुरुष बाल अर्थात् परमार्थ को नही देखते हैं तथा कर्म के फल का विचार नही करके पाप कर्म करते हैं अथवा बुरे अनुष्ठान के द्वारा ज्ञानावरणीयादि कर्मो का सेवन करते हैं वे पापी जीव, पूर्वजन्मोपार्जित दुःख का फल जिस प्रकार नरक मे भोगते हैं सो मैं कहूगा।

हत्थेहि पाएहि यबंधिऊर्णं,
उदर विकत्तति खुरासिएहि।
गिरिहत्तु बालस्स विहत्तु देह,
बद्ध थिर पिट्ठतो उरद्धति॥

टीकार्थ—पूर्व गाथा मे जो प्रतिज्ञा की गई है उसके अनुसार वर्णन करते हैं। उस प्रकार के कर्म के उदय होने से दूसरे को दुःख देने मे हर्षित होने वाले परमाधार्मिक उन नारकी जीवो का हाथ-पैर बाधकर तीक्ष्ण उस्तुरा और तलवार आदि अनेक प्रकार के शस्त्रो से उनका पेट फाड देते हैं। तथा जो बालक के समान कुछ भी करने मे समर्थ नही है, की ऐसे दूसरे नारकी जीवो के शरीर को लाठी आदि के द्वारा विविध प्रकार से हनन करके पश्चात् उसे पकड कर बलात्कार से उसकी पीठ का चमडा खीच लेते हैं। इसी तरह पार्श्व भाग तथा अग्र भाग का चमडा भी खीच लेते हैं।

बाहू पकत्तति य मूलतो से,
थूल वियास मुहे आडहती।
रहसि जुत्त सरयति बाल,
आरुस्स विज्झति तुदेण पिट्ठे

टीकार्थ—तीन नरक भूमियों मे परमाधार्मिक और दूसरे नारकी जीव तथा नीचे की चार नरक भूमियो मे रहने वाले दूसरे नारकी

जीव नारकीय जीवो की भुजा को जड से काट लेते है तथा मुख फाड कर उसमे तप्त लोह का बडा गोला डालकर जलाते है तथा एकान्त मे उन नारकियो को ले जाकर अपने द्वारा दी जाती हुई वेदना के अनुरूप उनके द्वारा किये हुए दूसरे जन्मो के कर्मो को उन अज्ञानी नारकियो को स्मरण कराते हैं जैसे कि गर्म सीसा पिलाते समय वे कहते है कि तुम खूब मद्य पीते थे तथा उनके शरीर के मास को खिलाते समय कहते है कि तुम खूब मास खाते थे, इस प्रकार दु:ख के अनुरूप उनके कर्म को स्मरण कराते हुए उनको पीडा देते हैं तथा बिना कारण ही क्रोध करके चाबुक आदि के द्वारा परवश नारकीय जीवो को वे पीठ मे ताडन करते हैं।

अयव तत्त जलिय सजोई,
तऊवम भूमिणुक्क मता ।
ते डज्झमाणा कलुणा थणति,
उसुचोईया तत्तजुगेसु जुत्ता ।।

टीकार्थ—जलते हुए लोहे के गोले के समान जलती हुई ज्योति स्वरूप पृथ्वी मे चलते हुए नारकी जीव जलते हुए दीन स्वर से रोदन करते है तथा गरम जुए मे जोते हुए और बैल की तरह चाबुक आदि से मारकर चलने के लिए प्रेरित किये हुए रोदन करते हैं।

बाला बला भूमिमणुक्कमता,
पविजल लोहपह च तत्त ।
जसीऽभिदुग्गसि पवज्जमाणा,
पेसेव दडेहि पुराकरति ।।

टीकार्थ—नरकपाल, निर्विवेकी नारकी जीवो को जलाते हुए लोहमय मार्ग के समान उष्ण तथा रक्त और पीब की अधिकता के

कारण पंकिल भूमि पर उनकी इच्छा न होने पर भी बलात्कार से चलाते हैं। नारकीय जीव उक्त भूमि पर चलते हुए बुरी तरह शब्द करते हैं। अति विषम कुम्भी और शाल्मलि आदि जिस नरक मे परमाधार्मिक जाने के लिए उनको प्रेरित करते हैं उन पर क्रोधित होकर वे नौकर की तरह अथवा बैल की तरह डंडा या चाबुक से मारकर आगे चलाते हैं। वे नारकीय जीव अपनी इच्छा से न तो कही जाने पाते हैं और न रहने पाते हैं।

ते संपगाढंसि पवज्जमाणा,
सिलाहि हम्मंति निपातिणीहिं।
संतावणी नाम चिरट्ठितीया,
संतप्पती जत्थ असाहुकम्मा।

टीकार्थ—वे नारकीय जीव बहुत वेदना वाले असह्य नरक अथवा मार्ग मे गये हुए वहा से हट जाने तथा रहने मे असमर्थ होते हुए असुरों के द्वारा सामने से आने वाली शिलाओ के द्वारा मारे जाते हैं। जो प्राणियो को चारों ओर से ताप देती है उसे संतापनी कहते हैं। वह कुम्भी नरक है उसकी स्थिति चिरकाल तक की है। अर्थात् उस कुम्भी नरक मे गया हुआ प्राणी चिरकाल तक अत्यन्त वेदना भोगता रहता है तथा पूर्व जन्म मे पाप किया हुआ प्राणी उस कुम्भी मे जाकर अत्यन्त ताप भोगता है।

कंदूसु पक्खिप्प पयंति बालं,
ततोवि दड्ढा पुण उप्पयंति।
ते उड्ढकाएहिं पखज्जमाणा,
अवरेहिं खज्जंति सणप्फएहिं॥

टीकार्थ—नरकपाल, निर्विवेकी बिचारे नारकी जीव को गेंद के समान आकार वाले नरक मे डाल कर पकाते हैं। वहा चने की तरह पकते हुए वे जीव वहा से ऊपर उडकर जाते है। ऊपर उड कर गये हुए वे प्राणी वैक्रिय द्रोण काक के द्वारा खाए जाते हैं और वहा से दूसरी तरफ गये हुए वे सिह व्याघ्र आदि नख वाले जानवरो से खाये जाते हैं।

समूसियं नाम विधूमठाण,
ज सोयतत्ता कलुण थणति।
अहोसिरं कटट्ठु विगत्तिऊणं,
अयव सत्थेहि समोसवेंति॥

टीकार्थ—चिता के समान एक धूम रहित अग्नि का स्थान है। यहा नाम शब्द सम्भावना अर्थ में आया है। नरक मे ऐसा पीडा का स्थान होना सम्भव है यह नाम शब्द बतलाता है। उस स्थान को प्राप्त नारकीय जीव शोक से तप्त होकर रोदन करते हैं तथा नरकपाल उनका शिर नीचा करके और देह को लोहे के शस्त्रो से काट कर खड-खड कर देते है।

समूसिया तत्थ विसूणियंगा,
पक्खीहि खज्जति अओमुहेहि।
सजीवणी नाम चिरट्ठितीया,
जसी पया हम्मई पावचेया॥

टीकार्थ—उस नरक मे खभा आदि मे ऊपर भुजा और नीचे मस्तक करके चडालो द्वारा मृत शरीर की तरह लटकाये हुए तथा चमडा उखाडे हुए नारकी जीव, वज्र के चोच वाले काक और गीध आदि पक्षियो से

खाये जाते है इस प्रकार वे नारकीय जीव, नरकपालो के द्वारा अथवा परस्पर एक दूसरे के द्वारा छेदन भेदन किए हुए तथा उछाले हुए मूर्छित होकर वेदना की अधिकता का अनुभव करते हुए भी मरते नही हैं। इसीलिए नरक भूमि सजीवनी औषध के समान जीवन देने वाली कही जाती है। क्योकि नरक मे गया हुआ प्राणी खड-खड किया हुआ भी आयु शेष रहने पर मरता नही है। नरक की आयु उत्कृष्ट तैंतीस सागरोपम काल की कही है। इसलिए वह चिरकाल की स्थिति वाली है। जिस नरक मे गये हुए पापी प्राणी मुद्गर आदि के द्वारा मारे जाते हैं, नरक की पीडा से विफल हुए वे मरना चाहते हुए भी तथा अत्यन्त पीसे हुए भी मरते नही हैं किन्तु पारे के समान मिल जाते है।

तिक्खाहिं सूलाहिं निवाययंति,
वसोगयं सावयं य व लद्ध।
ते सूलविद्धा कलुणं थणंति,
एगंत दुक्खं दुहओ गिलाणा ॥

टीकार्थ—पूर्व जन्म मे पाप किये हुए नारकी जीव को नरकपाल तीखे लोह के शूलो से वेध करते हैं। किसकी तरह ? वश में आये हुए मृग तथा सूअर आदि की तरह, स्वतन्त्रता से पाकर उन्हे पीडा देते हैं। शूल आदि के द्वारा वेध किये हुए भी नारकीय जीव मरते नही हैं किन्तु करुण क्रन्दन करते हैं उन नारकीय जीवो की रक्षा करने मे कोई समर्थ नही है। वे नारकी जीव भीतर और बाहर दोनो ओर से हर्ष रहित होकर सदा दु ख अनुभव करते है।

सयः जलं नाम निहं महंत,
जसी जलतो अगणी अकठ्ठो।

चिट्ठति बद्धो बहुक्रूरकम्मा,
अरहस्सरा केई चिरट्ठितीया।

टीकार्थ—जो उष्ण रूप होने के कारण सदा जलता रहता है ऐसा एक स्थान है। कर्म वशीभूत प्राणी जिसमे मारे जाते हैं उसे निह कहते हैं। वह प्राणियो का घात स्थान है। वह स्थान बहुत विस्तार वाला है, जिसमे बिना काठ के आग जलती है। ऐसे उस स्थान मेपूर्व जन्म अत्यन्त क्रूर कर्म किये है वे प्राणी अपने पाप का फल भोगने के लिए बधे हुए निवास करते हैं। वे प्राणी कैसे है ? जोर-जोर से रोते रहते है और चिरकाल तक निवास करते है।

चिया महतीउ समारभित्ता,
छुब्भति ते त कलुण रसत।
आवट्टती तत्थ असाहुकम्मा,
सप्पी जहा पडिय जोइमज्झे॥

टीकार्थ—नरकपाल विशाल चिता बना कर करुण रोदन करते हुए नारकी जीव को उसमे डाल देते है। वह पापी उस चिता मे जा कर द्रव हो जाता है। जैसे आग मे डाला हुआ घृत द्रव हो जाता है। इसी तरह वह भी द्रव हो जाता है। परन्तु नरक भाव के प्रताप से प्राणरहित नही होता है।

सदा कसिण पुण घम्मठाण,
गाढोवणीय, अइदुक्खधम्म।
हत्थेहि पाएहि य बधिऊण,
सत्तुव्व डडेहि समारभति॥

टीकार्थ—हमेशा सब भाग मे उष्ण एक दूसरा गर्म स्थान है। जो

दृढ अर्थात् निधत्त निकाचित अवस्था वाले कर्मों से प्राप्त होता है तथा जो स्वभाव से ही अत्यन्त दु ख देने वाला है। ऐसे यातना स्थान मे माण रहित नारकी जीव को हाथ पर बाध कर नरकपाल डाल देते हैं और वहा उस दशा मे पडे हुए उनको शत्रु की तरह डण्डो से मारते हैं।

भंजति बालस्स वहेण पुट्ठी,
सीसंपि भिंदति अओघणेहिं।
ते भिन्नदेहा फलगं व तच्छा
तत्ताहि आराहि णियोजयति॥

टीकार्थ—नरकपाल, बेचारे नारकी जीव की पीठ पीडा देने वाले लाठी आदि के प्रहार से मार कर तोड देते हैं तथा लोहे के घन से मार कर उनका सिर चूर-चूर कर देते हैं। अपि शब्द से दूसरे भी उनके अग तथा उपागो को घन से मार कर चूर-चूर कर देते हैं। इस प्रकार जिनके अग और उपाग चूर-चूर कर दिये गये हैं ऐसे नारकीय जीव शरीर के दोनों भागों मे आरा के द्वारा चीर कर पतले किये जाते हैं। फिर गर्म आरा से पीडित किये जाते हुए वे सीसा पीने आदि कार्यों मे प्रवृत्त किये जाते हैं।

अभिजुंजिया रुद्द असाहुकम्मा,
उसुचोइया हत्थिवहं वहंति।
एगं दुरुहित्तु दुवे ततो वा,
आरुस्स विज्झति ककाणओ से॥

टीकार्थ—नरकपाल, नारकी जीवो को दूसरे नारकी जीवो के हनन करने आदि कर्मों मे लगा कर अथवा पूर्व जन्म में उनके द्वारा

किये हुए प्राणियो के घात आदि कार्यो का स्मरण कराकर जन्मान्तर मे अशुभ कर्म किये हुए नारकी जीवो को बाणो से मार कर हाथी की तरह भारवहन कराते हैं। इसी तरह उस नारकी से भी भारी भार-वहन कराते हैं जैसे हाथी पर चढकर उससे भार वहन कराते हैं। इसी तरह उस नारकी से भी सवारी ढोने का काम लेते हैं। अथवा जैसे हाथी भार वहन करता है, इसी तरह उस नारकी से भी भार वहन कराते है। हाथी की तरह भार-वहन करना जो यहा कहा है, वह उपलक्षण मात्र है। इस तरह ऊट की तरह भार-वहन करना भी समझ लेना चाहिए। नरकपाल नारकीय जीवो से किस प्रकार भार वहन कराते है, सो शास्त्रकार दिखाते हैं। उस नारकी के ऊपर एक, दो या तीन व्यक्तियो को बैठा कर उनका उससे वहन कराते है। अत्यन्त भार होने के कारण जब वे वहन नही करते है तो वे क्रोधित हो कर चाबुक आदि के द्वारा उनको मारते हैं तथा उनके मर्म स्थान का वेध करते हैं।

बाला बला भूमिमणुक्कमता,
पविज्जल कटइल महत।
विवद्धतप्पेहि विवण्णचित्ते,
समीरिया कोट्टबलि करिति ॥

टीकार्थ—बालक के समान पराधीन नारकी जीव रुधिर आदि से पिच्छिल तथा कण्टकाकीर्ण पृथ्वी पर चलते हुए मन्द गति से चलने पर बलात्कार से तेज चलाये जाते हैं। तथा दूसरे मूर्छित नारकीय जीव को अनेक प्रकार से बाधकर पाप कर्म से प्रेरित नरक-पाल खड खड काट कर नगर बलि के समान इधर-उधर फैक देते हैं, अथवा उन्हे नगर की बलि कहते हैं।

वेतालिए नाम महाभितावे,
एगायते पव्वयमतलिक्खे ।
हम्मति तत्था बहुकूरकम्मा,
पर सहस्साण मुहुत्तगाण ।।

टीकार्थ—नाम शब्द सम्भावना अर्थ मे आया है। वह यह बताता है कि यह बात हो सकती है। जैसे कि महान् ताप से युक्त अर्थात् महान दुःख देना जिसका प्रधान कार्य है ऐसे आकाश मे एक शिला के द्वारा बनाया हुआ, दीर्घ, परमाधार्मिको से रचित एक पर्वत है। वह पर्वत अन्धकार रूप है। इसलिए हाथ के स्पर्श से उस पर चढते हुए पूर्व जन्म मे पाप किये हुए नारकी जीव हजार मुहूर्तों से अधिक काल तक परमाधार्मिको के द्वारा मारे जाते है। यहा सहस्र शब्द उप-लक्षण है। इसलिए चिरकाल तक वे मारे जाते हैं, यह समझना चाहिए।

संबाहिया दुक्कडिणो थणति,
अहो यराओ परितप्पमाणा।
एगतकूडे नरए महंते,
कूडेण तत्था विसमे हता उ ।।

टीकार्थ—एकदम से पीडित किये हुए महापापी जीव रात दिन दुःख से पीडित होकर करुण रोदन करते रहते हैं। जिसमे एकान्त रूप से दुःख की उत्पत्ति का स्थान है, ऐसे विस्तृत नरक मे पडे हुए प्राणी गले में फासी डालकर अथवा पत्थरो के समूह से उस विषम स्थान में मारे जाते हुए केवल रोदन ही किया करते हैं।

भजति ण पुव्वमरी सरोस,
समुग्गरे ते मुसले गहेतु ।
ते भिन्नदेहा रुहिर वमता,
ओमुद्धगा धरणितले पडति ॥

टीकार्थ—दूसरे जन्म के वैरी के समान परमाधार्मिक, अथवा दूसरे जन्म के अपकारी नारकी जीव दूसरे नारकी जीवो के अगो को क्रोध सहित मुद्गर और मुसल लेकर गाढ प्रहार से तोड देते हैं। रक्षक रहित वे नारकी जीव, शस्त्र के प्रहार से चूर्णित शरीर होकर रुधिर वमन करते हुए अधोमुख पृथ्वी पर गिर जाते हैं।

अणासिया नाम महासियाला,
पागब्भिणो तत्थ सयासकोवा ।
खज्जति तत्था बहुकूरकम्मा,
अदूरए सकलियाहि बद्धा ॥

टीकार्थ—नरकपालो के द्वारा बनाये गए विशाल शरीर वाले भूखे बड़े ढीठ रौद्ररूप निर्भय गीदड उस नरक मे होते हैं। नाम शब्द सम्भावना अर्थ मे आया है। यह नरक मे सम्भव है यह वह बताता है। वे गीदड हमेशा क्रोधित रहते हैं। उन गीदडो के द्वारा उस नरक मे रहने वाले एक दूसरे के समीपवर्ती, तथा लोहे की जजीर मे बधे हुए पूर्व जन्म के पापी जीव खाये जाते हैं।

सयाजला नाम नदी भिदुग्गा,
पविज्जल लोहविलीणतत्ता ।
जसी भिदुग्गसि पवज्जमाणा,
एगायऽताणुक्कमणं करेंति ॥

टीकार्थ—जिसमे सब समय जल भरा रहता है उसे सदाजला कहते हैं, अथवा जिसका सदाजला नाम है ऐसी नरक की एक नदी है। वह बडी विषम अर्थात् कष्टदायिनी है। उसका जल अत्यन्त उष्ण और क्षार पीब तथा रक्त से मलिन रहता है। अथवा रक्त से भरी हुई होने के कारण वह बडी पिच्छल है। अथवा वह विस्तृत गम्भीर जल वाली है अथवा वह प्रदीपजला यानी अत्युष्ण जल वाली है। यह शास्त्रकार दिखलाते हैं। आग से तपा हुआ अत एव द्रव को प्राप्त जो लोह उसके समान ताप वाली वह नदी है। अर्थात् अत्यन्त ताप से तप कर गले हुए लोह के समान उसका जल गर्म रहता है। ऐसी सदाजला नामक अति विषम नदी मे पडे हुए नारकी जीव अकेले रक्षक रहित तैरते हैं।

एयाइ फासाइ फुसंति बाल
निरन्तरं तत्थ चिरट्ठितीय ।
ण हम्ममाणस्स उ होइ ताणं,
एगोसय पच्चणु होइ दुक्ख ॥

टीकार्थ—अब शास्त्रकार उद्देशक को समाप्त करते हुए फिर भी नारकीय जीवों का दुख बतलाने के लिए कहते हैं। पहले के दो

उद्देशो मे जिनका वर्णन किया है वे दुख विशेष परमाधार्मिको के द्वारा किये हुए अथवा परस्पर के द्वारा किये हुए अथवा स्वभाव से किये हुए जो अति कटु हैं ऐसे अति दुःसह रूप रस गध स्पर्श औरशब्द शरण रहित नारकी जीव को सदा पीडित करते रहते है। पलक गिराने मात्र काल तक भी उनको दुख से छुट्टी नही मिलती। वे नारकीय जीव चिरकाल तक उस नरक मे निवास करते हैं। क्योकि रत्नप्रभा नामक पृथ्वी मे उत्कृष्ट सागरोपम काल की स्थिति है। और दूसरी शकर प्रभा के उत्कृष्ट तीन सागरोपम काल की स्थिति है। बालुका मे सात, पङ्क मे दश, धूमप्रभा मे सत्रह, तम प्रभा मे बाईस एव महातम प्रभा सातवी पृथ्वी मे तैतीस सागरोपम काल की उत्कृष्ट स्थिति है। इन पृथ्वी मे गये हुए और कर्म के द्वारा उत्कृष्ट स्थिति पाये हुए तथा दूसरे के द्वारा मारे जाते हुए अपने किये हुए कर्म का फल भोगने वाले नारकीय जीव की कोई भी रक्षा नही कर सकना। क्योंकि नरक दुख भोगते हुए लक्ष्मण का उस दुख से रक्षा करने के लिए उद्यत होकर भी सीतेन्द्र रक्षा नही कर सके, ऐसा सुना जाता है। इस प्रकार प्राणी अकेला अर्थात् जिन लोगों के लिए उसने पाप का उपार्जन किया था उनसे रहित होकर अपने कर्म के फल स्वरूप दुख भोगता है। कोई भी उसके दुख मे भाग नही लेता, वह कहता है कि— मैंने अपने परिवार के लिए अत्यन्त दारुण कर्म किये। उस कम के बदले मे अकेला दुख भोग रहा हू। परन्तु उसका फल भोगने वाले मुझको छोड गये आदि।

ज जारिस पुव्वमकासि कम्म,
तमेव आगच्छति सपराए।
एगतदुख भवमज्जणित्ता,
वेदति दुक्खी तमणत दुक्ख॥

टीकार्थ—प्राणियो ने पूर्व जन्म मे जैसी स्थिति वाला तथा जैसा प्रभाव वाला जो कर्म किया है, वह वैसा ही अर्थात् जघन्य मध्यम और उत्कृष्ट स्थिति वाला उसी तरह ससार मे प्राणियो को प्राप्त होता है। भाव यह है कि तीव्र मद और मध्यम जैसे बन्ध के अध्यवसायो से जो कर्म बाधा गया है, वह तीव्र मद और मध्यम ही विपाक उत्पन्न करता हुआ उदय को प्राप्त होता है। जिस प्राणी ने सुख के लेश से भी रहित एकान्त रूप से जिसमे दु ख ही होता है। ऐसे नरकभव के कारण स्वरूप कर्मों का अनुष्ठान किया है, वे एकान्त दु खी होकर पूर्वोक्त असाता वेदनीय रूप दु ख जो अनन्त और किसी से भी शान्त करने योग्य नही तथा प्रतीकार रहित है, उसे भोगते हैं।

एताणि सोच्चा णरगाणि धीरे,
न हिंसए किंचण सव्वलोए।
एगंतदिट्ठी अपरिग्गहे उ,
बुज्झिज्ज लोयस्स वस न गच्छे।

टीकार्थ—फिर भी शास्त्रकार इस उद्देशक की समाप्ति के व्याज से उपदेश देते है—जिनका वर्णन पहले किया गया है। ऐसे नरको को अर्थात् नरक मे होने वाले दु खो को सुन कर बुद्धि से सुशोभित बुद्धिमान पुरुष यह कार्य करे। वह कार्य शास्त्रकार दिखलाते हैं—त्रस और स्थावर भेद वाले समस्त प्राणी रूप लोक मे किसी भी प्राणी की हिंसा न करे तथा जीवादि तत्वो में निश्चल दृष्टि रखता हुआ अर्थात् अविचल सम्यक्त्व को धारण करता हुए एव जिसे लोग सुख के लिए चारो ओर से ग्रहण करते हैं, ऐसे परिग्रह को वर्जित करता हुआ तथा तु शब्द से अथवा आदि और

अन्त के ग्रहण से मृषावाद, अदत्तादान और मैथुन को भी त्यागता हुआ पुरुष अशुभ कर्म करने वाले अथवा अशुभ कर्म का फल भोगने वाले जीवो को अथवा कषायो को स्वरूपत जानकर उनके वश मे न जाए।

एव तिरिक्खे मणुया सुरेसु,
चतुरत्तऽणत तयणु व्वाग ।
स सव्वमेय इति वेइत्ता,
कखेज्ज काल धुयमायरेज्ज त्तिवेमि ॥

टीकार्थ—जो दु ख विशेष पहले गये है, वे दूसरी जगह भी होते हैं—यह बताने के लिए शास्त्रकार कहते हैं—अशुभ कर्म करने वाले प्राणियो को तिर्यंच, मनुष्य और अमरभव मे भी चतुर्गतिक तथा और उसके अनुरूप विपाक प्राप्त होता है। इन सब बातो को पूर्वोक्त रीति से बुद्धिमान पुरुष जानकर सयम का आचरण करता हुआ मृत्यु काल की प्रतीक्षा करे। भाव यह हैं कि चतुर्गतिक ससार में पडे हुए जीवो को केवल दु ख मिलता हैं, इसलिए बुद्धिमान पुरुष मरण पर्यन्त मोक्ष या सयम के अनुष्ठान मे तत्पर रहे। इति शब्द समाप्ति अर्थ का द्योतक है।

दशाश्रुत स्कन्द सूत्र

जे नरगा अतोवट्टा बाहि चउरसा अहे खुरप्प सठाण-सठिया, निच्चधकार-तमसा ववगय-गह-चदसूर-णक्खत्त-जोइस-प्पहा, भेद-वसा-मस रुहि-पूयपडल-चिक्खल-लितापुलेव-पालता, असुइविसा, परमदुब्भिगघा, काउय—अगीण—वण्णाभा, कक्खड—फासा, दुरहि-यासा, असुभा नरगा, असुभा नरये वेयणा, नो चेतन नरए नेरइता निद्दायनि वा पयलायति वा सति वा धिति वा मति वा उवलभयति, तेसा तत्थ उज्जल विगल पगाढ कक्कस कडुय चडे दुग्ख दुग्ग निक्ख

तिव्व दुक्खहियस नरएस्सु नेरइया नरय—वेयण पच्चणुवभवमाणा विहरंति।

टीकार्थ—इस सूत्र मे नरक व नरक के दु खो का दिग्दर्शन कराया गया है, जैसे—नरक का भीतरी भाग गोलाकार और बहिर्भाग चतुष्-कोण है। नरको की भूमि क्षुर (उस्तरा) के समान तीक्ष्ण है। वहा ज्योतिश्चक्र के न होने से निरन्तर अन्धकार रहता है। परमाधर्मी देव नारकियो को दु ख देने के लिए अनेक अनिष्ट पदार्थों को वैक्रिय (विकुर्वणा) करते है। जैसे—भेद (चर्बी), वसा मास, रुधिर और पीक आदि की विकुर्वणा कर उनसे भूमि-तल का लेप किया जाता है। कथित पदार्थों की उत्कट गध से सब नरक व्याप्त रहते हैं। कृष्णाग्नि की प्रभा के समान वहा के सब पदार्थ तप्त रहते हैं। नारकी जीव सदैव दु सह वेदना का अनुभव करते हैं। उनकी निद्रा, प्रचला (बैठे-बैठे निद्रा लेना), स्मृति, रति, बुद्धि, धृति आदि सब नष्ट हो जाते हैं। इससे ये सदैव उज्ज्वल, निर्मल, विपुल, प्रगाढ, कर्कश, कटुक, चण्ड, रौद्र, रूक्ष, दुर्गम, अति दु खद तीव्र वेदना का अनुभव करते हुए विचरते हैं। तात्पर्य यह है कि नरक मे निमेष मात्र के लिए भी सुख नही होता। सदैव उत्कट से उत्कट दु ख का अनुभव वहा करना पडता है। यह सब दु ख पूर्व कर्मों के उन बुरे कर्मों का फल होता है जिनको आत्मा—नास्तिक मत का अनुयायी होकर चलता था।

प्रश्न व्याकरण सूत्र

(आश्रव द्वार)

नरक मे जिस प्रकार का दु ख नारकी भोगते है सो कहते हैं, वहा नरक क्षेत्र और क्षेत्रो से बडे है। वहा वज्ररत्न की भिति विस्तीर्ण और सन्धि रहित है, कठोर भूमितल है, कर्कश स्पर्श है, विषम—ऊचा नीचा स्थान है, वहा चारक गो जैसे उत्पात के स्थान हैं, वहा भित के ऊपर के भाग मे नैरयिक के उत्पत्ति स्थान रूप मे बिल है, वे सदैव उष्ण, तप्त, अशुभ दुर्गंधमय, अवश्य चिता उत्पन्न करने वाले, बीभत्स, अमनोज्ञ दर्शनीय, सदैव हिम के पडल जैसे शीतल स्थान हैं। वे स्थान कृष्ण वर्ण वाले, काली कातिवाले रौद्र, भयकर, महागम्भीर, देखने से ही रोम खडे होवे वैसे, अदर्शनीय और उत्पन्न हुए पीछे पूर्ण स्थिति भोगे बिना नही निकल सके वैसे हैं। वहा के जीव सदैव व्याधि, रोग व वृद्धावस्था से पीडित रहते हैं। वहा के स्थान सदैव अन्धकार होने से तिमिस्र गुफा के समान चारो ओर भयकर उचाट उत्पन्न करने वाले हैं। वहा नरक में चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र व तारा आदि ज्योतिषि नही हैं। नरक स्थान मेद, चरबी, मास इत्यादि समूह से परिपूर्ण है, आम रुधिर से मिश्रित है। दुर्गन्छा वाले अत्यन्त चिकने रस से व्याप्त हैं, सडा हुआ, बिगड कर विद्रप दुर्गंधमय कर्दम वहा रहा हुआ है। वहा नरक मे कुम्हार की

भट्टी जैसी जाज्वल्यमान अग्नि तथा मोमर रूप (राख से ढकी हुई) अग्नि है वहा वैक्रय किये खड्ग, छुरा, करवत इत्यादि शस्त्र अति ही तीक्ष्ण हैं, वृश्चिक की पूछ जैसा वक्र और विषमय कटक समान है, सडासादि शस्त्र से खीच कर नैरयिको को नीचे पटकते हैं। उन को नरक का स्पर्श अति दुख निवारक नही है, अत्यन्त दुखप्रद परिताप वाले पूर्वकृत कर्म प्राप्त होने से निरन्तर वेदना भोगते हुवे रहते हैं। वहा परमाधर्मी देव परिताप उत्पन्न करते हैं। वे अनेक प्रकार के विकराल रूप बनाते हैं वैसे ही शस्त्र कुशस्त्र का वैक्रेय बना कर विविध प्रकार के दुख देते हैं। इस से वह नैरयिक अति आकुल व्याकुल हो रहे हैं। नरक मे उत्पन्न हुए पीछे अन्तर्मुहूर्त मे उन को वैक्रिय लब्धि की प्राप्ति होती है। इस से वे अपना शरीर बनाते हैं वह शरीर हुडक सस्थान वाले होते हैं बीभत्स दुर्गंधा उत्पन्न करे वैसे होते हैं उन को स्वत को ही भयकर दीखते हैं उन मे हड्डी, स्नायु, नाडियो जाल इत्यादि कुछ भी नही है। अशुभ दुख सहन करने मे शक्तिमन्त होते हैं, वहा आहारादि पाचो प्रयाप्ति पूर्ण बाधे पीछे वहा के दुखो का अनुभव पूर्णपने करते हैं जैसे वहा की अशुभ उज्ज्वल वेदना होती है। वह कहते है उस नरक की जमीन का उत्कृष्ट खरखरा अग्नि समान तप्त दुख-दायक पाव के स्पर्श मात्र से मस्तक पर्यंत वेदना होवे वैसा (बिच्छु के समान) स्पर्श है, ऐसी घोर दारुण वेदना वहा के जीव अनुभवते हैं, यहा के जीव तो वहा तत्काल ही मृत्यु प्राप्त हो जावे ऐसा विषम स्थान है। शिष्य प्रश्न करता है कि वहा के जीव कैसे वेदना अनुभव

करते हैं। (उत्तर) वहा लोहमय कुभी ऊट की गर्दन, तिजोरी के डण्डे, सीदड, और डव्वे जैसी है इन मे नैरयिक जीवो को चावल जैसे पकाते है, शाक जैसे राधते हैं, कडाई मे तलते हैं, भट्टी मे भुजते है, तिल की तरह घाणी मे पीलते हैं, मुद्गर से कूटते हैं, शिला पर पछाडते हैं, शाल्मली वृक्ष नीचे वैठा कर लोहमय कटक जैसे पत्र से छेदन करते हैं, लोहमय कटक की लता से भेद कर इधर उधर खीचते है कुहाडे से लक्कड जैसे फाडते है। चक्की मे दाने की तरह पीसते हैं, हाथ पग्व ग्रीवा सब एकत्रित कर बाधते हैं, लकडी के सैकडो प्रहार से कूटते है चावुक कोरड से ताडन करते हैं क्षार से गालते हैं बिलात्कार से शरीर बिलूरते है, वृक्ष पर उल्टे लटकाते हैं, शूली मे पिरोते हैं। वहा के यमदेव ऐसा कहते हैं कि तुम ने शास्त्र के अर्थ विपरीत करके लोगो को ठगा, अथवा लोगो को उल्टा मार्ग बताया, ऐसा कह कर उन की जिव्हा का छेदन करते हैं, और लोहमय कटक वाले पथ पर चलाते हैं, अरे पापिष्ट! यह तेरे स्वय कृत कर्म हैं इसे अवश्यमेव भोगना होगा, यो कह कर उनको विछूडते है, चोर की तरह भूमि मे खडडा कर गाढते हैं, नरक की महाग्नि मे जलाते है, अत्यन्त गाढा प्रहार करते हैं, तद्रूप वेदना है वह वेदना वेदते महाभय के उत्पादक, कर्कश, कठिन, असाता वेदनीय कर्म के उदय रूप तथा शारीरिक और मानसिक यथोचित कर्मो के अनुसार दुख भोगते रहते हैं, उनको ऐसी दुसह वेदना पापकर्म के उदय से आई हुई है। बहुत पल्योपम तथा सागरोपम पर्यन्त इस प्रकार प्रकट दुख भोगते ही रहते है, वे परमाधर्मी

से त्रास पाये हुये आर्त स्वर से आक्रन्द करते हुए और भय भ्रान्त बने हुए चिल्लाते हैं, कि अहो शक्तिमान ! स्वामिन ! भ्रात, तात ! तुम जयवत रहो ! मैं मर रहा हूं मुझे छोड दो, मैं दुर्बल हूं. व्याधि से पीडित बना हुआ हूं थोडी देर के लिए मुझे छोडो, यो दारुण रौद्र स्वर से चिल्लाते हैं, अरे मुझे तो न मारो अहो थोडी देर ठहरो, मुझ श्वास लेने दो विश्राम लेने दो मुहूर्त भर, अरे, इतनी मेरे पर दया करो, मेरे जैसे दीन पर कोप मत करो मेरे श्वास का रुन्धन हुआ जा रहा है, मुझे थोडी देर के लिए छोड दो, मैं मर रहा हूं, मैं बडा दुखी हूं और भी नरक के दुख कहते हैं मुझे प्यास लग रही है मुझे पानी पिलाओ, ऐसा जब बोलते है तब यमदेव कहते हैं कि यह निर्मल शीतल पानी ले लो—यो कह कर तप्त किया हुआ व अग्नि से गाला हुआ सीसे का रस उसकी अजली मे डालते हैं। वे पानी के भ्रम से उसे लेते हैं परन्तु जाज्वल्यमान सीसे का रस देखते ही भयभीत हो जाते हैं सब अगोपाग धूजने लगते हैं। आखो से अश्रु झरते हैं और कहते हैं कि मुझे अब तृषा नही है मुझे पानी नही पीना है यो करुणाजनक विलाप करता हुआ दशोदिशि मे भागता फिरता है वहा उसे दुख से छुडाने वाला कोई नही है वह अनाथ अशरण बन कर विशेष भागता है जैसे सिंह को देख कर भयभीत बना हुआ मृग वन मे भागता है इस प्रकार भागते हुए को वे यम बलात्कार से पकडते हैं निर्दयी बन कर लोह दड से उसका मुख फाड कर कलकलाट करता (उकलता) ऊष्ण सीसे का रस उसके मुख मे डालते हैं वह नैरयिक ऐसा अत्यत दुख से त्रासित बन कर विलाप करता है तब परमाधर्मी हसते हैं चिढाते हैं! सीसे के उष्ण रस से प्रज्वलित बने हुए नैरयिक जीव करुणा–

जनक स्वर से रुदन करते है और घायल हुए कबूतर जैसे तडफते है यो आलाप विलाप व दयाजनक आक्रन्द करते हैं तब निर्दयी परमाधर्मी उनकी तर्जना ताडना करते हैं, अति भयकर शब्द से उनको त्राम उत्पन्न करते हैं इस तरह दु ख से पीडित व आकुल व्याकुल बने हुए नैरयिक मे से कितनेक का व्यक्त वचन और कितनेक का अव्यक्त वचन सुन कर वे परमाधर्मी पुन कुपित होते हैं और लकडी आदि के प्रहार बडे जोर से करते है, खड्ग से छेदन करते हैं, भाले से भेदते हैं, चक्षुओ को बाहिर निकाल देते है वाह प्रमुख उपाग काटते है कृत विकृत करते हैं। पुन मारते है, विशेष प्रकार से गलहत्या देकर धक्का मुक्की लगाकर निकालते हैं। फिर खीच कर लाते है, उन्हे उठाते है नीचे पटकते हैं और कहते हैं कि अरे दुष्ट तू यह वचन किस को सुनाता है ? तू तेरे पाप कर्म के प्रभाव से ही दु खित होता है, तूने कैसे कर्म किये है उनका स्मरण कर। इस तरह उन के पूवकृत कर्मो का स्मरण कराते हैं, कृत कर्म कह सुनाते है अरे दुष्ट ! तू अकृत्य करने वाला है ऐसा कह कर उन की निर्भत्सना करते हैं इस प्रकार नैरयिको के दीन वचन से परमाधर्मी के तर्जनकारी वचन से नरक मे सदैव हाहाकार मचता है, वह हाहाकार ही महात्रास करने वाला है यथा दृष्टान्त जैसे किसी नगर मे चारो ओर दाव लगने से वहा रहे हुए मनुष्य का कोलाहल शब्द होता है वैसे नरक मे सदैव कोलाहल मचा रहता है। यह अत्यन्त अनिष्ट होता है इस प्रकार के शब्द नरक मे सुनाई देते हैं।

वहा नरक मे खड्ग समान वन है इस मे प्रवेश करने से ही

नैरयिक चिल्लाते हैं । उन के शरीर खड-खड हो जाते हैं, सूई के अग्र जैसा तीक्ष्ण वन है तेजाब अथवा क्षार आदि की भरी हुई बावडिया हैं इस मे प्रवेश करते ही नैरयिक गल जाते हैं, वैतरणी नदी है, कलबुक पुष्प समान तप्त बालु के वन हैं, इस मे प्रवेश करने से ही नैरयिक भुजा जाते हैं। भरोटे गोखरू के वन, तीक्ष्ण कटक के वन, ऐसे वन है वहा पर तप्त किया हुआ लोहमय रथ मे नैरयिको को जोत कर तप्त किये हुए विषम मार्ग मे चलाते हैं और जिस प्रकार शस्त्र से दुख देते हैं, सो कहते हैं—अब शिष्य प्रश्न करता है कि तीसरी नरक नीचे कैसा शस्त्र है। उत्तर-पुद्गल करवत, त्रिशूल, गदा, मूशल, भाला, बाण, शूल लकडी, भिडमाल, पट्टा चिमटा दुधारी, खड्ग, धनुष्य, तीर, करनक, कतरणी वसोला, फरसी, कुहाडी, ये सब अतीव तीक्ष्ण निर्मल, भल-भलाट करते हुए अनेक प्रकार के खराब शस्त्र का वैक्रेय बना कर और उससे सज्ज बन कर पूर्वभव के तीव्र वैरभाव से चकसाते हुए नैरयिक सम्मुख बन कर महती वेदना की उदीरना करते हैं एकेक को मारते हैं यम के प्रहार से मस्तक फल जैसे टूटते हैं, और जैसे बढई लकडी तरासता है, वैसे ही उन के अगोपाग छेदित करते हैं, उस पर अत्यन्त ऊष्ण क्षार जैसा पानी का सिंचन करते हैं, इस दुख से वे अत्यन्त दुखित होते हैं। उन के शरीर मे ज्वाला होती है भाला के अग्र से शरीर भेदाने से सम्पूर्ण शरीर छिद्र मय बन जाता है वे दीन नैरयिक भूमि पर पड कर जर्जरित होते हैं, और उन के सब अगोपाग के रुधिर निकलता है वहा नरक मे चित्ता, श्वान, शृगाल, काक, बिल्ली, अष्टपद, चित्रा, व्याघ्र, शार्दूल, सिंह, मदोन्मत्त और क्षुधा से पीडित भोजन से सदैव

रहित, घोर रौद्र क्रिया करने वाले विकराल रूप बनाने वाल पशु अपने पाव मे उन के शरीर ले कर दृढ तीक्ष्ण दाढो से काटते है अति तीक्ष्ण नखो से शरीर फाडते हैं शरीर का चर्म उधेडते हैं शरीर को दशो दिशा मे बिखेरते हैं उन के शरीर बन्धन इस से शिथिल हो जाते हैं वे शरीर और बुद्धि से विकल बन जाते हैं वैसे शरीर को काक, ढ क, गृद्ध सामली, रोधक, महावायस इत्यादि पक्षी अपनी तीक्ष्ण नख से कुचर कर चमडी निकलाते हैं और मास आदि तोड कर मुख मे से जिव्हा निकाल कर और आखे फोड कर खा जाते हैं, इस प्रकार दु ख से आकुल व्याकुल बने हुए नरक जीव भट्टी मे जैसे चने ऊचे उछलते हैं, फिर नीचे गिरते हैं, और इधर उधर परिभ्रमण करते है, पूर्व कर्मोदय से उन के चित्त मे ज्वलन होने से अपने कृतकर्मो की निन्दा करते हैं कि मैं ने बहुत बुरा किया, यो पाप का पश्चात्ताप करते हैं इस तरह रत्न प्रभादि नरक मे उक्त प्रकार के प्राणतिपात रूप पाप का आचरण कर और उम से चिक्कने कर्म का बन्ध कर परमाधर्मी कृत और परस्पर कृत, और क्षेत्र जन्य वेदना से अति ही पीडित बन कर पाप के फल अनुभवते हैं

जीवाभिगम सूत्र

प्र०— नारकी किसे कहते हैं ?

उ०— नारकीय के सात भेद कहे हैं, जिन के नाम प्रथम पृथ्वी के नारकीय, दूसरी पृथ्वी के नारकीय तीसरी पृथ्वी के नारकीय, चौथी पृथ्वी के नारकीय, पाचवी पृथ्वी के नारकीय छठी पृथ्वी के नारकीय, सातवी पृथ्वी के नारकीय ।

प्र०— अहो भगवन ! प्रथम पृथ्वी का क्या नाम व क्या गोत्र हैं ।

उ०— अहो गौतम ! प्रथम पृथ्वी का नाम घम्मा व गोत्र रत्न॰ प्रभा है।

प्र०—अहो भगवन ! दूसरी पृथ्वी का क्या नाम वगोत्र है ?

उ०— अहो गौतम ! दूसरी पृथ्वी का वशा नाम व शर्करप्रभा गोत्र है। इस भांति से सब का कहना, तीसरी पृथ्वी का नाम शीला व बालु प्रभा गोत्र है। चौथी का अजना नाम व पकप्रभा गोत्र है। पाचवी पृथ्वी का रिठटा नाम व धूमप्रभा गोत्र है। छठी पृथ्वी का मघा नाम व तम प्रभा गोत्र है, सातवी पृथ्वी माघवती नाम व तमतमा गोत्र है।

प्र० – अहो भगवन् ! इस रत्न प्रभा पृथ्वी का पिण्ड कितनी मोटाई मे है ?

उ०— अहो गौतम ! एक लाख ४० हजार योजन का मोटा है। ऐसे प्रश्नोत्तर आगे भी जानना, अर्थात् शर्करप्रभा पृथ्वी का एक लाख ३२ हजार योजन का जाडपना है। बालुक प्रभा का एक लाख अठाईस हजार योजन का जाडपना है। पकप्रभा का एक लाख बीस हजार योजन का जाडपना है। धूम्रप्रभा का एक लाख अठारह हजार योजन का जाडापन है। तम प्रभा का एक लाख सोलह हजार योजन का जाडपना है। और सातवी तमस्तम प्रभा का एक लाख आठ हजार योजन का पृथ्वी पिण्ड है।

प्र०— अहो भगवन ! रत्नप्रभा पृथ्वी के कितने भेद हैं ?

उ०— अहो गोतम ! रत्नप्रभा पृथ्वी के तीन भेद कहे है। खरकाड अर्थात् कठिन काड यह जो अपन रहते हैं सो। अच्छा

सुन्दर पृथ्वी का भूमि भाग है । यही खरकाड है, तत्पश्चात् दूसरा पंकबहुल काड है, अर्थात् इस मे कीचड व कचरा बहुत होता है। तीसरा अपबहुल्य काड, अर्थात् इस मे पानी की बहुलता बहुत है ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के खरकाण्ड के कितने, भेद कहे है ?

उ०—अहो गौतम ! इस के सोलह भेद कहे है । तद्यथा—रत्न काण्ड, वज्र काण्ड, वैडूर्य काण्ड लोहिताक्ष काण्ड, मसारगल्ल काण्ड, सौगन्धिक काण्ड, ज्योति रत्न काड, अजन काण्ड, अजन पुलाक काड रजत काड, जातरूप काड, अक काण्ड और रिष्ट काड, ये सोलह भेद खर काड के हुए ।

प्र०—रत्नप्रभा पृथ्वी मे पहला रत्न काड कितने प्रकार का है ?

उ०—अहो गौतम ! रत्न काड का एक ही आकार कहा है, यो रिष्ट काड पर्यन्त सब का जानना ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के पक बहुल काड के कितने भेद हैं ?

उ०—अहो गौतम ! वह एक ही प्रकार का है ।

प्र०—अहो भगवन ! अपबहुल काड के कितने भेद कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! उस का एक ही भेद कहा है ।

प्र०—अहो भगवन ! शर्करप्रभा पृथ्वी के कितने भेद कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! शर्करप्रभा पृथ्वी एक प्रकार की है, यो नीचे की सातवी पृथ्वी तक जानना ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी मे कितने नरकावास कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी मे तीस लाख नरकावास कहे हैं । यो शर्करप्रभा मे पचीस लाख, बालुकप्रभा मे १५ लाख, पकप्रभा मे दस लाख, धूम्रप्रभा मे तीन लाख, तम प्रभा मे एक लाख, नरकावास मे पाच कम, और तमस्तम प्रभा में पाच नरकावास हैं । ये अनुत्तर, महालय व महानरकावास है । इन के नाम—काल, महा काल, रौरव, महारौरव और अप्रतिष्ठान प्रत्येक पृथ्वी नीचे घनोदधि आदि का सद्भाव है या नही इस का प्रश्न करते हैं ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी नीचे पिण्ड भूत पानी का समूह रूप घनोदधि, पिण्ड भूत वायु का समूह रूप घनवात, विरल परिणाम को प्राप्त वायु के समूह रूप तनुवात और शुद्ध आकाश रूप अवकाशान्तर हैं क्या ?

उ०—हा गौतम ! ऐसे ही है, यों सातवी पृथ्वी तक जानना ।

प्र०—अहो भगवन ! रत्नप्रभा पृथ्वी सम्बन्धी जो खरकाण्ड है, उस का जाडपना कितना है ?

उ०—अहो गौतम ! इस का जाडपना १६ हजार योजन का है ।

प्र—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का रत्न काड कितना जाडा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक हजार योजन का जाडपना है । यों रिष्ट पर्यंत कहना ।

सुन्दर पृथ्वी का भूमि भाग है । यही खरकाड है, तत्पश्चात् दूसरा पकबहुल काड है, अर्थात् इस मे कीचड व कचरा बहुत होता है। तीसरा अपबहुल्य काड, अर्थात् इस मे पानी की बहुलता बहुत है ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के खरकाण्ड के कितने, भेद कहे है ?

उ०—अहो गौतम ! इस के सोलह भेद कहे हैं। तद्यथा—रत्न काण्ड, वज्र काण्ड, वैडूय काण्ड लोहिताक्ष काण्ड, मसारगल्ल काण्ड, सौगन्धिक काण्ड, ज्योति रत्न काड, अजन काण्ड, अजन पुलाक काड रजत काड, जातरूप काड, अक काण्ड और रिष्ट काड, ये सोलह भेद खर काड के हुए।

प्र०—रत्नप्रभा पृथ्वी में पहला रत्न काड कितने प्रकार का है ?

उ०—अहो गौतम ! रत्न काड का एक ही आकार कहा है, यो रिष्ट काड पर्यन्त सब का जानना ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के पक बहुल काड के कितने भेद हैं ?

उ०—अहो गौतम ! वह एक ही प्रकार का है।

प्र०—अहो भगवन ! अपबहुल काड के कितने भेद कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! उस का एक ही भेद कहा है ।

प्र०—अहो भगवन ! शर्करप्रभा पृथ्वी के कितने भेद कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! शर्करप्रभा पृथ्वी एक प्रकार की है, यो नीचे की सातवी पृथ्वी तक जानना।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी मे कितने नरकावास कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी मे तीस लाख नरकावास कहे हैं। यों शर्करप्रभा मे पचीस लाख, वालुकप्रभा में १५ लाख, पकप्रभा में दस लाख, धूम्रप्रभा मे तीन लाख, तम प्रभा मे एक लाख, नरकावास मे पाच कम, और तमस्तम प्रभा में पाच नरकावास हैं। ये अनुत्तर, महालय व महानरकावास है। इन के नाम—काल, महा काल, रौरव, महारौरव और अप्रतिष्ठान प्रत्येक पृथ्वी नीचे घनोदधि आदि का सद्भाव है या नही इस का प्रश्न करते हैं।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी नीचे पिण्ड भूत पानी का समूह रूप घनोदधि, पिण्ड भूत वायु का समूह रूप घनवात, विरल परिणाम को प्राप्त वायु के समूह रूप तनुवात और शुद्ध आकाश रूप अवकाशान्तर हैं क्या ?

उ०—हा गौतम ! ऐसे ही है, यों सातवी पृथ्वी तक जानना।

प्र०—अहो भगवन ! रत्नप्रभा पृथ्वी सम्बन्धी जो खरकाण्ड है, उस का जाडपना कितना है ?

उ०—अहो गौतम ! इस का जाडपना १६ हजार योजन का है।

प्र—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का रत्न काड कितना जाडा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक हजार योजन का जाडपना है। यों रिष्ट पर्यंत कहना।

प्र०—अहो भगवन ! रत्नप्रभा पृथ्वी के पकबहुल काड की कितनी मोटाई है ?

उ०—अहो गौतम ! इसका चौरासी हजार योजन का जाडपना है।

प्र०—अहो भगवन् ! अपबहुलय काड की जाडाई कितनी हैं ?

उ०—अहो गौतम ! ४० हजार योजन का जाडपना है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का घनोदधि कितना जाडा है ?

उ०—अहो गौतम ! २० हजार योजन का घनोदधि जाडा है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का घनवात कितना जाडा है ?

उ०—अहो गौतम ! असख्यात हजार योजन का जाडा है। ऐसे ही तनुवात व आकाशान्तर का जानना ।

प्र०—अहो भगवन् ! शर्करप्रभा पृथ्वी का घनोदधि कितना जाडा है।

उ०—अहो गौतम ! बीस हजार योजन का जाडा है।

प्र०—अहो भगवन् ! शर्करप्रभा पृथ्वी का घनवात कितना जाडा कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! असस्यात हजार योजन का है। ऐसे ही तनुवात व आकाशातर का जानना और ऐसे ही तमस्तम पृथ्वी पर्यन्त कहना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का पिंड एक लाख ४० हजार योजन का है। उसके विभाग करते हुए उनके द्रव्य

किस वर्ण से काले, नीले, पीले, लाल व शुक्ल गध से सुरभि गध वाले व दुरभि गध वाले हैं। रस से तिक्त, कटुक, कषाय, अबिल व मधुर हैं। स्पर्श से कर्कश मृदु, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध, व रूक्ष स्पर्श वाले हैं। सस्थान से और परिमडल वर्तुल, त्र्यस, चौरस व, लबगोल है और क्या वे परस्पर बधे हुए, परस्पर स्पर्श हुए, परस्पर अवगाहे हुए, परस्पर स्नेह से लगे हुए व परस्पर सबध करके क्या रहे हुए है ?

उ०—हा गौतम! वैसे ही हैं। ऐसे ही खर काण्ड १६ हजार योजन का हैं। उसका प्रश्न करना और उसके द्रव्य भी वैसे ही यावत् परस्पर बधे हुए हैं। ऐसे ही रिष्ट काण्ड पर्यन्त कहना। इसी तरह रत्नप्रभा पृथ्वी का चौरासी हजार योजन का पकबहुल काड का जानना और ४० हजार योजन का अपबहुल काड का जानना। रत्नप्रभा पृथ्वी का २० हजार योजन का घनोदधि असख्यात हजार योजन का घनवात, तनुवात व आकाशातर जानना।

प्र०—अहो भगवन! शर्कर प्रभा पृथ्वी का एक लाख २६ हजार योजन का पृथ्वी पिंड है। उसके विभाग करते हुए उनके द्रव्य वर्ण से काले, नीले पीले, लाल व सफेद यावत् परस्पर सबध करके क्या रहे हुए हैं ?

उ०—हा गौतम! वैसे ही रहे हुए हैं। ऐसे ही शर्करप्रभा पृथ्वी के २० हजार योजन का घनोदधि, असख्यात हजार योजन का घनवात, तनुवात व आकाशातर का जानना और ऐसे ही सातवी तमस्तम पृथ्वी पर्यत कहना।

प्र०—अहो भगवन! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का सस्थान कैसा है ?

उ०—अहो गौतम ! इसका सस्थान झालर के आकार का है। अर्थात् विस्तीर्ण वलयाकार है ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का खर काण्ड का सस्थान कौन सा है ?

उ०—अहो गौतम ! झालर का सस्थान है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का सस्थान कैसा है ?

उ०—अहो गौतम ! झालर का है। ऐसे हो रिष्ट पर्यन्त सोलह प्रकार के रत्नो का है । पकबहुल, अपवहुल काण्ड का, घनोदधि घनवात, तनुवात, व आकाशान्तर सबका झालर का सस्थान जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! शर्करप्रभा पृथ्वी का क्या सस्थान कहा है ?

उ०—झालर का सस्थान कहा है। ऐसे ही शर्करप्रभा पृथ्वी के घनोदधि यावत् आकाशातर पर्यन्त कहना । जैसे शर्करप्रभा की वक्तव्यता कही, वैसे ही सातवी तमस्तम प्रभा पर्यन्त सब का कहना ।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के पूर्व दिशा के अन्त से कितना दूर लोक का अन्त कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! बारह योजन जावे तब अलोक रहा हुआ है। ऐसे ही दक्षिण, पश्चिम व उत्तर दिशा से अलोक दूर जानना।

प्र०—अहो भगवन ! शर्करप्रभा पृथ्वी के पूर्व दिशा के चरिमांत से कितने दूर लोकान्त कहा है।

उ०—एक योजन के तीन भाग करे, वैसा एक भाग कम तेरह योजन लोकान्त कहा है। ऐसे ही चारो दिशा का जानना।

प्र०—अहो भगवन् । बालुकप्रभा की पूर्व दिशा से लोकान्त कितना दूर कहा है।

उ०—अहो गौतम ! तेरह योजन व एक योजन का तीसरा भाग इतना दूर लोकान्त रहा है। ऐसे ही बालुप्रभा नारकी की शेष तीनो दिशा का जानना । पकप्रभा की चारो दिशाओ से चौदह योजन पर लोकान्त रहा हुआ है । धूमप्रभा की चारो दिशाओ से पन्द्रह योजन मे एक योजन का तीसरा भाग कम का लोकात रहा हुआ है। तम प्रभा की चारो दिशाओ से पन्द्रह योजन व एक योजन का तीसरा भाग लोकान्त रहा हुआ है। और सातवी तमस्तम प्रभा से सोलह योजन व एक 'योजन का लोकात रहा हुआ है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा की पूर्व दिशा के चरमात के कितने भेद हैं ?

उ०—अहो गौतम ! इसके तीन भेद कहे हैं, घनोदधि वलय, घनवात वलय व तनुवात वलय।

प्र०—अहो भगवन ! रत्नप्रभा पृथ्वी की दक्षिण दिशा के चरमात के कितने भेद कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! तीन भेद कहे हैं। घनोदधि, घनवात व तनुवात। ऐसे ही सब पृथ्वी की चारों दिशाओ मे तीन-२ वलय रहे हुए है। यो सातवी पृथ्वी का जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के घनोदधि की जाडाई कितनी कही है।

उ०—अहो गौतम ! छ योजन की जाडाई कही गई है।

प्र०—अहो भगवन ! शर्करप्रभा पृथ्वी के घनोदधि वलय की कितनी जाडाई कही है ?

उ०—अहो गौतम ! छ योजन व एक योजन का तीसरा भाग की जाडाई कही है। बालुकप्रभा की पृच्छा ? सात योजन व तीसरा भाग अधिक की तम प्रभा का तीसरा भाग कम आठ योजन की व तमस्तम प्रभा की घनोदधि की आठ योजन की जाडाई है।

प्र०—अहो भगवन् ! इम रत्नप्रभा पृथ्वी के घनवात वलय की कितनी जडाई कही है ?

उ०—अहो गौतम ! चार योजन की जाडाई है। शर्करप्रभा की पृच्छा, पाच यीजन मे एक कोश कम की जाडाई कही है। ऐसे ही बालुकप्रभा की पाच योजन की, पकप्रभा की पाच योजन व एक कोश, धूमप्रभा की पाच योजन दो कोश, तम प्रभा की एक कोश कम छ योजन और तमस्तम प्रभा की छ योजन की जाडाई कही है।

प्र०—अहो भगवन् ! रत्नप्रभा के तनुवात बलयाकार की कितनी जाडाई कही है।

उ०—अहो गौतम ! रत्नप्रभा की छ कोश की जाडाई कही है। ऐसे शकरप्रभा के तनुवात को छ कोश तीसरा भाग, बालुक प्रभा मे तीमरा भाग कम सात कोश, पकप्रभा के तनुवात की सात कोश की जाडाई, धूमप्रभा मे सात कोश व तीसरा भाग, तम प्रभा मे तीमरा भाग कम आठ कोश और तमस्तम प्रभा मे आठ कोश की जाडाई जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के घनोदधि वलय छ

योजन का जाडा है। उसको क्षेत्र छेद से छेद देने से उनके द्रव्यो से वर्ण काले यावत परस्पर सबन्ध वाले क्या हैं ?

उ०—हा गौतम ! वैसे ही हैं ?

यो सातवी नरक तक सब का कहना, इसमे जहा-जहा जितना जाडपना है उतना जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का धनवात साढे चार योजन का जाडा है। उसका छेद करने से उसके द्रव्य वर्ण से काले वण वाले यावत् परस्पर सबन्ध वाले हैं क्या ?

उ०—हा गौतम ! वैसे ही हैं। यो सातवी नरक के धनवात का कहना, परन्तु जितना २ जाडपना है उनको इतना जाडपना कहना। ऐसे ही तनुवात वलय का सातवी पृथ्वी तक कहना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के घनोदधि का सस्थान कैसा है ?

उ०—अहो गौतम ! वर्तुल वलयाकार सस्थान है। यह घनोदधि रत्नप्रभा पृथ्वी के चारों तरफ घेर कर रहा हुआ है। ऐसे ही सातो पृथ्वी के घनोदधि का जानना।

प्र०—इस रत्नप्रभा पृथ्वी का घनवात का सस्थान कौन सा है ?

उ०—अहो गौतम ! वर्तुल वलयाकार रहा हुआ है। इससे रत्न प्रभा पृथ्वी का घनोदधि चारो तरफ घेराया हुआ रहा है। यो सातो पृथ्वी के घनवात का जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का तनुवात वलय का क्या सस्थान कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! वर्तुल वलयाकार सस्थान कहा है। इससे रत्न प्रभा पृथ्वी का घनवात चारो तरफ से घेराया हुआ है। यो सातो पृथ्वी के तनुवात का जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा, की लम्बाई-चौडाई कितना कही है ?

उ०—अहो गौतम ! असख्यात योजन की लबाई चौडाई कही है।

प्र०—अहो भगवन् ! इसकी परिधि कितनी कही है ?

उ०—अहो गौतम ! असख्यात योजन की परिधि कही है। सातवी पृथ्वी तक जानना।

प्र०—यह रत्नप्रभा पृथ्वी अन्त मे, मध्य मे आदि सब स्थान जाडाई मे क्या समान है ?

उ०—हा गौतम ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी अन्त मे, मध्य मे वगैरह सब स्थान जाडाई मे समान है। ऐसे ही सातो पृथ्वी का जानना।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पथ्वी मे सब जीवो सामान्यपना से काल के अनुक्रम से पहले उत्पन्न हुए अथवा सब जीवो समकाल मे उत्पन्न हुए ?

उ०—अहो गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी मे काल के अनुक्रम से जीव उत्पन्न हुए। परन्तु समकाल मे सब जीव उत्पन्न नही हुए। क्योकि सब जीव एक ही काल मे रत्नप्रभा नारकी मे उत्पन्न हो जायें तो अन्य देवनारकी के भेद का अभाव होवे। यो सातवी नारकी तक जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का सब जीव ने काल के अनुक्रम से पहिले परित्याग किया अथवा समकाल मे क्या परित्याग किया ?

उ०—अहो गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का कालक्रम से सब जीवो ने परित्याग किया। परन्तु एक समय मे सब जीवो ने परित्याग नही किया। ऐसे ही सातवी पृथ्वी तक जानना।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी मे कालानुक्रम से क्या सब पुद्‌गलो ने प्रवेश किया अथवा सम काल मे सब पुद्‌गलो ने प्रवेश किया ?

उ०—अहो गौतम ! कालानुक्रम से रत्नप्रभा पृथ्वी मे पुदगलो ने प्रवेश किया ? । परन्तु एक काल में सब पुद्‌गलो ने प्रवेश नही किया। यो सातवी पृथ्वी तक कहना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्न प्रभा पृथ्वी का कालानुक्रम से सब पुदगलो ने क्या त्याग किया अथवा एक काल मे सब पुद्‌गलो ने त्याग किया ?

उ०—अहो गौतम ! इस रत्नप्रभा का कालानुक्रम से पहिले सब पुद्‌गलो ने त्याग किया। परन्तु एक समय मे सब पुद्‌गलो का त्याग किया नही, यूँ सातवी पृथ्वी तक जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी क्या शाश्वत है या आशाश्वत है ?

उ०—अहो गौतम ! स्यात् शाश्वत है स्यात् आशाश्वत है।

प्र०—अहो भगवन् ! ऐसे कैसे होवे ?

उ०—अहो गौतम ! द्रव्य आदि शाश्वत हैं और वर्ण, गंध, रस व स्पर्श पर्यंव आदि आशाश्वत हैं इससे अहो गौतम ऐसा कहा गया है कि रत्नप्रभा पृथ्वी स्यात् शाश्वत व स्यात् आशाश्वत् है। यूं सातवी पृथ्वी तक कहना है।

प्र०—अहो भगवन् ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी काल से कितनी है ?

उ०—अहो गौतम ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी अतीत काल मे नही थी वैसा नही। वर्तमान काल मे नही है वैसा नही और भविष्य काल मे नही होगी वैसा भी नही, परन्तु यह अतीत काल मे थी, वर्तमान काल मे है और भविष्य काल मे होगी, यह ध्रुव, नित्य, शाश्वत, अक्षय, अव्यय अवस्थित है। यो सातवी पृथ्वी तक कहना है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से नीचे के चरिमात तक अवाध से कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से खरकाण्ड के नीचे के परिमात तक कितना अन्तर कहा ह ?

उ०—अहो गौतम ! सोलह हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन् ! रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से रत्न काण्ड के नीचे के चरिमात तक मे कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से वज्र रत्न काण्ड के ऊपर के चरिमात तक कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक हजार योजन का अन्तर कहा है ।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा के पृथ्वी नीचे के चरिमात से वज्र रत्न काण्ड के नीचे के चरिमात से कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! यो हजार योजन का अन्नर कहा है । यो रिष्ट पर्यन्त सब कहना । रिष्ट के ऊपर के चरिमात तक मे पन्द्रह हजार योजन, नीचे के चरिमात मे सोलह हजार योजन का अन्तर कहा है ।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात तक मे अबाधा से कितना अन्तर कहा ?

उ०—अहो गौतम ! सोलह हजार योजन का अन्तर कहा है । इसके नीचे के चरिमात तक मे एक लाख का अबाधा से अन्तर कहा है । अपबहुल काण्ड के ऊपर के चरमात तक मे एक लाख योजन का अन्तर कहा है और इसके नीचे के चरमात तक एक लाख अस्सी हजार योजन का अन्तर कहा है । घनोदधि के ऊपर के चरमात तक दो लाख योजन का अन्तर कहा है । रत्नप्रभा पृथ्वी के उपर के चरमात से घनवात के उपर के चरमात तक एक लाख योजन का अन्तर होता है और इसके नीचे के चरमात तक असख्यात लाख योजन का अन्तर जानना । रत्नप्रभा पृथ्वी के चरमात से तनुवात के ऊपर के असख्यात लाख योजन का अन्तर है, और नीचे के चरमात तक भी असख्यात लाख योजन का अन्तर है ।

उ०—अहो गौतम ! द्रव्य आदि शाश्वत हैं और वर्ण, गंध, रस व स्पर्श पर्यव आदि आशाश्वत हैं इससे अहो गौतम ऐसा कहा गया है कि रत्नप्रभा पृथ्वी स्यात् शाश्वत व स्यात आशाश्वत् है। यू सातवी पृथ्वी तक कहना है।

प्र०—अहो भगवन् ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी काल से कितनी है ?

उ०—अहो गौतम ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी अतीत काल मे नही थी वैसा नही। वर्तमान काल मे नही हे वैसा नही और भविष्य काल मे नही होगी वैसा भी नही, परन्तु यह अतीत काल मे थी, वर्तमान काल मे है और भविष्य काल मे होगी, यह ध्रुव, नित्य, शाश्वत, अक्षय, अव्यय अवस्थित है। यो सातवी पृथ्वी तक कहना है।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से नीचे के चरिमात तक अवाध से कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से खरकाण्ड के नीचे के परिमात तक कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! सोलह हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन् ! रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से रत्न काण्ड के नीचे के चरिमात तक मे कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन्! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात से वज्र रत्न काण्ड के ऊपर के चरिमात तक कितना अन्तर कहा है?

उ०—अहो गौतम! एक हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन्! इस रत्नप्रभा के पृथ्वी नीचे के चरिमात से वज्र रत्न काण्ड के नीचे के चरिमात से कितना अन्तर कहा है?

उ०—अहो गौतम! यो हजार योजन का अन्तर कहा है। यो रिष्ट पर्यन्त सब कहना। रिष्ट के ऊपर के चरिमात तक मे पन्द्रह हजार योजन, नीचे के चरिमात मे सोलह हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन्! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरिमात तक मे अबाधा से कितना अन्तर कहा?

उ०—अहो गौतम! सोलह हजार योजन का अन्तर कहा है। इसके नीचे के चरिमात तक मे एक लाख का अबाधा से अन्तर कहा है। अपबहुल काण्ड के ऊपर के चरमात तक में एक लाख योजन का अन्तर कहा है और इसके नीचे के चरमात तक एक लाख अस्सी हजार योजन का अन्तर कहा है। घनोदधि के ऊपर के चरमात तक दो लाख योजन का अन्तर कहा है। रत्नप्रभा पृथ्वी के उपर के चरमात से घनवात के उपर के चरमात तक एक लाख योजन का अन्तर होता है और इसके नीचे के चरमात तक असख्यात लाख योजन का अन्तर जानना। रत्नप्रभा पृथ्वी के चरमात से तनुवात के ऊपर के असख्यात लाख योजन का अन्तर है, और नीचे के चरमात तक भी असख्यात लाख योजन का अन्तर है।

ऐसे ही आकाशातर का जानना।

प्र०—अहो भगवन ! शर्करप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरमात से ना। के चरमात तक कितना अन्तर है ?

उ०—अहो गौतम ! एक लाख बत्तीस हजार योजन का अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन ! शर्करप्रभा पृथ्वी के ऊपर के चरमात से घनोदधि के नीचे के चरमात तक कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! एक लाख बावन हजार योजन का अन्तर है। घनवात व आकाशातर का असख्यात लाख योजन का अन्तर है। यो सातवी तमस्तम प्रभा पृथ्वी तक जानना, परन्तु पृथ्वी की जितनी जाडाई होवे उसमे घनोदधि अपनी-अपनी बुद्धि से भी लाना।

इस तरह बालुप्रभा का एक लाख अडतालीस हजार योजन का अन्तर है। पकप्रभा का एक लाख चालीस हजार योजन का अन्तर, धूमप्रभा का एक लाख अडतीस हजार योजन का अन्तर, तम प्रभा का एक लाख छतीस हजार योजन का अन्तर तमस्तम प्रभा का एक लाख और अठ्ठाईस हजार योजन का अन्तर जानना।

प्र०—अहो भगवन् ! सातवी पृथ्वी के ऊपर के चरमात से उसके आकाशातर के नीचे के चरमात तक मे अबाधा से कितना अन्तर कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! असख्यात हजार योजन का अबाधा से अन्तर कहा है।

प्र०—अहो भगवन ! यह रत्नप्रभा पृथ्वी दूसरी शर्करप्रभा पृथ्वी की अपेक्षा जाडाई से क्या तुल्य, विशेषाधिक व सख्यातगुनी है और विस्तार मे भी क्या तुल्य, विशेष, हीन या सख्यातगुण हीन है ?

उ०—अहो गौतम ! शर्करप्रभा पृथ्वी की अपेक्षा रत्नप्रभा पृथ्वी जाडाई मे तुल्य नही है, विशेषाधिक है और सख्यातगुनी नही है और विस्तार मे तुल्य नही है, विशेषहीन है, व सख्यातगुण हीन नही है ऐसे ही तीसरी की अपेक्षा दूसरी का कहना चौथी की अपेक्षा तीसरी का कहना, छठी की अपेक्षा पाचवी का कहना, और सातवी की अपेक्षा छठी का कहना। यह नारकी का पहला उद्देश्य सपूण हुआ।

प्र०—अहो भगवन् ! पृथ्विया कितनी कही हैं ?

उ०—अहो गौतम ! सात पृथ्विया कही है। तद्यथा रत्नप्रभा यावत् सातवी तमस्तम प्रभा।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का पिण्ड एक लाख अस्सी हजार योजन का है। उसमे से ऊपर कितना अवगाहा हुआ है, नीचे कितना बचा हुआ है, बीच मे कितना रहा हुआ है और नरकवास कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी का पिण्ड एक लाख अस्सी हजार योजन का है। उसमे से एक हजार योजन ऊपर छोड कर एक योजन नीचे छोडकर शेष एक लाख अठत्तर हजार योजन की बीच मे पाताल है। इसमे तीस लाख नरकावास कहे हैं। वे नरकावास अन्दर से वर्तुलाकार, बाहर से

चौकोन यावत नरक मे अशुभ वेदना कही। सब पाठ को अपेक्षा अवालिकागत गोल त्रिकोन चौरस व पुष्पावकीर्ण अर्थात् विविध प्रकार से सस्थानवाले हैं नीचे का पृथ्वीतल क्षुर जैसा कठोर है। वहा सदैव अधकार है, मात्र तीर्थंकर के जन्म व दीक्षा काल मे प्रकाश होता है। तीर्थंकर के कल्याण समय मे प्रकाश होता है। वहा चन्द्र सूर्यादि ज्योतिषी का प्रकाश नही है। रुधिर, मास, राध वगैरह के कीचड से नरक का भूमी तल लीपा हुआ है। नरकवास बहुत बीभत्स है, अत्यन्त दुर्गन्धमय है। मृत पशु के कलेवर से भी अधिक दुर्गन्धमय है। काली अग्नि की ज्वालाए निकलती हैं धगधगती कपोत वर्ण जैसे अग्नि की काति हुई है। वहा का गन्ध, रस व स्पर्श अति दु सह व अशुभ है, यह आसाता वेदना सब नरक मे कही हुई है, सब पृथ्वी मे एक हजार ऊपर व एक हजार नीचे उनके जाडपने मे से निकालकर शेष रहे सो पोलार समझना और पहले कहे सो नरकावास जानना। यो नीचे की सातवी पृथ्वी मे बडा स्थान वाले नरकावास हैं। सब मे प्रश्नोतर रत्नप्रभा जैसे ही करना यावत् सातवी पथ्वी मे कपोत वर्ण जैसा अग्नि जानना।

प्र०—अहो भगवन्! इस रत्नप्रभा पथ्वी मे रहे हुए तीस लाख नरकावास का कौन सा सस्थान कहा है?

उ०—अहो गौतम! नरकावास दो प्रकार के कहे हैं (क) आविलकागत, अर्थात श्रेणी मे रहे हुए और आवलिका से बाहिर उसमे आठो दिशी से श्रेणी मे रहे हुए नरकावास के तीन भेद कहे हैं।

(१) वर्तुलाकार (२) त्रिकून, (३) चौकून और जो आवलिका से बाहिर आठों दिशा से पृथक रहे, उन के संस्थान विविध प्रकार के कहे हैं। जिनके नाम कहते हैं, अपकोष्ठ लोहे का गोला जैसे, पाक स्थान, रसोई गृह के आकार से, कडाई बडा कडाइया स्थाली, पकाने की हंडी पिहडग (जिसमें बहुत मनुष्यो के लिए धान्य पकाया जावे) काला कुटज, मुरज, मृदग, नदीमुख सुघोष पडह, भेरी, झलरी, कुडवक व घरिया इत्यादि अनेक प्रकार के संस्थान वाले हैं। यो छठी तम प्रभा पृथ्वी पर्यन्त कहना।

प्र०—तमस्तम प्रभा पृथ्वी में नरकावास के संस्थान कौन से कहे है ?

उ०—अहो गौतम ! दो प्रकार के कहे हैं। वर्तुलाकार व त्रिकूनाकार हैं। सातवी पृथ्वी में पाँच नरकावास आवलिकागत है जिसमें-अप्रतिष्ठान नरकावास गोल है और शेष चार नरकावास त्रिकोन आकार वाले हैं। अब नरकावास का जाडापना कहते हैं।

प्र०—अहो भगवन ! रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास का जाडापना कितना कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! तीन हजार योजन का जाडपना कहा है। उस मे एक हजार योजन नीचे की पीठिका है। एक हजार योजना की पोलार है और एक हजार योजन ऊपर का मुख संकुचित है, यो सब मिला कर तीन हजार योजन का जानना। ऐसे ही सातवी पृथ्वी तक के नरकावास का जानना।

प्र०—अहो भगवन्! रत्नप्रभा पृथ्वी में नरकावास, लम्बाई, चौडाई व परिधि मे कितने कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम! कितनेक सख्यात योजन के लम्बे चौडे हैं कितनेक असख्यात योजन के लम्बे चौडे हैं। जो सख्यात योजन के लम्बे चौडे हैं, उनकी परिधि सख्यात योजन की है और जो असख्यात योजन के लम्बे चौडे हैं, उनकी परिधि असख्यात योजन की है। यो तम पृथ्वी पर्यन्त कहना सातवी पृथ्वी की पृच्छा। अहो गौतम! इस के दो भेद कहे हैं। कितनेक सख्यात योजन के विस्तार वाले हैं और कितनेक असख्यात योजन के विस्तार वाले हैं। उस में सख्यात योजन का विस्तार व सख्यात योजन की परिधि वाला अप्रतिष्ठान नरकावास है, उसकी लम्बाई चौडाई एक लाख योजन की है और तीन लाख सोलह हजार दो सो सतावीस योजन तीन गाउ है एक सौ अठाइस धनुष्य, साढे तेरह अगुल से कुछ अधिक की परिधि है और जो असख्यात योजन के विस्तार वाले चार नरकावास हैं वे असख्यात योजन के लम्बे चौडे हैं और असख्यात योजन की परिधि है।

प्र०—अहो भगवन्! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावास कैसे वर्ण वाले कहे हैं ?

उ०—काले, कालाभास वाले, गम्भीर लोमहर्ष वाले भयकर, त्रास उत्पन्न करने वाले व परम कृष्ण वर्ण वाले कहे हैं। यो सातवी नरक तक सब का कहना।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नरकावास कैसी गन्ध वाले कहे हैं ?

उ०—जैसे सर्प का मृत कलेवर, गाय का, कुत्ते का, मार्जार, का मनुष्य का, भैंस का, चूहे का, घोडे का, विगद का, हाथी का, सिंह का, व्याघ्र का, चीते का मृत कलेवर जो कि बहुत काल से पड़ा हुआ हो, विनष्ट हो जिसका मांस सड़ कर बिगड गया हो जिस में बहुत कीडे पड गये हों अशुचि वमन के क्लेश परिणाम का कारन वाला बीभत्स जैसी देखने में आवे दुर्गन्ध वैसी नारकी की दुर्गन्ध है, क्या यह अर्थ योग्य नही है। अहो गौतम ! नरकावास में इस से भी अधिक अनिष्ट अकत यावत् अमनामकारी दुर्गन्ध है। यो सातवी पृथ्वी तक कहना। अब स्पर्श का प्रश्न करते हैं।

प्र०—अहो भगवन् ! नरकावास का स्पर्श कैसा कहा है ?

उ०—अहो गौतम ! जैसे असिपत्र, क्षुरपत्र, कदब वीरिका, भाले की अनी, तीर का अग्रभाग, सूलि का अग्रभाग सूई के समूह का अग्रभाग कवच की फली का अग्रभाग, वृश्चिक का काटा, धूम्र रहित अग्नि, अग्नि की ज्वाला, अग्नि के कन, अग्नि से भिन्न २ बनी हुई ज्वाला, जला हुआ कोयला और शुद्धाग्नि इस प्रकार का क्या नरक का स्पर्श है। अहो गौतम ! इससे भी अनिष्टतर यावत् अमनामतर स्पर्श नरकावास का कहा है। पहिले नरकावास का विस्तार बतलाया था इसके विशेष विवरण के लिए उपमा से जानने के लिए प्रश्न करते हैं।

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नरकावास कितने बडे कहे हैं ?

उ०—अहो गौतम ! सब द्वीप समुद्र के मध्य में रहा हुआ सब से छोटा तेल से तला हुआ पूडे समान तथा चक्र जैसा गोल अथवा कमल की कर्णिका अथवा प्रतिपूर्ण चन्द्र के आकार जैसा गोल एक लक्ष योजन का लम्बा चौडा यावत् तीन लक्ष योजन से कुछ अधिक परिधि वाला यह जम्बूद्वीप है। ऐसे जम्बूद्वीप मे कोई महर्धिक यावत् महानुभाव देवता तीन चुटकी बजावे उतने समय में इक्कीस वार परिभ्रमण करके आ जावे ऐसी त्वरित, चपल, प्रचण्ड शीघ्र तथा उद्धत जयवत दिव्य देव गति से जाते हुए जघन्य एक दिन दो दिन तीन दिन उत्कृष्ट छ मास में कितनेक नरकवास उलघन कर सकते हैं और कितनेक का उलघन नहीं कर सकते । अहो गौतम ! नरकावास इतने बडे कहे हैं यो सातवी पृथ्वी तक जानना । उसमें कितनेक नरकावास का उलघन करते हैं और कितेतक का उलघन नही करते । अप्रतिष्ठान नरकावास एक लक्ष योजन का है उसका उलघन कर सकते हैं परन्तु जो चार नरकावास असख्यात योजन के हैं, उसका उलघन नही कर सकते ।

प्र०—अहो भगवन् ! रत्नप्रभा पृथ्वी मे नरकावास किस वस्तु मय है ?

उ०—अहो गौतम ! सब वज्र रत्नमय है उसमें बहुत खर बादर पृथ्वी काया के जीव पुद्गल आते हैं और जाते हैं परन्तु उनका सस्थान एक ही रूप में सदैव रहता है, इस लिए द्रव्य से

शाश्वत है वर्ण, गंध, रस, व स्पर्श पर्यव से आशाश्वत है यो सातवीं पृथ्वी तक जानना ।

प्र०—अहो भगवन् ! रत्नप्रभा पृथ्वी में नारकी कहा से उत्पन्न होते हैं ?

क्या असज्ञी में से उत्पन्न होते हैं ? परिसर्प अर्थात् गोधा, नकुलादि मे से उत्पन्न होते हैं पक्षी मे से आकर उत्पन्न होते हैं। चतुष्पद में से आकार उत्पन्न होते हैं स्त्री में से आकार उत्पन्न होते हैं मत्स्य में से उत्पन्न होते है अथवा मनुष्य में से उत्पन्न होते हैं ?

उ०—असज्ञी से यावत् मत्स्य व मनुष्य में से उत्पन्न होते हैं इसका खुलासा निम्नोक्त गाथा से कहते हैं। असज्ञी पचेन्द्रिय पहली नरक में जावे, सरिसर्प गोधा, नकुल प्रमुख दूसरी नरक तक जाते हैं। पक्षी तीसरी तक जाते हैं। सिंह व्याघ्र चतुष्पद आदि चौथी नरक तक जाते हैं। उरपरिसर्प पांचवी नरक तक जाते है। स्त्री छठी नरक तक जाती है। और मत्स्य व मनुष्य सातवी नरक में जाते हैं यावत् सातवीं पृथ्वी में असज्ञी तिर्यंच पचेंद्रिय यावत् स्त्री उत्पन्न नही होते हैं परन्तु मत्स्य व मनुष्य उत्पन्न होते हैं।

प्र०—अहो भगवन् ! एक समय मे रत्नप्रभा पृथ्वी में कितने नारकी उत्पन्न होते हैं ?

उ०—अहो गौतम ! जघन्य एक दो तीन उत्कृष्ट सख्यात असख्यात उत्पन्न होते हैं ऐसे ही सातवी पृथ्वी तक जानना ।

प्र०—अहो भगवन् ! रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकी असख्यात कहे हैं उसमें से समय २ एक २ कर निकालते कितने समय में सब नारकी खाली हो जावे ?

उ०—अहो गौतम ! नारकी असख्यात कहे हैं । उसमें से प्रति समय एक-एक नारकी जीव निकालते असख्यात अवसर्पिणी उत्सर्पिणी पर्यन्त निकाले तथापि नरकावास नारकी जीवो से खाली होवे नहीं व होवे गे भी नही, यों सातवी पृथ्वी तक जानना

प्र०—अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नारकी शरीर की अवगाहना कितनी बडी कही है ?

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक में विमान कितने ऊंचे है ? अहो गौतम ! ५०० योजन ऊंचे है । ऐसे ही सनत्कुमार और माहेन्द्र में ६०० योजन ऊंचे है ब्रह्म और लतक मे ७०० योजन ऊंचे, हैं महाशुक्र और सहसार मे ८०० योजन ऊंचे, आणत, प्राणत आरण और अच्युत मे ९०० योजन ऊंचे, हैं नव ग्रैवेयक ये विमान १००० योजन के ऊंचे है। और अनुत्तर विमान ११०० योजन की ऊंचाई वाले हैं । ।।३।।

अहो भगवन ! सौधर्म ईशान देवलोक में जो विमान

है, ये किस सस्थान वाले हैं ? अहो गौतम ! विमान के दो भेद आवलिका प्रविष्ठ सो श्रणिबद्ध और आवलिका बाहिर सो पुष्पावकीर्ण इनमें जो आवलिका प्रविष्ट है, वे वर्तुल, त्र्यस और चउरस यो तीन प्रकार के सस्थान वाले है और जो आमलिका बाहिर हैं व विविध प्रकार के सस्थान वाले हैं। ग्रैवेयक विमान पर्यंत कहना अनुत्तरोपपातिक मे विमान दो प्रकार के है, वर्तुल और त्र्यस ॥४॥

अहो भगवन ! सौधर्म ईशान देवलोक मे विमान कितने लम्बे चौडे है और कितनी परिधिवाले हैं ? अहो गौतम ! वे विमान दो प्रकार के है सख्यात योजन के विस्तार वाले और असख्यात योजन के विस्तार वाले यो नरक का कहा वैसे ही यहा जानना यावत् अनुत्तरोपपातिक सख्यात योजन के विस्तार वाले है इनमे जो सख्यात योजन के विस्तार वाले है वे जम्बूद्वीप प्रमाण है, और असख्यात योजन के विस्तार वाले यावत असख्यात योजन की परिधि कही है ॥५।

अहो भगवन ! सौधर्म ईशान देवलोक मे विमान कितने वर्ण वाले है ? अहो गौतम ! पाच वर्ण वाले कहे है। जिनके नाम-कृष्ण नील, लोहित हालिद्र और शुक्ल सनत्कुमार और माहेन्द्र मे चार वर्ण वाले विमान है जिनके नाम-नील, लोहित हालिद्र, और शुक्ल ब्रह्मदेवलोक और लतक में रक्त पीत और श्वेत यो तीन वर्ण वाले विमान है महाशुक्र सहस्रार मे पीत श्वेत ऐसे दो वर्ण वाले विमान है आणत प्राणत आरण

अच्युत ग्रैवेयक विमान मे शुक्ल वण वाले है और अनुत्तरोप-पातिक विमान परम शुक्ल वण वाले कहे है ।।६।।

अहो भगवन ! सोधर्म ईशान देवलोक मे विमान कैसो प्रभा वाले है ? अहो गौतम ! व सदव प्रकाशवत, उद्योतवत हैं और अपनो प्रभा सहित हैं यो अनुत्तर विमान पयत कहना वे भी सदैव प्रकाशवत है, सदैव उद्योतवन है और अपनी प्रभा सहित है ।।७।।

अहो भगवन ! सोधर्म ईशान देवलोक मे विमान कसी गन्ध वाले हैं ? अहो गौतम ! जैसे कोष्ट पुड़ा वगैरह सब वर्णन पूर्ववत् जानना इससे भी अधिक इष्टतर यावत् गधवाले कहे यो अनुत्तर विमान पर्यन्त कहना ।। अहो भगवन् ! सोधर्म ईशान देवलाक में विमान का कैसा स्पर्श कहा है ? अहो गोतम ! जैसे मृगचम रूई वगैरह सब स्पश का वर्णन करना यावन् अनुनोरपपातिक पर्यन्त जानना ।।८।।

अहो भगवन् ! सोधर्म ईशान देवलोक में विमान कितने बड़े कहे हैं ? अहो गौतम ! सब द्वीप समुद्र में यह जम्बूद्वीप एक लाख योजन का लम्बा चौडा है । इसकी परिधि ३१६२२७ योजन से कुछ अधिक है कोई देवता तीन चिमटी बजावे उतने मे इक्कीस बार इसकी पर्यटना कर आवे ऐसी दिव्य शीघ्रगति से छमास पर्यन्त परिभ्रमण करे तो भी कितनेक विमानों को उल्लघ सकता है और कितनेक विमानो को उल्लघ नही सकता है यो अनुत्तरोपपातिक विमान

पर्यन्त कहना इसमे कितनेक का उल्लघन कर सकते हैं और कितनेक का उल्लघन नही कर सकते है अर्थात् चार अनुत्तर विमान असख्यात योजन के है और सर्वार्थ सिद्ध विमान एक लक्ष योजन का है ।९॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक में विमान किस के हैं ? अहो गौतम ! सब वज्ररत्नमय है, वहा बहुत जीव और पुद्गल आते है, उत्पन्न होते है और चवते हैं वे द्रव्य से शाश्वत है और वर्ण पर्यायसे यावत् स्पश पर्याय से अशाश्वत है यो अनुत्तर विमान पर्यन्त जानना ॥१०॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे जीव कहा से आकर उत्पन्न होते हैं ? अहो गौतम ! सर्मूच्छिम वर्जकर तिर्यंच पचेंद्रिय और मनुष्य मे से उत्पन्न होते हैं, यो सहस्रार देव लोक पर्यन्त जानना, वहा से आगे मात्र मनुष्य उत्पन्न होते हैं ॥११॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे एक समय में कितने देव उत्पन्न होते हैं ? अहो गौतम ! जघन्य एक दो तीन उत्कृष्ट सख्यात असख्यात उत्पन्न होते है यो सहस्रार पर्यन्त कहना आणत से अनुत्तरोपापातिक तक एक दो तीन यावत् सख्यात उत्पन्न होते है ॥१२॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे से देवता को समय २ मे अपहरते कितने समय म अपहरण होवे ? अहो

गौतम ! वे देव असख्यात है प्रतिसमय एक २ अपहरण करते असख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी बीत जाय तो भी अपहरण नही होता है यो सहस्रार पर्यन्त कहना आणतादि चार देवलोक, नव ग्रैवेयक मे यावत् कितने काल मे अपहरण होवे ? अहो गौतम ! वे असख्यात देव हैं। वहा से प्रतिसमय एक-एक अव हरते २ सूक्ष्म क्षेत्र पल्योपम के असख्यातवे भाग तक अपहरण करे परन्तु अपहरन होवे नही अनुत्तरोपपातिक को पृच्छा ? अहो गौतम ! वे असख्यात है। प्रत्येक समय में एक एक अपहरण करते हुए पल्योपम के असख्यातवे भाग तक अपहरन करे किन्तु अपहरण नही होवे ॥१३॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवताओ के शरीर की कितनी अवगाहना कही है ? अहो गौतम् ! अवगाहना के दो भेद हैं तद्यथा—भवधारणीय और उत्तर वैक्रेय उस में भवधारणीय अवगाहना जघन्य अगुल का असख्यातवा भाग उत्कृष्ट सात हाथ, उत्तर वैक्रेय अवगाहना जघन्य अगुल का असख्यातवा भाग उत्कृष्ट एक लाख योजन की, यो एक एक हाथ कम करते अनुत्तरोपपातिक विमान मे एक हाथ की अवगाहना जानना अर्थात् सनत्कुमार माहेन्द्र में छ हाथ की, ब्रह्म और लतक मे पाच हाथ की, महाशुक्र सहस्रार मे चार हाथ की, आणत प्राणत आरण व अच्युत ये चार देवलोक में तीन हाथ की, नव ग्रैवेयक मे दो हाथ की और पाँच अनुत्तर विमान में एक हाथ की शरीर की अवगाहना है। नव ग्रैवेयक और पाच अनुत्तर विमान में उत्तर वैक्रेय शरीर नही करते हैं ॥१४॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो के शरीर कौन से संघयण वाले है ? अहो गौतम ! छ संघयण मे से एक भी संघयण नही है, क्योंकि उनको हड्डी, शिरा, नस नही है परन्तु जो इष्ट कान्त यावत् मनोज्ञ पुद्गल है वे संघयणपने परिणमते है यो अनुत्तरोपपातिक पर्यंत जानना ॥१५॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो के शरीर का संस्थान कैसा कहा है ? अहो गौतम ! उन के शरीर के दो भेद भवधारणीय और उत्तर वैक्रेय उन मे से जो भवधारणीय है वे सम चतुस्र संस्थान वाले है और जो उत्तर वैक्रेय है वे विविध प्रकार के संस्थान वाले है । यो अच्युत विमान पर्यंत कहना ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान में मात्र भवधारणीय शरीर है । इनका संस्थान सम चतुस्र है। उत्तर वैक्रेय वहा नही है ॥१६॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो के शरीर का वर्ण कैसा कहा ? अहो गौतम ! तप्त सुवर्ण समान रक्त वर्ण है । सनत्कुमार माहेन्द्र मे पद्म कमल की केसरा समान गौर वर्ण है, ब्रह्मदेवलोक में देवता का वर्ण आद्रमधुक वनस्पति समान पीला है, लतकादि से ग्रैवेयक पर्यंतमात्र एक शुक्ल वर्ण ही है और अनुत्तरोपपातिक देवो का शरीर परम शुक्लवर्ण वाले है ॥१७॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो के शरीर की गंध कैसी कही ? अहो गौतम ! जैसे कोष्टपुट यावत मनामतर गंध कही यो अनुत्तरोपपातिक पर्यंत कहना ॥१८॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो के शरीर का कैसा स्पश है ? अहो गौतम ! उनके शरीर स्थिर मृदु सुकोमल व स्निग्ध सुकोमल स्पशवत है, यावत् अनुत्तर विमान के देव पर्यन्त कहना ॥९॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक के देव कैसे पुद्गल उच्छवासपने ग्रहण करते है ? अहो गौतम ! जो पुद्गल इष्टकांत यावत् उच्छवासपने परिणमत है यो अनुत्तरोपपातिक पर्यन्त कहना ऐसे ही आहार के लिए पुद्गल ग्रहण करते है यो अनुत्तरोपपातिक पर्यन्त कहना ।।२०॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो को कितनी लेश्या कही है ? अहो गौतम ! एक तेजो लेश्या सनत्कुमार माहेन्द्र मे एक पद्म लेश्या, ब्रह्मलोक मे भी एक पद्मलेश्या और आगे सबमे शुक्ल लेश्या और अनुत्तरोपपातिक देव मे एक परम शुक्ल लेश्या है, ॥२१॥

सौधर्म ईशान देवलोक के देव क्या समदृष्टि मिथ्यादृष्टि, व समिथ्यादृष्टि है ? अहो गौतम ! तीनो दृष्टि है यो अच्युत पर्यन्त जानना ग्रैवेयक देव समदृष्टि और मिथ्यादृष्टि है परन्तु समभिक्यादृष्टि नही है, अनुत्तरोपपातिक देव एकात समदृष्टि है परन्तु मिथ्यादृष्टि और समिथ्यादृष्टि नही है ॥२२।

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक में देवता क्या ज्ञानी है, अज्ञानी है ? अहो गौतम ! दोनो है तीन ज्ञान व तीन

अज्ञान की नियमा यो अनुत्तर विमान पर्यन्त कहना अनुत्तरोप-पातिक की पृच्छा ? अहो गौतम ! तीन ज्ञान है ॥२३॥

तीन योग, दो उपयोग अनुत्तरोपपातिक पर्यन्त सब मे कहना ॥२४॥

सौधर्म ईशान देवलोक मे देव अवधिज्ञान से कितना जानते व देखते है ? अहो गौतम ! जघन्य अगुल का असख्यातवा भाग उत्कृष्ट नीचे यावत रत्न प्रभा पृथ्वी पर्यंत, ऊर्ध्व अपने-अपने विमान पर्यंत, और तीर्च्छी असख्यात द्वीप समुद्र पर्यंत इस तरह सौधर्म और ईशान वाले देव प्रथम नरक, सनत्कुमार माहेन्द्रवाले दूसरी नरक, ब्रह्मलोक लतक वाले तीसरी नरक महाशुक्र और सहस्रार वाले चौथी नरक, आणत प्राणत वाले पाचवी नरक, आरण अच्युत वाले भी पाचवी नरक, नीचे और मध्य की ग्रैवेयक वाले छठी नरक, ऊपर ग्रैवेयक वाले सातवी नरक और अनुत्तर विमान वाले कुच्छ कम समस्त लोक नाल देखते हैं ॥२५॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवो को कितनी समुद्घात कही है ? अहो गौतम ! पाँच समुद्घात कही है तद्यथा वेदना, कषाय, मारणातिक, वैक्रेय और तेजस ऐसे ही अच्युत पर्यंत कहना ग्रैवेयक और अनुत्तरोपपातिक मे तीन समुद्घात है वेदनीय कषाय और मारणातिक ॥२६॥

अहो भगवन ! सौधम ईशान देवलोक के देवता कैसी क्षुधा पिपासा अनुभवते हुए विचरते हे ? अहो गौतम ! वहा क्षुधा पिपासा नही है, यो अनुत्तरोपपातिक पर्यंत कहना ।२७।

अहो भगवन् ! सोधर्म ईशान देवलोक में देवता एक ही रुप की विकुर्वणा करने मे समर्थ है अथवा अनेक रुप की विकुर्वणा करने मे समर्थ है ? अहो गौतम ! एक रुप की भी और पृथक रूप की भी विकुर्वणा करने मे समर्थ है एक रूप करते हुए एकेन्द्रिय का रूप यावत् पचेन्द्रिय का रूप बनावे और बहुत रूप में पचेन्द्रिय के रूप यावत् पचेन्द्रिय के रुप बनावे उन्होने सख्यात असख्यात, सदृश, असदृश, सबद्ध असबद्ध रुप की विकुर्वणा की, विकुर्वणा करते है और विकुर्वणा करेंगे स्वय जैसी इच्छा करते है वैसा कार्य करते है यो अच्युत पर्यंत कहना ग्रैवेयक और अनुत्तरोपपातिक देव मे क्या एक रुप की विकुर्वणा करने मे समर्थ है अथवा अनेक रुप की विकुर्वणा करने मे समर्थ है ? अहो गौतम ! एक रूप और अनेक रुप की विकुर्वणा करने मे समर्थ तो है परन्तु उन्होने उनकी विकुर्वणा की नही करते नही और करेंगे भी नही ॥२८॥

अहो भगवन् ! सोधर्म ईशान देवलोक के देवता कैसा सुख का अनुभव करते हैं ? अहो गौतम मनोज्ञ शब्द यावत् मनोज्ञ स्पर्श का अनुभव करते हैं यावत ग्रैवेयक पर्यंत कहना, अनुत्तरोपपातिक में अनुत्तर शब्द यावत् अनुत्तर स्पर्श का अनुभव करते है ॥२९॥

अहो भगवन् ! सोधर्म ईशान देवलोक मे कैसी ऋद्धि कही है ? अहो गौतम ! वे महर्द्धिक, महाद्युति वाले यावत् महानुभाग हैं। यो अच्युत पर्यंत कहना ग्रैवेयक अनुत्तर विमान वाले

देव महर्द्धिक यावत् महानुभाग इन्द्र रहित अहमेन्द्र है ॥३०॥

अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक के देव की कैसी विभूषा कही है ? अहो गौतम ! वे दो प्रकार के हैं तद्यथा वैक्रेय शरीर वाले और वैक्रय बिना के शरीर वाले इन मे जो वैक्रेय शरीर वाले हैं वे हार से विराजित वक्षस्थल वाले यावत् दशो दिशि में उद्योत करते हुए प्रकाश करते हुए रहते हैं। यावत् प्रतिरूप है और जो वैक्रेय रहित शरीर वाले हैं वे आभरण वस्त्र रहित स्वाभाविक विभूषा वाले है । अहो भगवन् ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देवी कैसी विभूषा वाली कही हैं ? अहो गौतम ! उनके दो भेद कहे है। वैक्रेय शरीर वाली और वैक्रेय रहित शरीर वाली । जो वैक्रेय शरीर वाली हैं वे झाझर प्रमुख आभूषण सहित, शब्दवत सुवर्णमय घुघरी सहित है । प्रवर उत्तम वस्त्र पहिने हुए है, चन्द्र समान मुख है, चन्द्र समान विलासवाली है, अर्ध चन्द्र समान ललाट है । इगितादि और आकार से मनोहर वेश वाली है । सगत प्रमुख यावत् प्रतिरूप है और जो वैक्रेय बिना—भवधारणीय शरीर वाली देवांगना है व आभरण वस्त्र रहित स्वाभाविक शरीर की शोभा वाली है शेष देवलोक में देविया नही है इससे इनका कथन आगे नही किया है और अच्युत देवलोक पर्यंत देवो के शरीर की विभूषा का कथन सौधर्म ईशान देवलोक के देवो जैसा जानना । अहो भगवन् ! ग्रैवेयक देवो के शरीर की विभूषा कैसी है ? अहो गौतम ! आभरण वस्त्र रहित हैं वहा देवी नही है । स्वभाव से ही विभूषा वाले शरीर हैं। ऐसे ही अनुत्तरोपपातिक पर्यंत कहना ॥३१॥

अहो भगवन ! सौधर्म ईशान देवलोक मे देव कैसा काम भोग का अनुभव करते हैं ? अहो गौतम ! इष्ट शब्द इष्ट रूप यावत स्पर्श का अनुभव करते है। ऐसे ही ग्रैवेयक पर्यंत कहना अनुत्तरोपपातिक मे अनुत्तर शब्द यावत् अनुत्तर स्पर्श का अनुभव करते हैं स्थिति सबधी कहना। देव वहा से चवकर अन्यस्थान जाते है। वह भी कहना ॥३२॥

अहो भगवन् ! सब प्राण भूत जीव और सत्त्व सौधर्म ईशान देवलोक मे पृथ्वी काया पने यावत् वनस्पति कायापने, देवपने, देवीपने आसन, शयन यावत् भडोपकरणपने क्या पहिले उत्पन्न हुए ? हा गौतम ! एक वार अथवा अनतवार उत्पन्न हुए शेष देवीलोक मे वैसे ही कहना परन्तु वहा देवीपने उत्पन्न नहीं हुए यों अनुत्तरोपपातिक पर्यंत कहना, अनुत्तरोपपातिक मे वैसे ही कहना परन्तु वहा देवतापने नहीं उत्पन्न हुए। यह देव उद्देशा सम्पूर्ण हुआ।

उववाइ सूत्र

अहो भगवन ! जिसने संयम नहीं साधा, जिसने पापो से निवृति नही की वास्तविक श्रद्धान के द्वारा पापकर्म हलके नही किये और सर्वविरति से आते हुए पापकर्म नही रोके, वे जीव यहां से मर मर, दूसरे जन्म में क्या देव होते है ?

हे गौतम ! कोई देव होते है, कोई देव नही होते हे भगवन् ! आप किस कारण से इस प्रकार कहते हैं कि—कोई जीव देव होते हैं और कोई जीव देव नही होते ?

हे गौतम ! जो ये जीव ग्राम, आकर, नगर, निगम, राजधानी, खेड, कब्बड, मडंब, द्रोणमुख, पट्टण आश्रम, प्रवाह और सन्निवेशो मे, कर्मक्षयादि की इच्छा से रहित भूख-प्यास के सहने से ब्रह्मचर्य के पालन से अस्नान, शीत, आतप, मच्छर स्वेद (=पसीना), 'जल' (=रज), 'मल' (=सूखकर कठोर बना हुआ मैल) और पङ्क (=पसीने से गीला बना हुआ मैल) के परिताप से, थोड या बहुत काल तक, अपने को क्लेशित करके क्लेश देते हैं । थोडे वहुत समय तक अपने को क्लेशित करके काल के समय मे काल करके, वाणव्यन्तर देवो की जाती मे से किसी भी जाती मे, देव रूप से उत्पन्न होते हैं। वहा उनका

जाना स्थित रहना और देव रूप मे होना कहा गया है।

वदनीय कर्म की तीव्र वेदना के कारण, महनीय कर्म का वेदन मन्द हो जाता है। जिस से देवायु का वन्ध होता है।

हे भगवन्! उन देवो का आयुष्य, कितने काल का बतलाया गया है।

हे गौतम! दस हजार वर्ष की स्थिति बतलाई गई है।

भन्ते! उन देवो की ऋद्धि (परिवारादि सम्पत्ति) द्युति, (शरीर, आभरणादि की दीप्ति), यश (ख्याति) बल (शारीरिक प्राण) वीर्य (जीवप्रभाव या जीव जनित प्राण), पुरुषाकार (पुरुषाभिमान मर्दानगी) और पराक्रम (हिंमत भरा बहादुरी) है।

हां! है।

हे भगवन! क्या ये देव परलोक के आराधक हैं! यह आशय संगत नही हैं। अर्थात् वे परलोक क आराधक नही है।

ये जो इन ग्राम आकर सन्निवेशो मे मनुष्य होते है यथा—अन्दुक (लोहेया काठ के बन्धन विशेष) से जिनके हाथ पैर जकडे हुए है, वेडियो से जकडे हुए, कोडे में फसे हुए, अन्धकारमय कारागार मे पडे हुए, (सजा आदि के कारण) छिदे हुए हाथ, पैर, कान, नक होठ, जीभ, शीश, गलघण्टिका (मुख टेंटुआ)

कमर या उदर और जनेऊ के स्थल वाले (या जनेऊ के आकार मे छिदे हुए अगवाले।

जिनके हृदय का मास नोच लिया गया हो, जिनके नेत्र उखाड लिये गये हो जिनके दात उखडवा लिये हो जिनके अण्डकोश उखाडे गये हो जिनके गये के अवयव छेद दिये गये हो ऐसे व्यक्ति।

जिसे उसका देह से ही कोमल मास उखाड-उखाडकर खिलाया गया हो, जो रस्सी से बान्धकर खड्डे मे लटकाये गये हो जो भुजाओं से वक्ष की शाखा पर बाघे गये हो जो (चन्दन के समान) घिसे गये हो जो (दधिघट याघट के समान) घोलित (मथा गया) हुए हो, जो (लकडी के समान) कुठार से फाडे गये हो जो (इक्षु के समान) यन्त्र में पीले गये हो, जो शूली पर चढाये गये हो, जो शूल से भिन्न हो गये हों, ऐसे व्यक्ति, जिस पर क्षार डाला गया हो या जो क्षार में फेंके गये हो, जो गीले चमडे से बाघे गये हो जिन्हें सिंहपुच्छ से कर दिये गये हो ऐसे व्यक्ति।

टिप्पण 'सिंहपुच्छ यहा उपचार से' पुच्छ शब्द से 'मेहन' (लिग) का ग्रहन किया गया है। मैंथुन से निवत सिंह का मेहन अति घर्षण के कारण कदाचित् टूट जाता है। इस प्रकार किसी अपराध में राजपुरुष अपराधी के मेहन को तोड देते है उसे 'सिंह पुच्छित, कहते है अथवा हलक से लगाकर

पुतप्रदेश तक की चमडी उधेड कर सिहपुच्छा कार कर दी जाती है उसे सिह पुच्छा कहते हैं।

दावाग्नि से जले हुए कीचड में डूबे हुए कीचड में फसे हुए सयम से भ्रष्ट बनकर या भूख आदि परीषहो से घबराकर मरे हुए विषय- सेवन परतन्त्र होने से पीडित हो कर मरे हुए या हिरण के समान शब्दादि विषयो में लीन बनकर मरे हुए, निदान करके मरे हुए, (बाल तपस्वी आदि), भावशल्य को या मध्यवर्ती भल्लि आदि शल्य को निकाले बिना ही मरे हुए, पवत से गिरकर, या महापाषाण के गिरने से मरे हुए, वृक्ष से गिरकर या वृक्ष के गिरने से मरे हुए, निर्जल प्रदेश मे जा पडने वाले, पर्वत से झपापात करके मरने वाले, वृक्षो से झपापात करके मरने वाले, मरुभूमि की रेतो में गिरकर मरने वाले ।

जल में प्रवेश करके मरने वाले, अग्नि में प्रवेश करने वाले, विष भक्षण करने वाले, शस्त्र से अपने आप को विदा- रने वाले, गले में फासी लगाकर या तरुशाखादि आकाश में उछल कर मरने वाले, किसी के मरे हुए कलेवर में प्रवेश करके गृद्ध पक्षियो की चोचो से मरने वाले, जगल में और दुर्भिक्ष मे मरने वाले।

यदि ये व्यक्ति स क्लिष्ट परिणाम (=महा आर्त-रोद्रध्यान) वाले न हो तो काल के समय काल करके, वाणव्यतर के देवलोक में से किसी देवलोक मे देवरूप में उत्पन्न होते हैं। वहां

उनकी गति, स्थिति और उत्पत्ति कही गई है ? भन्ते ! वहा कितनी स्थिति है ? गौतम ! बारह हजार वर्ष की ।

भन्ते उन देवो के ऋद्धि पराक्रम है ?-हा है। भन्ते ! वे देव, परलोक के आराधक हैं ! यह आशय स गत नही है ?

ये जो ग्राम, आकर मे मनुष्य होते हैं यथा—स्वभाव से ही भद्र अर्थात् परोपकार करने वाले स्वभाव से ही शान्त, स्वभाव से ही क्षणिक या हलके क्रोध, मान माया और लोभवाले कोमल-अहङ्कार रहित स्वभाव वाले गुरुजनो (बडो) के आश्रित, विनीत, माता-पिता के सेवक, माता-पिता के वचनो का उल्लघन नही करने वाले अल्प इच्छावाले, अल्प आरम्भ (=कृषि आदिरूप पृथ्वी आदि जीवो का उपमर्दन वाले, अल्प परिग्रह (धन धान्यादि को स्वीकार वाले, अल्प आरम्भ (=जीवो का विनाश) अल्प समारभ (=जीवो को परितापित करना) और आरम्भ समारम्भ से जीविका उपार्जन करने वाले बहुत वर्षों की आयु व्यतीत करते है ।

आयुष्य व्यतीत करके काल के समय मे काल करके, वाणव्यतर के किसी देवलोक मे देवरूप से उत्पन्न होते हैं गौतम ! उनकी चौदह हजार वर्ष की स्थिति है।—ये जो ग्राम सन्निवेशो मे स्त्रियां होती है !

जैसे—जो अन्त पुर मे रहती हो, जिनके पति परदेश चले गये हों, जो बाल विधवा हो जिन्हे पतियों ने छोड दिया हो, जो माता-पिता या भाई से रक्षित हो जो कुलगृह (पीहर-नेहर, या श्वसुरकुल (सुसराल) से रक्षित हो !

(विशिष्ट सस्कार के अभाव के कारण); जिनके नख, केश और काख के बाल बढ गये हो, जो फूल गध माला और अलङ्कारो से दूर रहती हों, जो अस्नान, स्वेद, रज, मल और पङ्क (पसीने से गीले हुए मैल) से परितापित हो, जो दूध, मद्य और मास से रहित आहार का सेवन करती हो, जिनकी इच्छाए अल्प हों, जो अल्प हिंसावाली हो, जिनका परिग्रह (=धनादि का सचय या) स्वाकार) अल्प हो और जो हिंसा अल्प आरम्भ-समारम्भ से वृति (=आजीविका) करने वाली हो, ऐसी स्त्रिया अकाम (=निर्जरा की इच्छा के बिना) ब्रह्मचर्य के पालन से उसी पति की शय्या का अतिक्रमण नही करती हैं अर्थात् अकाम ब्रह्मचर्य का पालन करती हुई रहती है, किन्तु उपपति नही करती हैं। वे स्त्रिया इस प्रकार की चर्या से जीवन व्यतीत करती हुई शेष उसी तरह यावत् चौसठ हजार वर्ष की स्थिति है।

ये जो मनुष्य होते है। जैसे—उदकद्वितीय (=ओदन द्रव्य की अपेक्षा से दूसरा द्रव्य जल अर्थात् एक भात और दूसरा जल ऐसे दो द्रव्य के भोजी), उदकतृतीय (=ओदन आदि दो द्रव्य और तीसरा जल के भोजी), उदकसप्तम (=ओदन भात आदि छह द्रव्य और सातवें जल के भोजी), उदकएकादश (=भात आदि दस द्रव्य और ग्यारहवें जल के भोजी)।

यहा गौतम शब्द का अर्थ है बैल से आजीविका करने वाले), गोव्रतिक (=गाय से सम्बन्धित व्रतवाले), गृहधर्मी, धर्म-

चिन्तक (=धर्मशास्त्र पाठक), अविरुद्ध (=वैनयिक भक्ति-मार्गी), विरुद्ध (अक्रियावादी), वृद्धणवक (ब्राह्मण अथवा वृद्ध (तापस) और श्रावक (ब्राह्मण प्रभृति—

टिप्पण—पैरो मे पडने आद व विचित्र शिक्षा से शिक्षित ओर जन से चिताक्षेप में दक्ष, छोटे बैल के द्वारा भिक्षाटन करते वाले को 'गौतम कहते हैं।

गाय से सम्बन्धित व्रत के करने वाले को 'गोव्रतिक कहते हैं। वे गायो के ग्राम के बाहर निकलते हैं। चरने पर चरते हैं। पीने पर पीते हैं आने पर आते है सोने पर सोते हैं कहा है—

गृहस्थधर्म ही श्रेष्ठ है—ऐसा विचार करके देव, अतिथि आदि के लिये दानादि रूप गृहस्थधर्म का अनुमान करने वाले को 'गृहिधर्मी' कहते हैं ?

अविरुद्ध-वैनयिक (देवादि का विनय करने वाला)। कहा है —
अविरुद्धो विणयकरो, देवाईण पराय भतीए।

जह वेसियायणसुओ, एव अन्नेडवि नापव्वा वृद्ध अर्थात् तापस। बृद्धकाल (पुरातन काल मे) दीक्षा लेने के कारण और आदिदेव के काल में सकल लिगियों मे पहुले उत्पन्न-होने के कारण तापसो को 'वृद्ध' कहा गया है —

धर्म शास्त्र को श्रवण करने के कारण ब्राह्मणो को श्रावक

कहा गया है अथवा वृद्ध शब्द को श्रावक का विशेषण मान लिया जाता तो भी 'वुड्ढसावय' (=पुराने श्रावक) का अर्थ ब्राह्मण ही होगा।

उन मनुष्यों के ये नव विकृतिया खाने का कल्प नही है। यथा दूध, दही, मक्खन, घी, तेल गुड (=फाणित), मधु (शहद) मद्य (=शराब) और मांस । इन मे से एक सरसों का तेल छोड कर) वे मनुष्य अल्प इच्छा वाले शेष सब पूर्ववत् । केवल स्थिति चौरासी हजार वर्ष की है।

वे जो ये गङ्गा के किनारे रहने वाले वानप्रस्थ (वन-वासी) तापस होते हैं । जैसे-होत्रिक (अग्निहोत्र करने वाले), वस्त्रधारी, कौत्रिक—भूमिशायी (=भूमि पर सोने वाली), यज्ञयाजी (याज्ञिक =यज्ञ करने वाले), श्रद्धा करने वाले, पात्र रखने वाले या खप्परधारी कुण्डिकाधारी, फलभोजी, एक बार पानी मे डुबकी लगाकर स्नान करने वाले (=उन्मज्जक), सन्मज्जक (=उन्मज्जन) के बार बार करने से स्नान करने वाले), निमज्जक (=पानी में कुछ देर तक डूब कर स्नान करने वाले), संप्राक्षालक (=मिट्टी आदि के द्वारा रगड कर अंगों को धोने वाले)।

गंगा के दक्षिण के किनारे पर ही रहने वाले, गंगा के उत्तरी किनारे पर ही रहने वाले, शख धमाकर भोजन करने वाले, किनारे पर स्थित होकर शब्द करके भोजन करने वाले, मृगलुब्धक, हस्तितापस (=हाथी को मारकर, उसके भोजन से बहुत काल व्यतीत करने-वाले)

डण्डे को ऊचा रखकर फिरने वाले, दिशाओ की तरफ पानी छीट कर फूल फलादि चुनने वाले, वल्कलधारी (अम्बुवासी ? बिलवासी), वस्त्रधारी, जल मे ही रहने वाले, वृक्ष के मूल मे रहने वाले।

जलाभिसेयक ढिणगायमूपा—त्तिपा मात्र जलभक्षक, वायुभक्षक, शैवाल (=कोई=सेवार भक्षक, मूलाहारी, कदाहारी, त्वचा (=छाल) आहारी, पत्राहारी, पुष्पाहारी, बीजाहारी सडे हुए या गिरे हुये या किसी के द्वारा छोडे गये कद, मूल, छाल, पत्र, फूल और फल का आहार करने वाले, बिना स्नान किये भोजन नही करने वाले या स्नान के कारण सफेद बनी हुई देववाले (वृद्धा)'

ओर पञ्चाग्नि की आतापना के द्वारा अपने आपको अगारो से पका हुआ-सा करते हुए, बहुत वर्षों तक उस अवस्था को पालकरके काल के समय मे काल करके उत्कृष्ट रूप से ज्योतिषी देवों में देवरूप से उत्पन्न होते हैं। पल्योपम ओर एक लाख वर्ष अधिक की स्थिति . ये परलोक के आराधक नही हैं।

ये जो सन्निवेशो मे प्रवृजित श्रमण (=निर्ग्रन्थ) होते हैं। जैसे—हास—परिहास करने वाले (=कान्दर्पिक), भाड के समान चेष्टा को करते हुए स्वय हसकर दूसरो को हसाने वाले (=कौकू—चिक), ऊटपटाग वृथा बोलने वाले (=मौखरिक), गीत के साथ रमणक्रीडा जिसे प्रिय हो या गीत रतिवाले लोक जिसे प्रिय हो

ऐसे श्रमण (=गीतरति प्रिय) और अस्थिर शीलाचार वाले या नर्तनशील। वे ऐसी चर्या से काल व्यतीत करते हुए, बहुत वर्षों तक श्रामण्यपर्याय को पालते हैं।

उस स्थान की (=अतिचार-दोष सेवन की) आलोचना प्रतिक्रमण (=उनको दोष रूप से मानकर पश्चाताप) किये बिना ही, काल के समय मे काल करके, उत्कृष्ट सौधर्म-कल्प(=पहले देवलोक) में कान्दर्पिक देवों मे उत्पन्न होते हैं। एक लाख वर्ष अधिक एव पल्योपम की स्थिति होती है।

ये जो सन्निवेसो में परिव्राजक होते हैं। यथा-साख्य (=बुद्धि—अहङ्कारादि तत्वों का मनने वाले और प्रकृति और पुरुष दोनो को जगत्कारण मानने वाले) योगी (=अध्यात्म शास्त्र के अनुयायी कपिल) (=निरीश्वर सांख्य, भार्गव)

टिप्पण—साख्य और योगियो का तत्त्वज्ञान समान है। अन्तर केवल इतना ही है कि साख्य तत्त्वज्ञान पर अधिक जोर देते हैं और योगी अनुष्ठान पर। साख्य को कुछ लोग निरीश्वरवादी मानते हैं तो कुछ लोग ईश्वरवादी। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उनमे दोनो प्रकार के मतवादी थे। जो निरीश्वरवादी थे वे कपिल कहलाते थे।

जो सृष्टि के कारण रूप से अनादि से निर्लिप्त पुरुष विशेष को मानते हैं। वे ईश्वरवादी और सृष्टिकर्त्ता रूप से ईश्वर को मानने से इन्कार करते हैं वे निरीश्वरवादी कहलाते हैं।

भृगुऋषि के शिष्य भार्गव कहलाते हैं। (चार प्रकार के परिव्राजक यति) हंस (=पर्वत की गुफा, आश्रम, देवकुल आदि में रहने वाले और भिक्षार्थ ग्राम में प्रवेश करने वाले परिव्राजक), परमहंस (=वे परिव्राजक यति जो नदी के पुलिनो (=किनारो पर या समागम प्रदेशो मे रहते हो और चीर कौपीन और कुश का त्याग करके प्राण छोडते हो), बहूदक (गाव मे एक रात्रि और नगर मे पाच रात तक वास करते हुए, अपने योग्य प्राप्त सामग्री का उपयोग करते हुए, विचरण करने वाले परिव्राजक यति), कुटीचर (=वे जो घर मे रहते हुए क्रोध, लोभ और मोह से दूर रह कर, अहङ्कार का त्याग करते हैं। और कृष्ण परिव्राजक (=नारायण भक्त परिव्राजक विशेष)

उन (परिव्राजको) मे ये आठ (जाति के) ब्राह्मण परिव्राजक होते हैं। यथा—१ कृष्ण २ करकण्ड, ३ अम्बड, ४ पाराशर ५ कृष्ण, ६ द्वीपायन, ७ देवगुप्त और ८ नारद। उनमें ये आठ क्षत्रिय परिव्राजक होते हैं। यथा =१ सलिई (=शलिजित्) २ ससिहार (=शीशधर) ३ नग्गई, ४ भग्गई, ५ विदेह ६ रायाराय, ७ रायाराम और ८ बल।

टिप्पण :—इन सोलह जाति के परिव्राजको का वर्णन कही देखने मे नही आया। टीकाकार ने भी 'लोकतोऽवसेया' कहकर व्याख्या नही की है।

वे परिव्राजक ऋजु यजु साम, अथर्वण पाचवां इतिहास (-पुराण) और छट्ठे निघण्टु (नाम कोश) रूप अंगोपांग और

रहस्य सहित चारो वेदों के सारग (अध्यापन के द्वारा प्रवर्तक या दूसरो को याद करवाने के कारण स्मारक), पारग (अन्त तक पहुचने वाले) और धारग (धारण करने में समर्थ) थे (क्वचित् वारग=भ्रष्ट उच्चारण आदि के वारक)

शिक्षा (=अक्षर-स्वरूप निरूपकशास्त्र कल्प (=तथा), विध आचार निरूपक शास्त्र), व्याकरण, छन्द, निरुक्त (=शब्दो की निरूक्ति व प्रतिपादक शास्त्र) और ज्योतिष शास्त्राह्न दो के छह अगो के ज्ञाता (सखागविन्द्र षष्ठितन्त्र (=कापिलीय तन्त्र) के पण्डित और गणित (=मखांण) तथा ओर भी वेद के व्याख्यान रूप ब्राह्मण सम्बन्धी शास्त्रों मे पूर्ण रूप से निष्णात् थे ।

वे परिव्राजक दानधम शौचधर्म, (=स्वच्छता रूप धर्म और तीर्थाभिषेक (=तीर्थस्नान का कथन करते हुए, समझाते हुए प्रतिपादन करते हुए विचरते थे ।

'जो हमे किञ्चित् भी अशुचि होती है तो उसे जल और मिट्टी से धोकर पवित्र हो जाते हैं इस प्रकार हम स्वच्छ (=विमल देह और वेशवाले) और स्वच्छ (विमल) आचार वाले—शुचि (=पवित्र) और शुचि आचार वाले होकर जल द्वारा अभिसेक (=स्नान) से पवित्र आत्मा बनकर, निर्विघ्न स्वर्ग में जायेंगे ।'

उन परिव्राजकों का मार्ग मे गमन के सिवाय कूप, तालाब,

नदी, बावडी, पुष्करणी (=कमलों से भरा हुआ मालेघातव ध जलाशय) दीर्घिका (=सारणी) गुञ्जलिका (=एक तरह की बावडी =वक्रसारणी) सर और सागर में प्रवेश करने का कल्प नही है ।

कल्प (आचर) नही हैं—गाडी यावत् डोली मे—चढकर चलने का ।

उन परिव्राजको का कल्प नही है—घोडे, हाथी, ऊट, बैल भैसे और गधे पर सवार होकर चलने का।

उन का कल्प नही है, नटप्रेक्षा (=नट के अभिनय) मागध प्रेक्षा देखने का ।

उनका कल्प नही है । वनस्पति को परस्पर मिलाने या मसलने, इकट्ठी करने, ऊचो करने और उखाडने का। उन का कल्प नही है—स्त्रीकथा, भातकथा, देशकथा, राजकथा और चोरकथा—जिनसे कि स्वपर को क्लेश हो ऐसी निरर्थक कथाएं करने का तुम्बे, लकडी और मिट्टी के पात्रो के सिवाए, लोहे, त्रपुक (=कथाए), ताम्र, जसद, शीशे, चादी और सोने के पात्र रखने का कल्प नही है ।

जाव करण से निम्न विशेषण—वाले पात्र ग्रहण किए गए हैं—"त्रपुकसीसकरजतजात रूप कायवेड्रिनयवृत—लोहकसलोहहा—पुट करीरिका मणिशखदतचर्मशैलशब्द विशेषितानि पात्राणि दृश्याणि ।'

जातरूप=स्वर्ण । वृतलोह=त्रिकुठी। कललोह=कांसा । हारपुटक =मोती के सीप के पुट। रीतिका=पीतल ।

उनके लोहे के वन्धन, कथीर के वन्धन, ताम्बे के बन्धन यावत् किसी भी प्रकार के बहुमूल्य बन्धनवाले (पात्र रखना नही कल्पता है।

गेरूए रंग से रंगे हुए (=धातुरत्त) वस्त्र के सिवाय=दूसरे नाना प्रकार के रंगो से रंगे हुए वस्त्र धारण करने का कल्प नही है।

एक ताम्बे की पवित्रक (=अंगूठी) के सिवाय, अन्य हार, अर्द्धहार, एकावली, मुक्तावली कनकावली, रत्नावली, मुरवि, कंठ-मुखी (=कंठला) प्रालम्ब (=लम्बी माला), त्रिसरक, कटिसूत्र, दस अंगुठिया, कटक, त्रुटित, अंगद, केयूर, कुण्डल या चूडामणि (=मुकुट) पहनने का कल्प नही है ।

एक कर्णपूरक (=फूलो का कान का आभरण) के सिवाय, अन्य ग्रन्थिम (=गून्थी हुई) वेष्टिम (=लपेटने से बनी हुई है), पूरिम (=वंशशलाका—जाल) के पूरणमय या पूरने से बनी हुई और संघातिम (=संघात से बनी हुई= नाल में नाल उलझाने से बनी हुई) इन चार तरह की मालाओ को धारण करने का कल्प नही है । एक मात्र गंगा की मिट्टी के सिवाय, अगरू चन्दन अथवा कुंकुम से शरीर को लिप्त करनेका कल्प नही है उनको एक मागध प्रस्थक जल ग्रहण करना कल्पता

है वह भी बहता हुआ, बधा हुआ नही । निर्मलभूमि का जल, नीचे कीचड जमा हुआ, बिना छना हुआ नही दिया हुआ, अदत्त नही । =पीने के लिए ही, किन्तु हाथ, पैर, चरू, चमस, (= लकडी का चम्मच— दर्विका) धोने के लिये या स्नान करने के लिए नही।

टिप्पण—जैसे आजकल बगाली तोल आदि तोल प्रसिद्ध है। वैसे ही पहले मागधादि तोल प्रसिद्ध । मागधप्रस्थक का उल्लेख उपर्युक्त सूत्र मे हुआ है । वह प्रमाण इस प्रकार है।

उन परिव्राजको के आधा मागध आढक जल लेने का कल्प है । वह भी बहता हुआ, बधा हुआ नही यावत् अदत्त नही.. हाथ, पैर, चरु चमस को धोने के लिए, पीने और स्नान के लिए नही ।

वे परिव्राजक इस तरह की चर्या से रहते हुए, बहुत वर्षों तक उस अवस्था को धारण करते हैं। फिर काल के समय में काल करके, ब्रह्मलोक कल्प (=पाचवें स्वर्ग) में देव रूप से उत्पन्न होते है । उनकी दस सागरोपम की स्थिति है । शेष उसी प्रकार ।

वे जो ग्राम ॰ में प्रव्रजित श्रमण होते है। जैसे—आचार्य के प्रत्यनीक (विरोधी), उपाध्याय के प्रत्यनीक, कुल के प्रत्यनीक और गण के प्रत्यनीक, आचार्य-उपाध्याय का अपयश करने वाले और अनादर करने वाले ।

वे (=आचार्यादि के विरोधी) असद्भाव के आरोपण अथवा उत्पादन और मिथ्याभिनिवेश के द्वारा अपने को, दूसरों को और स्वपर को बुरी बात की पकड-असत्य हठाग्रह मे लगाते हुए-असद्भाव (=अनहोनी बातें) का आरोपण-कल्पना मे मजबूत बनाते हुए, विचरण करके, बहुत वर्षों तक श्रमण पर्याय का पालन करते हैं। उन दोषो का आलोचन—प्रतिक्रमण किये बिना ही, काल के समय में काल करके, उत्कृष्ट लान्तक कल्प (छटठे स्वर्ग) में देवकिल्विषिको (=चाण्डाल तुल्य देवो) मे किल्विषिक (=साफ-सफाई करने वाले) देव रूप से उत्पन्न होते है। स्थिति तेरह सागरोपम की . परलोक के आराधक नही। शेष पूर्ववत्।

ये जो सज्ञी (=मनवाले) पञ्चेन्द्रिय (=पाचो इन्द्रियो वाले) तियञ्च योनिक (=पशु आदि) पर्याप्तक होते हैं। जैसे जलचर, नभचर और स्थलचर।

उनमें से कई जीवों को, शुभ परिणाम, प्रशस्त अध्यव-साय और विशुद्ध लेश्या से तदावरणीय (=पूर्वजन्म की स्मृति के आवारक) कर्मो का क्षयोपशम होने से, पदार्थो को जानने मे प्रवृत्त हुई बुद्धि और पदार्थों का निश्चयात्मक ज्ञान कराने वाली बुद्धि के द्वारा वस्तु के स्वकीय धर्मो के अस्तित्व और परकीय धर्मो के नास्तित्त्व रूप हेतु से, वस्तुतत्त्व का निर्णय करते हुए, मनवाले जीव के रूप मे किये हुए पहले के भवो की स्मृति रूप जातिस्मरण पैदा होता है।

तब जातिस्मरण ज्ञान के पैदा होने पर, स्वय ही पाच अणुव्रतो (=पूर्ण साधना की अनुगमन करने वाले व्रत) को स्वीकार करते है। बहुत—से शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान और पोषधोपवास से आत्मा को भावित करते हुए, बहुत वर्षों की आयुष्य पाते हैं।

भक्त का प्रत्याख्यान करते हैं। बहुत-से भोजन के समयो को बिना खाये पीये ही काटते हैं। दोषो की आलोचना करके, उनसे परे होते है। समाधि को प्राप्त करते हैं और काल के समय मे काल करके, उत्कृष्ट सहस्रारकल्प (=आठवें स्वर्ग) मे देव रूप से उत्पन्न होते हैं। अठारह सागरोपम की स्थिति। परलोक के आराधक। शेष पूर्ववत्।

ये जो ग्राम में आजीविका (=नियतिवादी) होते हैं। जैसे-एक घर से भिक्षा लेकर बीच में दो घरों—को छोड कर भिक्षा लेने वाले, तीन घर के अन्तर मे भिक्षा लेने वाले सात घर के अन्तर से भिक्षा लेने वाले नियम विशेष से कमल डठल की भिक्षा लेने वाले प्रत्येक घर पर भिक्षाटन करने वाले, बिजली चमकने पर भिक्षा ग्रहण नहीं करने वाले और मिट्टी के बडे भाजन में प्रविष्ट होकर तप करने वाले।

वे इस प्रकार की चर्या से बहुत वर्षों की पर्याय अवस्था को पालकर, काल के समय मे काल करके, उत्कृष्ट अच्युत कल्प (=बारहवें स्वर्ग) में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। बावीस सागरोपम की स्थिति परलोक के अनाराधक। शेष

पूर्ववत् । ये जो ग्राम मे प्रव्रजित श्रमण होते हैं । जैसे- आत्मोत्कर्षिक (अपना ही उत्कर्ष बतलाने वाले) (=वरादि से पीडितो को उपद्रव से रक्षा के लिये भूति=भभूत भस्म देने वाले) और बार बार कौतुक (=सौभाग्यादि के निमित्त की जानेवाली क्रिया विशेष) करने-कराने वाले।

वे इस चर्या से विचरते हुए बहुत वर्षों की श्रमण अवस्था को पालते हैं। उन दोष-स्थानो की आलोचना-प्रतिक्रमण किये बिना ही, काल के समय मे काल करके, उत्कृष्ट अच्युत-कल्प मे अभियोगिक (=सेवक जाति) देवो मे उत्पन्न होते हैं। बाईस सागरोपम की स्थिति परलोक के अनाराधक। शेष पूर्ववत्।

टिप्पण—उन श्रमणो के देवत्व का कारण चरित्र है और सेवकता का कारण आत्मोत्कर्ष है।

ये जो ग्राम मे निह्नव (=जिनोक्त अर्थ के अप-लापक) होते हैं। जैसे—१ बहुरत (अनेक समयो के द्वारा ही कार्य की निष्पत्ति माननेवाले) २ जीवप्रादेशिक (=एक प्रदेश भी न्यून हो वह जीव नही होता है अत जिस एक-प्रदेश को पूर्णता से जीव, जीव रूप से माना जाता है, वही एक-प्रदेश जीव है ऐसा मानने वाले), ३ अव्यक्तिक (=समस्त जगत् अव्यक्त है ऐसा मत मानने वाले) ४ सामुच्छेदिक (नारकादि भावो का प्रति क्षण क्षय होता है—ऐसे मत को मानने वाले), ५ द्वैक्रिया

(=एक समय में दो क्रिया का अनुभव होना मानने वाले), ६ त्रैराशिक (—जीव, अजीव और नोजीव रूप तीन राशियो के मानने वाले) और ७ अवद्दिक (= जीव कर्म मे अहिकचुकिवत् स्पृष्ट है क्षीर-नीरवत् बन्द वही—ऐसे मत के मानने वाले)।

ये सात प्रवचन के उपलापक, चर्या और लिंग की अपेक्षा से साधुके तुल्य—किन्तु मिथ्या दृष्टि बहुत-से असद्भाव के उत्पादन और मिथ्यातव के अभिनिवेश के द्वारा स्वय को दूसरो को और स्वपर को झूठे आग्रह मे लगाते हुए असत् आशय में दृढ बनाते हुए, बहुत वर्षो तक साधु अवस्था में रहते हैं।

फिर काल के समय में—काल करके, उत्कृष्ट ऊपरी ग्रंवेयक में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। एकतीस सागरोपम की स्थिति । परलोकके अनाराधक। शेष पूर्वमत् ।

टिप्पण—ये निह्नववाद क्रमशः जमालि, तिष्यगुप्त आषाढा-चार्य के शिष्य, अश्वमित्र, गगाचार्य, रोहगुप्त और गोष्ठीमाहिल से उत्पन्न हुए थे । जामालि को छोड कर शेष निह्लवो का अविर्भाव भगवान् महावीर स्वामि के निर्वाण के पश्चात् हुआ था। निह्लवों की क्रिया आदि जिनशासन के अनुसार ही होती हैं। किन्तु सिद्धान्त के किसी एकदेश को लेकर वे हठाग्राही—मिथ्य-भिनिवेशी बन जाते हैं । ये जो ग्राम में मनुष्य होते हैं। जैसे अल्प हिंसक, अल्प परिग्रही, धार्मिक (=श्रुतचरित्त रूप धर्म के धारक), धर्मानुराग (=धर्म का अनुसरण करने वाले), धर्मेष्ट

धर्म को ही इष्ट माननेवाले,) धर्माख्यायी (=भव्यों के लिये धर्म का कथन करने वाले) धर्मप्रलोकी (=धर्म को उपदेय मानने वाले), धर्मप्ररञ्जन (=धर्म के रग में रगे हुए) धर्म समुदाचार (=धर्म रूप सदाचारवाले), श्रुत या चरित्त धम से अविरुद्ध भाव के द्वारा आजीविका का उपार्जन करने वाले, सुशील सुव्रत (=सद्‌व्रती) और सुप्रत्यानन्द (=शुभभाव के सेवन में सदा प्रसन्न चित्त रहने वाले)।

वे साधुओं के पास मे अशत प्राणातिपात से क्रिया हटाते हैं, जीवन भर के लिये—अशत क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, परपरिवाद, अरतिरति मायामृषा और मिथ्यादर्शनशल्य से मन, वचन और काया की क्रिया हटाते (=प्रतिविरत=योगानिवृत) हैं। जीवन भर के लिए और अशत नही हटाते हैं।

मिथ्यादर्शन से जन्य अन्य पथिको के प्रति वन्दनादि की क्रिया उससे भाव से तो विरत हैं किन्तु राजाभियोगादि के कारण अविरत हैं।—टी०) वस्तुत देखा जाय तो श्रमणोपासक त्याग की दृष्टि से तो सभी सावद्यादि क्रियाओ को त्याज्य ही समझता है। किन्तु निवृत होने मे शक्त्यानुसार ही प्रवृत होता है।

अपनी अशत अनिवृति मे, वह स्वकीय आत्मिक दुर्बलता का ही दर्शन करता है अर्थात् दृष्टि मे तो पूर्णत विशुद्धि है, किन्तु प्रवृत्ति में नहीं। अंशत क्रिया—निवत्ति में भी यही दृष्टि—

विशुद्धि कार्य कर रही है जो सूत्रकार ने 'विरया' शब्द के स्थान पर 'पडिविरया' शब्द का प्रयोग किया है, इसमे यही रहस्य प्रतीत होता है।

अंशत आरम्भ-समारम्भ से जीवनभर के लिए क्रिया निवृत होते हैं और अशत अनिवृत। अशत' करने-कराने से पचन-पचावन से निवृत होते हैं। जीवनभर के लिए और अशत अनिवृत।

अशत कुट्टन (खदिरादि) के समान छेद विशेष करना) पिट्टन (=मुद्गरादि से पीटना तर्जन (=उपालभ देना), ताडन चपेटादि से मारना) वध (मारना) बन्ध (रस्सा आदि से बाधना) और परिक्लेश (=बाधा उत्पादन) से जीवन भर के लिए और स्नान, मर्दन, वएकि, विलेपन, शब्द स्पर्श, रस रूप, गध, माल्य और अलङ्कार मे जीवन भर के लिए निवृत और अशत अनिवृत हैं।

और भी इसी प्रकार निन्दय—पापात्मक क्रिया से युक्त (=सावद्ययोग) और कूड-कपट के प्रयोजन से युक्त (=औप-धिक कर्मांश व्यापार—जो दूसरो के प्राणों को कष्टकर हो करते हैं, उनसे—यावत् अशत अनिवृत हैं। जैसे कि श्रमणोपासक होते हैं।

वे जीव और अजीव के स्वरूप को अनेक दृष्टियो से समझते हुए, पुण्य और पाप के अन्तर—रहस्य को पूर्णत। पाये

हुए और आश्रव (=आत्मा मे कर्म आगमन के मार्ग सवर (=कर्म प्रवाह को रोकने के उपाय निर्जरा (देशत कर्मक्षय, क्रिया (शरीरादि की प्रवृत्तिया प्रवृति से अनिवृत्ति) अधिकरण (—ससार के आधार या खड्गादि का निर्वर्तन सयोजन), बन्ध (—जड चेतन के मिश्रण की प्रक्रिया) और मोक्ष (—चेतन से जड का वियोग समस्त कर्मों का क्षय) मे कुशल होते हैं ।

वे देव (—वैमानिक देव), असुर नागकुमार (—भवनपति जाति के देव सुवर्ण (ज्योतिष्क देव) गरुड (—सुवर्णकुमार) गन्धर्व महोरग —व्यन्तर देव विशेष आदि देवगणो के द्वारा निर्ग्रन्थ— प्रवचन से विचलित नही होते हैं ।

वे निर्ग्रन्थ—प्रवचन मे नि शङ्कित, अन्य दर्शन के पक्षपात से मुक्त और फल के प्रति सदेह रहित होते हैं । वे लब्धार्थ (— अर्थ को पाये हुए), गृहीतार्थ (अर्थ को धारे हुए दृष्टार्थ (= प्रश्न पूछ कर अर्थ को जाने हुए), अभिगतार्थ (=अर्थ को अनेक दृष्टियों से जाने हुए) और विनिश्चितार्थ (अर्थ मे पूर्णत निश्च-यात्मक बुद्धि रखने वाले होते हैं । उनकी अस्थि मज्जा तक निर्ग्रन्थ—प्रवचन के प्रेमानुराग से रगी होती हैं ।'(यह उनका अन्तर्घोष है कि-—) "आयुष्यमान् ! यह जड-चेतन की ग्रन्थियो को खोलने वाला प्रवचन ही अर्थ (सार जीवन लक्ष्य या साधक है यही परमार्थ (चरम सत्य उपकार परायण है और शेष (सुख-कार लगने वाले पदार्थ उनको पाने की साधना कुप्रवचन आदि अनर्थ (—व्यर्थ या हानिकार हैं ।)"

टिप्पण—मार्ग की सत्यता का सन्देह, अन्य मार्ग का आकर्षण और कार्य की सफलता मे डगमगाता हुआ विश्वास साधना के नाशक और अवरोधक हैं । मार्ग की सत्यता की प्रतीति, अन्यत्र आकर्षण का अभाव और उसकी सफलता का दृढ निर्णय साधना के उत्पादक, प्रेरक और पोषक हैं ।

लब्धादि पदों के द्वारा बुद्धि के विविध रूपो का निर्देश किया गया है । बुद्धि के सग्राहात्मक, धारणात्मक, जिज्ञासात्मक प्रदेशात्मक और व्यवसायात्मक कार्य का वर्णन है । बुद्धि के इन विविध रूपो से क्रियाशील होने पर ही साधना मे सच्ची प्रीति और मुस्तदी की प्राप्ति हो सकती है ।

' निर्ग्रन्थ प्रवचन ही अर्थ है, परमार्थ है, शेष अनर्थ है' यह अन्तर्जल्प ही साधना की रीढ का कार्य करता है। वे अन्य को प्रेरित करने के लिए भी यही उद्घोष करते हैं।

वे उन्नत स्फटिक के समान निर्मल चित्त वाले और कपाट से द्वार को बन्द नही रखने वाले (अर्थात् सदर्शन के लाभ के कारण कही भी पाखण्डियों से नही डरने वाले, शोभनमार्ग के परिग्रहण के कारण निर्भय) होते हैं । लोगो के अन्तपुर गृह या द्वार में उनका प्रवेश प्रीतिकार होता है अर्थात् अति-धार्मिकता के कारण सर्वत्र अनाशङ्कनीय होते हैं । वे चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या और पूर्णिमा के दिन प्रतिपूर्ण पौषध (—आत्मा की, पुष्टि के लिए आहार, आदि चार तरह के त्याग की एक

दिन-रात की साधना) का विशेष शुद्धिपूर्वक पुन पुन पालन करते हुए, श्रमण-निर्ग्रन्थ के लिए निर्दोष और ग्रहण करने योग्य अशन, पान, खादिम, स्वादिम, वस्त्र, पात्र, कम्बल, रजोहरण, ओषध; (—एक द्रव्याश्रित वस्तु अथवा त्रिफलादि दवा), भैषज्य (अनेक द्रव्यो की समुदाय रूप वस्तु अथवा पथ्य), काम हो जाने पर पुन. लौटा दिया जाने योग्य (—पडिहारिय) आसन, पाट निवास स्थान और सस्तारक को प्रतिलाभित करते (—देते हुए विचरण करते हैं ।)

टिप्पण—'ऊसिय-पवेसी' इन तीन पदो का उपर्युक्त अर्थ वृद्ध व्याख्या के अनुसार है । अन्य व्याख्या-'ऊसिय' ...अर्गला से रहित गृहद्वार वाले अर्थात् अतिशय दानी होने के कारण भिक्षुओ के प्रवेश में कोई रुकावट नही था । 'अवगुय=औदार्य के कारण उनके घर के द्वार सदा खुले थे । 'चियत्त' .. अन्तपुर या गृह में मुख्य द्वार से शिष्टजनो का प्रवेश उन्हें अप्रीतिकर नही था अर्थात् उनमें ईर्ष्या का अभाव था ।

फिर आहारादि का त्याग करते हैं । बहुत से भोजन के समयो को बिना खाये पीये काटते हैं । आलोचना प्रतिक्रमण करके, समाधि को प्राप्त होते हैं । काल के समय मे काल करके, उत्कृष्ट अच्युत कल्प (=बारहवे स्वर्ग) मे देवरूप उत्पन्न होते हैं । बाइस सागरोपम की स्थिति । आराधक शेष पूर्ववत् ।

ये जो ग्राम—नगर .में मनुष्य होते हैं ।, जैसे—अहिंसक

टिप्पण—मार्ग की सत्यता का सन्देह, अन्य मार्ग का आकर्षण और कार्य की सफलता मे डगमगाता हुआ विश्वास साधना के नाशक और अवरोधक हैं। मार्ग की सत्यता की प्रतीति, अन्यत्र आकर्षण का अभाव और उसकी सफलता का दृढ निर्णय साधना के उत्पादक, प्रेरक और पोषक हैं।

लब्धादि पदों के द्वारा बुद्धि के विविध रूपो का निर्देश किया गया है। बुद्धि के सग्राहात्मक, धारणात्मक, जिज्ञासात्मक प्रदेशात्मक और व्यवसायात्मक कार्य का वर्णन है। बुद्धि के इन विविध रूपो से क्रिया शील होने पर ही साधना मे सच्ची प्रीति और मुस्तदी की प्राप्ति हो सकती है।

'निर्ग्रन्थ प्रवचन ही अर्थ है, परमार्थ है, शेष अनर्थ है' यह अन्तर्जल्प ही साधना की रीढ का कार्य करता है। वे अन्य को प्रेरित करने के लिए भी यही उद्घोष करते हैं।

वे उन्नत स्फटिक के समान निर्मल चित्त वाले और कपाट से द्वार को बन्द नही रखने वाले (अर्थात् सदर्शन के लाभ के कारण कहीं भी पाखण्डियों से नही डरने वाले, शोभनमार्ग के परिग्रहण के कारण निर्भय) होते हैं। लोगो के अन्त पुर गृह या द्वार में उनका प्रवेश प्रीतिकार होता है अर्थात् अति-धार्मिकता के कारण सर्वत्र अनाशङ्कनीय होते हैं। वे चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या और पूर्णिमा के दिन प्रतिपूर्ण पौषध (—आत्मा की, पुष्टि के लिए आहार, आदि चार तरह के त्याग की एक

दिन-रात की साधना) का विशेष शुद्धिपूर्वक पुन पुन पालन करते हुए, श्रमण-निर्ग्रन्थ के लिए निर्दोष और ग्रहण करने योग्य अशन, पान, खादिम, स्वादिम, वस्त्र, पात्र, कम्बल, रजोहरण, औषध; (—एक द्रव्याश्रित वस्तु अथवा त्रिफलादि दवा), भेषज्य (अनेक द्रव्यो की समुदाय रूप वस्तु अथवा पथ्य), काम हो जाने पर पुन लौटा दिया जाने योग्य (—पडिहारिय) आसन, पाट निवास स्थान और सस्तारक को प्रतिलाभित करते (—देते हुए विचरण करते हैं ।)

टिप्पण—'ऊसिय-पवेसी' इन तीन पदो का उपर्युक्त अर्थ वृद्ध व्याख्या के अनुसार है । अन्य व्याख्या-'ऊसिय' ...अर्गला से रहित गृहद्वार वाले अर्थात् अतिशय दानी होने के कारण भिक्षुओ के प्रवेश मे कोई रुकावट नही था । 'अवगुय=औदार्य के कारण उनके घर के द्वार सदा खुले थे । 'चियत्त' . अन्त पुर या गृह मे मुख्य द्वार से शिष्टजनो का प्रवेश उन्हे अप्रीतिकर नही था अर्थात् उनमें ईर्ष्या का अभाव था ।

फिर आहारादि का त्याग करते हैं । बहुत से भोजन के समयो को बिना खाये पीये काटते हैं । . आलोचना प्रतिक्रमण करके, समाधि को प्राप्त होते हैं । काल के समय मे काल करके, उत्कृष्ट अच्युत कल्प (=बारहवे स्वर्ग) मे देवरूप उत्पन्न होते हैं । बाइस सागरोपम की स्थिति । आराधक शेष पूर्ववत् ।

ये जो ग्राम—नगर ....में मनुष्य होते हैं । जैसे-अहिंसक

अपरिग्रही, श्रुतचारित्रधर्म के धारक—यावत् धर्मानुसार ही वृत्ति करने वाले, सुन्दर शील वाले, सद्व्रती, शुभभाव के सेवन मे सदा प्रसन्न-उत्साह युक्त, साधु (आत्मभाव की साधना मे तल्लीन) जो सम्पूर्णत प्राणातिपात से अपनी क्रिया निवृत कर चुके हैं

यावत् सम्पूर्णत परिग्रह सर्वत क्रोध, मान, माया, लोभ मिथ्यादर्शन शल्य से मन, वचन और काया की क्रिया को हटा चुके हैं।

सर्वत हिंसा से दूसरो को पीडित करने से करने-कराने से पचन-पचावन (=पकाने पकवाने से कूटने-पीटने तिरस्कार करने मार मारने, वध करने, बाँधने और दुखित करने या बाधा उत्पन्न करने से सर्वत स्नान मर्दन, वर्णक (=उबटन), विलेपन, शब्द, स्पर्श रस, रूप, गध, माल्य और अलङ्कार से निवृत हो चुके हैं। और भी जो प्राप्त होने वाले इसी प्रकार के दूसरो के प्राणो को परितप्त करने वाली पाप क्रिया से युक्त और कूड कपटादि आवेश से अन्य कर्माशो को करते हैं। उनसे भी वे जीवन भर के लिए निवत होते हैं।

जैसे कि कोई—यथा नामक (अनगार होते हैं चलने फिरने मे, भाषा मे यत्नावान यावत् निर्ग्रन्थ—प्रवचन को ही सन्मुख रखते हुए या दृष्टि के आगे रखकर विचरण करते हैं। इस प्रकार की चर्या से विचरण करते हुए उन भगवन्तो मे से कुछ को अनन्त श्रेष्ठ केवल ज्ञान् और केवल दर्शन उत्पन्न होता है।

वे बहुत वर्षों तक केवली अवस्था मे विचरण करते हैं। फिर भात-पानी का त्याग करते हैं। बहुत से भोजन के समयो को निराहार काट देते हैं फिर वे जिस अर्थ के लिये देह के साज-सँवार से विरक्त बने थे-यावत् उस अर्थ को पाकर सब दु खो को नष्ट कर देते हैं।

और कइयो को केवलज्ञान-केवल दर्शन उत्पन्न नही होता है वे बहुत वर्षों तक छद्मस्थ कर्मावरण से युक्त अवस्था मे विचरण करते हैं। फिर किसी रोगादि बाधा के उत्पन्न होने या नही होने पर भात-पानी को त्याग देते हैं।

बहुत से भोजन के समयो को निराहार, बिताकर जिस ध्येय से धारण किया था नग्न भाव उस ध्येय की आराधना करके, अन्तिम श्वास नि श्वास मे अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात निरावरण कृत्स्न और प्रतिपूर्ण केवल ज्ञान और केवल दर्शन को प्राप्त करते हैं। उनके बाद सिद्ध होगे. यावत् दुखो का नाश करेंगे।

पुन कोई एक (भविष्य) मे एक ही मनुष्य देह को धारण करने वाले, अनुष्ठान विशेष का सेवन करने वाले या भय से बचाने वाले, क्षीण होते हुए कर्मो में से शेष रहे हुए कर्मों के कारण, उत्कृष्ट सर्वार्थसिद्ध महाविमान मे देवरूप से उत्पन्न होते हैं वहा उनकी तैतीस सागरोपम का स्थिति है। वे आराधक हैं शेष पूर्ववत्।

ये जा ग्राम . मे मनुष्य होते है जैसे समस्त शब्दादि विषयो से निवृत या उनमे उत्सुकता से रहित, विषयाभिमुखता के कारणरूप समस्त आत्म-परिणाम विशेष से निवृत, सभी जगत् सम्बन्धो से परे रहे हुए, सम्बन्धो से हेतुरूप समस्त स्नेह के त्यागी, क्रोध को विफल करने वाले क्रोध का उदय ही नही होने देनेवाले, क्रोध को क्षीण कर देने वाले. .. इसी प्रकार मानादि को भी इसी अवस्था मे पहुचा देनेवाले, क्रमश आठ कर्म प्रकृतियो को क्षय करके ऊपर लोकाग्र पर स्थित होते हैं।

समाप्त